✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 85 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, गुरुवार, 21 अगस्त 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



आरा में घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार आवास सहायक मनीष कुमार (बीच में)

## संक्षिप्त समाचार

### घर में अकेली सो रही महिला की हत्या

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** तुरकौलिया थाना क्षेत्र के निमोइया मोड़ के समीप घर में अकेली पाकर एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला को गोली देर रात एक से दो बजे के आसपास मारी गई है, जबकि इसकी सूचना ग्रामीणों को अहले सुबह छह से सात बजे के बीच लगी है। मृतका की पहचान चंदा देवी पति उमाशंकर प्रसाद के रूप में की गई है। मौके पर पहुंचकर पुलिस तहकीकात में कर रही है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कुदरा थाना क्षेत्र के गोलौडीह गांव में एक विवाहिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान आलोक कुमार की पत्नी रागिनी देवी के रूप में हुई है। बीती रात रागिनी ने परिवार को खाना खिलाने के बाद कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। रात करीब 2 बजे उसके 9 माह के बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजन जागे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**गोपालगंज (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। पूरब टोला कररिया गांव में एक चिमनी भट्ठे के पास पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान सिपाही लाल प्रसाद का बेटा राजन कुमार (5) और बेटी सिंपल कुमारी (7) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही युवती की मौत

**सिवान(नबिटा ब्यूरो)।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बेलवार मोड़ के समीप बुधवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवती संध्या कुमारी की मौत हो गई। संध्या मुरारपट्टी गांव निवासी रविन्द्र चौहान की पुत्री थीं और बिहार पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार सुबह संध्या रोज़ की तरह दौड़कर बेलवार गांव की ओर से लौट रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि संध्या की मौके पर ही मौत हो गई।

### कर्मनाशा नदी में डूबा युवक, तलाश जारी

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** राजपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। सोनपा गांव निवासी शिव शंकर राम के पुत्र अनीश कुमार नहाने के दौरान कर्मनाशा नदी में डूब गया। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही राजपुर थाना अध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

#### मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के खाते में भेजी राहत राशि

# राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार : नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से बाढ़ प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से राहत राशि का भुगतान शुरू किया। इसके तहत 12 जिलों के 6 लाख 51 हजार 602 परिवारों को प्रति परिवार सात हजार रुपये की दर से कुल 456 करोड़ 12 लाख रुपये की राशि सीधे बैंक खातों में भेजी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 अगस्त को बाढ़ प्रभावित जिलों की समीक्षा बैठक और 14 अगस्त को हवाई सर्वेक्षण किया गया था। अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज तय समय सीमा के भीतर प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक राहत राशि का भुगतान शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा कि सितंबर माह में भी नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है। इसलिए पूरी तत्परता से स्थिति पर नजर रखें और पीड़ित लोगों की संवेदनशीलता के साथ मदद करें। उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, डॉ. एस. सिद्धार्थ, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार और कुमार रवि, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रभावित जिलों के जिलाधिकारी भी कार्यक्रम से जुड़े।

## मकान का छत गिरने से दादी-पोते की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव में मकान गिरने से दादी-पोते की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतकों की पहचान आनंदी महतो की 80 वर्षीय पत्नी फुलिया देवी और धर्मवीर कुमार के 14 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार के तौर पर हुई है। वहीं घायल 12 वर्षीय निरंजन कुमार का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित महिला शोभा देवी की मानें तो यह मकान 60 साल पुराना था। रात को खाना खाने के बाद सभी लोग अपने कमरे में सोने चले गए। दादी फुलिया देवी के साथ दोनों पोता आशीष और निरंजन सोने गया। सभी नींद में ही थे तभी अचानक जर्जर मकान जमींदोज हो गया। इस घटना में दादी और दोनों पोता दब गए। जैसे ही मकान गिरने की आवाज हुई तो परिवार के लोग उठकर शोर मचाने लगे। आसपास के लोग भागते हुए पहुंचे। लोगों ने देखा कि दोनों पोता और दादी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। सभी को बाहर निकाला तो पाया कि आशीष कुमार की मौत हो चुकी है। निरंजन कुमार और फुलिया देवी गंभीर रूप से जख्मी है। दोनों को विम्स पावापुरी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान फुलिया देवी की मौत हो गयी। एक पोता का इलाज अभी चल रहा है। बताया जा रहा है कि शोभा देवी अपने तीसरे बेटे के साथ घर के आंगन में करकट के नीचे सो रही थी। इसलिए वह बच गई। पति दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। इधर, घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में मातम पसरा है। वहीं सूचना मिलते ही रहुई थाना की पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट चुकी है। दोनों शवों को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट चुकी है। घटना के बाद रहुई प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार तथा रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में पीड़ित के आश्रितों को चार-चार लाख रुपए का तत्काल चेक सौंपा गया है।

## विधानसभा चुनाव से पहले होगी टीआरइ-4 की परीक्षा : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि राज्य में होने वाली अगली शिक्षक भर्ती परीक्षाओं को लेकर तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीआरइ-5 की परीक्षा बिहार विधानसभा चुनाव के बाद कराई जाएगी जबकि टीआरइ-4 की परीक्षा विधानसभा चुनाव से पहले ही आयोजित करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग इस बारे में विस्तृत योजना बना कर जल्द घोषणा करेगा ताकि अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए पूरा समय मिल सके। शिक्षा मंत्री ने एसटेट अभ्यर्थियों के आंदोलन पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार उनकी मांगों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों से बातचीत हो चुकी है। उनकी सभी बातों को गंभीरता से सुना गया है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार जल्द ही इस मामले में कोई ठोस निर्णय लेगी ताकि अभ्यर्थियों की समस्याओं का उचित समाधान किया जा सके। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ने राज्य के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार देने का काम किया है। महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है और आरक्षण के प्रावधानों को भी मजबूती से लागू किया गया है। नवादा में प्रधानमंत्री के पोस्टर फाड़ने की घटना को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगर ऐसी कोई घटना वास्तव में हुई है तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ पीएम नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ-साथ भाजपा और एनडीए के तमाम नेता भी मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी ने रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन पत्रों के चार सेट सौंपे हैं। नामांकन पत्रों के इन चार सेटों में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। इससे पहले सीपी राधाकृष्णन ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू किंजरापु. एल मुरुगन और भाजपा नेता विनोद तावड़े की मौजूदगी में संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। बता दें कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं।

## सड़क हादसे में दंपति की मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** मरंगा थाना क्षेत्र के बुलेट शोरूम के पास दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई जबकि उनकी पांच वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और इलाके में मातम पसर गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पति-पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जाता है 5 वर्षीय बेटी को बचाने की कोशिश में मां ने अपनी जान दे दी। मृतकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के खुश्कीबाग चौहान टोला निवासी 42 वर्षीय शंकर यादव और उनकी 40 वर्षीय पत्नी रंजू देवी के रूप में हुई है। शंकर यादव गुलाबबाग मंडी में मकई का कारोबार करते थे। उनकी पांच वर्षीय घायल बेटी का नाम मिठी कुमारी है जिसका इलाज पूर्णिया के राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे औंटा-सिमरिया पुल का उद्घाटन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गंगा नदी पर बने छह लेन पुल औंटा (मोकामा, पटना)-सिमरिया (बेगूसराय) का उद्घाटन 22 अगस्त को करेंगे। छह लेन पुल में यह देश का सबसे चौड़ा पुल है। इस पुल के बन जाने से उत्तर से दक्षिण बिहार के बीच सम्पर्कता सुगम हो जाएगी। यह एक्सपेंशन केबल ब्रिज है। ऐसे में इस पुल के नीचे से मालवाहक जहाजों का परिचालन भी आसानी से होगा। एप्रोच समेत इस पुल की कुल लम्बाई 8.150 किमी है। इसमें गंगा पर पुल की लम्बाई 1.865 किमी है। पुल के निर्माण पर 1871 करोड़ खर्च हुआ है। वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री ने इस पुल का शिलान्यास किया था। बुधवार को सूबे के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन और एनएचएआई के अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि यह पुल न केवल उत्तर से दक्षिण बिहार, बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल के साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों तक संपर्क को और मजबूत करेगा। यह पुल 34 मीटर की चौड़ाई के साथ एशिया का सबसे चौड़ा ब्रिज है। यह 18 पिलरों पर आधारित है और दोनों ओर 3-3 लेन की सड़क है। औंटा की ओर 100 मीटर चौड़ा रोटरी (जीरो माइल) तथा सिमरिया की ओर 80 मीटर चौड़ा रोटरी बनाकर उसे पार्क का स्वरूप दिया गया है।

## पांच राजनीतिक पार्टियों को डीलिस्ट करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** छह वर्षों से चुनाव में भाग नहीं लेने वाले दलों को डीलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में पटना जिलांतर्गत पांच दलों को चिह्नित किया गया है। इन्हें नोटिस का तामील कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिन दलों को नोटिस तामील कराना है उनमें भारतीय युवा जनशक्ति पार्टी, एकता विकास महासभा पार्टी, गरीब जनता दल (सेकुलर), राष्ट्रीय सदाबहार पार्टी एवं यंग इंडिया पार्टी शामिल है। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने वैसे पंजीकृत गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट करने की कार्रवाई शुरू की है, जिन्होंने 2019 से अब तक किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया है। जिनके कार्यालय देशभर में कहीं भी भौतिक रूप से नहीं पाए गए हैं। आयोग ने संबंधित राजनीतिक दल से कारण-पृच्छा कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया है। इस आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने पटना जिलांतर्गत पांच पंजीकृत गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्वाचन विभाग से जारी नोटिस तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्र का विधिवत ढंग से तामिला कराने का निर्देश दिया है। साथ ही अधिकारियों को 24 घंटा के अंदर प्रतिवेदन देना है। यदि किसी कारण नोटिस का तामीला नहीं होता है तो इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को स्पष्ट प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है। किसी भी राजनीतिक दल को अनुचित रूप से डीलिस्ट नहीं किया जाए, इसको लेकर बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

## संयुक्त अभियान में वांछित नक्सली गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सशस्त्र सीमा बल (29वीं वाहिनी) गया के 'ए' समवाय भलुआही के निरीक्षक (सामान्य) अंबुज कुमार के नेतृत्व में बुधवार को चलाए गए संयुक्त अभियान में पुलिस ने वांछित नक्सली अंबा थाना क्षेत्र के परता गांव निवासी आलोक शर्मा को उसके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर लिया। अभियान में अम्बा तथा गया जिले के बांके बाजार थाना की पुलिस भी शामिल रही। गिरफ्तार आलोक शर्मा पर कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2020 में इसने डुमरी, महावीरगंज और मौरेनिया गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया था तथा मुंशी विनोद यादव का अपहरण कर लिया था। पुलिस अभिलेख के अनुसार, बांके बाजार थाना में मुकदमा संख्या 21/20, दिनांक 07 फरवरी 2020 दर्ज है जिसमें आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 120 (बी), 121 (ए), 427, 435, 448, 506, 365 के साथ ही धारा 10/13/16/18/20 यूएपी अधिनियम और 17 सीएल अधिनियम के तहत मामला चल रहा है। वहीं देव थाना में मुकदमा संख्या 49/19, दिनांक 26 मार्च 2019 में धारा 124 (ए), 171 (एफ), 386, 120 (बी), 34 आईपीसी और 17 सीएल अधिनियम के तहत आरोप दर्ज हैं। गिरफ्तार नक्सली को आगे की विधिक कार्रवाई के लिए बांके बाजार पुलिस को सौंप दिया गया है।




# औरंगाबाद को 600 करोड़ की सौगात देंगे पीएम : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार बुधवार को औरंगाबाद पहुंचे। इस अवसर पर सम्राट अशोक भवन में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिले के दो नगर परिषदों और सभी नगर पंचायतों के लिए विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। औरंगाबाद नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने बुके व मोमेंटों देकर मंत्री का स्वागत किया। मंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि दाउदनगर में 42.25 करोड़ की लागत से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का शिलान्यास किया जायेगा। इसके अलावे 72.45 करोड़ रुपये की लागत से वाटर सप्लाई परियोजना शुरू होगी। राज्य के शहरों को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पहली बार 497 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज का निर्माण किया जाएगा जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। औरंगाबाद जिले को प्रधानमंत्री द्वारा कुल 600 करोड़ रुपये की सौगात मिलने वाली है जो इस जिले के लिए सौभाग्य की बात है। मंत्री ने कहा कि 27.10 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया जिसमें 12 परियोजनाओं का उद्घाटन और 25 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इनमें अमृत योजना, मुख्यमंत्री नाला निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख हैं। मंत्री ने कहा कि औरंगाबाद के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। सड़क, बिजली, शिक्षा, पॉलिटेक्निक और आइटीआइ संस्थानों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। नगरों को सुव्यवस्थित करने के लिए ठोस और सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि एनएच- 19 किनारे बड़े नाले के निर्माण के लिए स्थायी प्रारूप और प्राक्कलन तैयार कर भेजे ताकि शीघ्र ही इस पर काम शुरू किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस के चेयरमैन व भाजपा के जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर दाउदनगर नप चेयरमैन अंजलि कुमारी, नवीनगर चेयरमैन प्रियंका सिंह, देव चेयरमैन पिंटू कुमार साहिल, उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, रफीगंज चेयरमैन मिरिख दरखशां, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व एमएलसी राजन सिंह आदि उपस्थित थे।

# प्रॉपर्टी एक्ट मामले में फरार तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र के खपड़ा गांव से बुधवार को प्रॉपर्टी एक्ट मामले में फरार तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि 23 जून 2024 को खपड़ा गांव में जमीन पर दखल कब्जा कराने गए प्रशासनिक टीम पर अतिक्रमणकारियों ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया था जिसमें कई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी घायल हो गये थे। वहीं सीओ ने लगभग महिला पुरुष सहित 18 अतिक्रमणकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें तीन लोगों की गिरफ्तारी मौके पर की गई थी। वहीं बुधवार को पुलिस ने तीन फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि खपड़ा गांव के रहने वाले पप्पू कुमार, आजाद कुमार व विजय पासवान शामिल है। विदित हो कि अतिक्रमणकारियों ने पुलिस व सीओ का वाहन ईंट पत्थर से क्षति ग्रस्त कर दिया था। इतना ही नहीं ईंट पत्थर के हमले से अंचल गार्ड सहित महिला पुरुष समेत सात पुलिस कर्मी घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आयरकोठा व दरिहट थाना सहित भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच कर जमीन पर कब्जा दिलाया। वही सीओ निधि ज्योत्सना ने बताया कि खपड़ा निवासी तेज नारायण सिंह बनाम कामेश्वर पासवान के बीच जमीनी विवाद था जिसमें तेज नारायण के पक्ष में फैसला आने के बाद जमीन पर कब्जा दिलाने को लेकर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय डिहरी के द्वारा नजारत में 2600 रुपए जमा कराया गया।

## फरार वारंटी व शराब कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस ने वर्षों से फरार एक शराब कारोबारी को विशुन बिगहा गांव से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि कांड संख्या 254/25 में दर्ज विशुन बिगहा निवासी धर्मेंद्र पासवान के पुत्र श्रवण कुमार के घर के समीप से शराब बरामद किया गया था, लेकिन श्रवण उस समय से फरार था। वहीं गुप्त सूचना पर श्रवण को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर वर्षों से फरार खपड़ा गांव निवासी चंद्रदीप पासवान के पुत्र विजय पासवान को पकड़कर जेल भेज दिया है।

# राजू गुप्ता पुनः बने बिहार भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने राजू गुप्ता को दूसरी बार भाजपा बिहार व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के पद पर मनोनीत किया है। दूसरी बार मनोनीत होने पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता ने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल को अंगवस्त्र और बुके देकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। राजू गुप्ता के प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर डिहरी विधानसभा में खुशी की लहर है और उन्हें बधाई दे रहे हैं। राजू गुप्ता ने कहा कि व्यवसायियों के लिए प्रदेश सहित देशवासियों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। हमारे कार्यकाल में कई बार स्टेट लेवल पर व्यवसायियों के साथ बैठक कर सफल आयोजन भी किया जा चुका है। बधाई देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भोला सिंह, अजय सिंह, बबल कश्यप, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, कुंवर सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विकास सिंह, रिंकू सोनी, उदय कुशवाहा, कन्हैया राम, सुनीता कुमारी, वीरेंद्र शर्मा, संजय गुप्ता, धनंजय शर्मा, समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## राम आशीष खरवार के हत्यारों पर स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा दिलाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान ने प्रेस बयान जारी कर एसपी से चेनारी थाना क्षेत्र के पहाड़ पर बसे औरैया गांव के राम आशीष खरवार की निर्मम हत्या कर चार किलोमीटर दूर मड़पा जंगल में शव को टुकड़े-टुकड़े कर फेंक दिया था। हत्या की सूचना पाकर चेनारी थानाध्यक्ष एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई कर मृतक के दोनों पैर दोनों हाथ व सिर जंगल में अलग-अलग जगह से बरामद कर सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम करा कर शव को 10 अगस्त को परिजनों को सौंप दिया और जांच पड़ताल कर मृतक के गांव औरैया के तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों पर स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा दिलाए एसपी। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके और कोई भी दूसरा कानून को अपने हाथ में लेने का साहस नहीं जुटा सके और मृतक के आश्रितों को तत्काल प्रभाव से उचित मुआवजा भी दिलाने की मांग एसपी से किया है।

## 36 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 36 आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या, हत्या के प्रयास, विविध, शराब तस्कर शामिल है।

## बीस सूत्री की बैठक में अफसरों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने जताई नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीस सूत्री कार्यालय में बुधवार को अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी सदस्यों के साथ बैठक की गई जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा पारित किया गया कि अगली बैठक में सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें, अगर नहीं आते हैं तो जिला पदाधिकारी कैमूर, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के पास 20सूत्री की बैठक की प्रोसिडिंग बुक प्रतिलिपि भेज दी जाएगी। साथ ही प्रखंड परिसर में सार्वजनिक चापाकल एवं शौचालय की व्यवस्था तत्काल 31 अगस्त तक कराया जाए। बीस सूत्री कार्यालय के समीप एक चापाकल एवं शौचालय की व्यवस्था तत्काल कराया जाए। इस 20सूत्री कार्यालय में रामपुर प्रखंड से गरीब तबके के लोग अपनी समस्याओं को लेकर दर्जनों लोग भूमि से संबंधित दाखिल खारिज, नामांतरण नहीं होने एवं अयोग्य लोगों का नाम राशन कार्ड में जोड़ना एवं राशन कार्ड में नाम रहने के बावजूद आयुष्मान कार्ड नहीं बनने को लेकर आवेदन अध्यक्ष को दिया गया। अध्यक्ष द्वारा तुरंत अंचलाधिकारी रामपुर एवं आपूर्ति पदाधिकारी रामपुर को फोन कर दर्जनों ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि तत्काल ही आपके कार्यों का निष्पादन कराया जाएगा। बैठक में उपस्थित 20सूत्री सदस्य शत्रुघ्न सिंह, रविंद्र मिश्रा, मनोज कुमार गुप्ता, भारत पासवान, सुरेंद्र त्यागी, लक्ष्मण राम, बलजीत सिंह कुशवाहा, शिवपूजन बिंद, आशा देवी, मीरा देवी आदि दर्जनों ग्रामीण लोग 20सूत्री कार्यालय उपस्थित रहे।

## मोबाइल लूट मामले पुलिस ने दो को दबोचा

### लुटेरों के पास से 28 मोबाइल व लूट में प्रयुक्त बाइक जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के पुसौली के पास 21 मई को हुई लूट की घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से लूटी हुई मोबाइल समेत 28 मोबाइल व लूट में प्रयुक्त सफेद अपाचे बाइक भी जब्त किया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि लूट की घटना के अनुसंधान के दौरान उक्त मोबाइल का प्रयोग कर रहा मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद मोबाइल दुकानदार को गिरफ्तार किया जिसके पास से बिना कागजात के 27 मोबाइल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने मामले में धराए अभियुक्तों में सोनहन थाना के बगीचा गांव के मन्नू चौधरी पिता रामअवध चौधरी व नीलेश कुमार पिता बाबू लाल सिंह शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि लूट की घटना में लुटेरों ने एक मोबाइल व तीन सौ रुपये लूटे थे। पीड़ित ने घटना की प्राथमिकी कुदरा थाना में दर्ज कराई थी।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयंती समारोह में किये गये याद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** कांग्रेस प्रखंड कार्यालय में भारतरत्न कम्प्यूटर क्रांति के नायक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जयंती समारोह में याद किया गया। वक्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्पमाला व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रोहतास जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रवीन्द्र पाठक व संचालन रोहतास जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे ने किया। समारोह में बिहार कांग्रेस डेलीगेट मुन्ना कुमार पासवान ने पूर्व पीएम के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मेरे द्वारा राजीव गांधी के जीवन पर शोधार्थी छात्र रहा हूं। बिहार प्रदेश किसान कांग्रेस के सचिव अनिल कुमार राय के द्वारा उनके किए कार्यो पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि शिक्षा के लिए नया शिक्षा नीति, विश्व विद्यालय की स्थापना ग्रामीण विद्युतीकरण ग्रामीण रोजगार योजना, देश में कम्प्यूटर नीति जैसे विकास कर उन्होंने देश को इक्कीसवीं सदी के दहलीज पर ला खड़ा किया। बैठक में उपस्थित ललन चौबे, सर्वेश्वर पाठक, सतीश पांडेय, जनार्दन सिंह, विजय मिश्रा, गोकुल चौधरी, संजय सिंह इत्यादि थे।

## फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर डिहरी फोटोग्राफर एसोसिएशन ने बुधवार को एनिकट में फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में फोटोग्राफरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन करने के लिए सोनू कुमार, पंकज कुमार को विक्षक एवं संदीप जयसवाल को नियंत्रक बनाया गया था। निर्णायक मंडल में कोलकाता पश्चिम बंगाल से प्रसिद्ध प्रशिक्षक अनूप गुहा, वाराणसी उत्तर प्रदेश से गणेश शर्मा एवं पटना बिहार से सोहेल अख्तर शामिल थे। संस्था के अध्यक्ष जय प्रकाश मौर्य ने बताया कि 19 अगस्त 1839 को फ्रांसीसी सरकार ने फोटोग्राफी को पेटेंट कर आम लोगों की चलन में लाने के लिए समर्पित कर दिया। 19 अगस्त 2010 को आस्ट्रेलिया के एक फोटोग्राफर ने अपने कई साथियों का संगठन बना कर पहली बार प्रतियोगिता मनाना शुरू किया। तब से हर साल विश्व भर के फोटोग्राफर इस दिन को धूमधाम से कई तरह के आयोजन कर मनाते आ रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जितेंद्र कुमार, द्वितीय राजा कुमार एवं तृतीय पुरस्कार रितुराज मौर्य को दिया गया। मौके पर विजय निषाद, मुक्लेश सिंह, राजेंद्र चौधरी, हैदर, गोविंद मौजूद थे।

## 22 और 23 अगस्त को ज्ञान भवन में विकसित भारत ग्लोबल समिट ऑन टेक्निकल टेक्सटाइल्स का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार का वस्त्र मंत्रालय 22 और 23 अगस्त 2025 को पटना, बिहार स्थित ज्ञान भवन में विकसित भारत ग्लोबल समिट ऑन टेक्निकल टेक्सटाइल्स का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन सरकार की विकसित भारत 2047 की दृष्टि का हिस्सा है। टेक्निकल टेक्सटाइल्स (विशेष वस्त्र) को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र माना गया है जो देश के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि, पर्यावरणीय स्थिरता और नवाचार को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगा और भारत की विकास यात्रा में बड़ा योगदान देगा। दो दिन का यह सम्मेलन ज्ञान-विचार सत्रों के साथ होगा जिसमें उद्योग जगत के विशेषज्ञ, निर्माता, स्टार्ट-अप्स, शोध संस्थान, सरकारी संगठन और इंडस्ट्री बॉडीज एक साथ आएंगे और टेक्निकल टेक्सटाइल्स के 12 अलग-अलग क्षेत्रों में अवसरों पर चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 22 अगस्त 2025 को शाम 4:00 बजे केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। इस अवसर पर वस्त्र मंत्रालय और बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। यह सम्मेलन वस्त्र मंत्रालय और मेटेक्सिल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। मेटेक्सिल एक निर्यात प्रोत्साहन परिषद है जो मैनमेड फाइबर टेक्सटाइल्स जैसे कि फाइबर, यार्न, फैब्रिक, होम टेक्सटाइल्स और टेक्निकल टेक्सटाइल्स के निर्यात को बढ़ावा देता है।

## मंगल गुप्ता बने भाजपा के आईटी सेल के प्रदेश प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के आईटी सेल के प्रदेश प्रभारी कुदरा के मंगल गुप्ता को बनाया गया है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल व प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया व प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ राजीव रंजन कुमार उर्फ राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है जिसमें कहा गया है कि युवा व कर्मनिष्ठ कार्यकर्ता को उक्त पद पर मनोनयन से पार्टी मजबूत होगी। आईटी सेल के प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा ने युवाओं को आगे लाकर देश के राजनीति में काफी बदलाव किया है।

## परिवार नियोजन सेवाओं के विस्तार को लेकर सरकार गंभीर : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 1 से 20 सितंबर 2025 तक पूरे प्रदेश में मिशन परिवार विकास अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में व्यापक स्तर पर परिवार नियोजन सेवाओं के विस्तार सहित स्वास्थ्य मेला और जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। श्री पांडेय ने बताया कि अभियान के पहले चरण में 1 से 7 सितंबर तक 'दम्पति सम्पर्क सप्ताह' मनाया जाएगा जिसमें आशा, एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से समुदाय तक परिवार नियोजन सेवाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी। इस दौरान सामुदायिक आवश्यकता मूल्यांकन (सीएनए) प्रपत्र भरवाए जाएंगे ताकि इच्छुक दंपतियों को उपयुक्त सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सके।

## इकोकार्डियोग्राफी के विकास से हृदय रोगियों को बेहतर इलाज मिलने की संभावना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना के हार्ट इंस्टीच्यूट की ओर से श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, मुजफ्फरपुर के सेमिनार हॉल में इकोकार्डियोग्राफी बेसिक एंड बियोंड पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के छात्रों तथा डॉक्टरों ने भाग लिया। इस मौके पर मेदांता हार्ट इंस्टीच्यूट, पटना के क्लिनिकल एंड प्रिबेंटिव कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. अजय कुमार सिंहा ने कहा कि इकोकार्डियोग्राफी के क्षेत्र में विकास से अब हृदयरोगियों को बेहतर इलाज मिलने की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इकोकार्डियोग्राफी में हृदय के कक्षों और हृदय के वाल्वों में खून कैसे प्रवाहित होता है, इसे बताया जाता है। उन्होंने इकोकार्डियोग्राफी के फायदे के बारे में कहा कि मौजूदा समय में इसमें काफी उन्नति हो रही है और स्ट्रेनइमेजिंग और 4डी इकोकार्डियोग्राफी जैसी तकनीक से हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में काफी तेजी से बदलाव आ रहा है जिससे अब मरीजों को ज्यादा सटीक इलाज मिल पायेगा। डॉ. सिन्हा ने कहा कि मुजफ्फरपुर के छात्रों तथा डॉक्टरों के इकोकार्डियोग्राफी में हो रहे बदलाव से अवगत कराने के लिए इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के बीच आमंत्रण पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का 22 अगस्त 2025 को गयाजी आगमन ऐतिहासिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इस भव्य आगमन को लेकर शहर में उत्साह और उमंग का माहौल है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार को गया जी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के बीच आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे 22 अगस्त को प्रातः 10 बजे से पूर्व जनसभा स्थल पर पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी जी के स्वागत एवं उनके संबोधन के साक्षी बनें। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गया आगमन केवल एक सामान्य यात्रा नहीं, बल्कि गया की जनता के लिए नई सौगातों की वर्षा लेकर आएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मोदी के नेतृत्व में गया सहित पूरे मगध क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। अधिवक्ताओं से उन्होंने आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक पल में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और लोकतांत्रिक वातावरण को और सशक्त बनाने में योगदान दें। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन से गया में नए विकास अध्याय की शुरूआत होगी। विशेषकर शिक्षा, पर्यटन, अधोसंरचना और रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद जताई जा रही है। गया बार एसोसिएशन में आमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक आमंत्रण स्वीकार किया और भरोसा दिलाया कि वे प्रधानमंत्री मोदी जी के इस दौरे में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। गया बार के सचिव रविंद्र प्रसाद ने कहा कि भारी से भारी संख्या में अधिकताओं देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री का भाषण एवं स्वागत के लिए जाएगा। 22 अगस्त 2025 का दिन गया की धरती पर ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है जब प्रधानमंत्री मोदी जी का आगमन न केवल विकास की नई संभावनाएं लेकर आएगा, बल्कि गया की सांस्कृतिक और राजनीतिक धरोहर को भी नई पहचान दिलाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-02/2025-26

पत्रांकः– 340 हुसैनाबाद, दिनांकः–19/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बुढ़वा आम नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–नौडीहा बाजार, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 47,48,400=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.09.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 359893 (District) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-01/2025-26

पत्रांकः– 339 हुसैनाबाद, दिनांकः–19/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुलिया मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 1,69,25,500=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 12.09.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.09.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 359892 (District)25-26*D


## ग्राम कचहरी सदस्यों की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड के इंद्रपुरी क्षेत्र के चकन्हा पंचायत भवन पर मंगलवार को ग्राम कचहरी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सरपंच मालती देवी ने की। बैठक में सरपंच ने सभी सदस्यों को बताया कि ग्राम कचहरी के दिन सभी पांच सदस्य समय से ग्राम कचहरी में उपस्थित होंगे। ताकि लंबित मामलों का निपटारा शीघ्र किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से कचहरी सचिव शाहलेआज आलम, वार्ड नंबर दो के पंच आनंद कुमार पांडे, भागीरथी देवी, मंजू देवी, उषा देवी, प्रभा देवी, उर्मिला देवी, सुगिया देवी, प्रमोद कुमार, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पांडे, फूल कुमारी देवी, रिंकू देवी समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## मोदी मिष्ठान भंडार में लगी आग, दुकान जलकर खाक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** थाना क्षेत्र के बलथरी गांव में सोमवार रात्रि असामाजिक तत्वों द्वारा मिठाई दुकान में आग लगाने से सब कुछ जलकर खाक हो गयी। फर्म मालिक जागेश्वर साह द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गयी है। दुकानदार ने पुलिस को दी गयी लिखित आवेदन में बताया है कि सोमवार शाम में फर्म मोदी मिष्ठान भंडार बंद कर घर सोने चले गये। रात लगभग दो बजे गांव के लोगों द्वारा सूचना मिली कि आपके दुकान में आग लगी है। मैं दुकान के पास पहुंचे तो देखा कि दुकान में आग लगी है उसमें रखे चार चौकी, कुर्सी, काउंटर, लकड़ी का गुमटी समेत लगभग पचास हजार रुपये का समान जलकर राख हो गया है। इसी दुकान से मेरे परिवार का भरण पोषण होता है। उसने प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जिसकी छानबीन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**शपथ पत्र**

मैं दुधेश्वर सिंह (DUDHESAWAR SINGH) पिता-सत्यदेव सिंह (SATADEV SINGH) निवासी-ग्राम-बहादुर बिगहा, पो०-चौराही, थाना-हसपुरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड सं. 5230 4607 9882 है जिसमें मेरा जन्म तिथि 01/02/1957 अंकित है। मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 01/02/1957 अंकित है। मैं अपना नाम एवं जन्म तिथि का गजट कराने हेतू यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि उपर लिखित सभी बातें मेरे जानकारी में सत्य एवं सही है।
शपथ पत्र सं. 60 E दिनांक -11.08.2025

**शपथकर्ता**
**दुधेश्वर सिंह**

# वन महोत्सव में अब तक लगे 1 करोड़ 39 लाख पौधे

## जीविका ने 10 लाख और मनरेगा से 42 लाख से अधिक पौधे लगाए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में वन महोत्सव के अवसर पर अब तक एक करोड़ से भी अधिक पौधे लगे गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में वन महोत्सव की शुरूआत विगत 13 जुलाई को पौधरोपण करके की थी। इसके तहत आगामी तीन महीने में व्यापक स्तर पर 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन महोत्सव के दौरान सागवान, महोगनी, सेमल, जामुन, अर्जुन समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे राज्यभर में लगाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उदेश्य वनों का संरक्षण, पौधरोपण और हरित आवरण को विस्तार देना है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में पौधरोपण के लक्ष्य को पाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, मनरेगा, सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्तर से बड़े पैमाने पर पौधे लगे है। अकेले वन विभाग के स्तर से 96 लाख पौधे लगाए गए हैं। वहीं जीविका समूह के द्वारा 10 लाख, मनरेगा के माध्यम से 42 लाख, सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों से 1 लाख, 43 हजार के अतिरिक्त बागवानी एवं कृषि विभाग के स्तर से 42 हजार पौधे लगाये जा चुके हैं। मौजूदा अगस्त महीने में ही अबतक 1 करोड़, 39 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से कोई भी किसान या व्यक्ति इन पौधों को 10 रुपये प्रति पौधे की दर पर शुल्क देकर खरीद सकता है। इन पौधों का संरक्षण अगले तीन वर्ष तक करने के बाद वन विभाग द्वारा उन्हें प्रति पेड़ 60 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। मिशन 'मेरी लाईफ' के तहत आम लोगो के बीच जन जागरूकता के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जो लोग पौधरोपण कर रहे है, उन्हें पांच पौधे मुफ्त में दिए जा रहे हैं। प्रत्येक स्कूल के छात्र को 2-2 पौधे के अलावा सरकारी स्कूल और कॉलेज को मुफ्त पौधे दिए जायेंगे। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित पौधशालाओं में कई प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं जिन्हें वहां से प्राप्त किये जा सकते हैं। इससे जुड़ी जानकारी देने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग ने एक कॉल सेंटर बना रखा है।

# बिहार में 10 वर्षों में 1445 गोद लिए बच्चों का पंजीकरण, पटना में सबसे अधिक 101

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में वर्ष 2015-24 के बीच 1,445 दंपत्तियों ने गोद लिए बच्चों के गोदनामा का पंजीकरण कराया है। इनमें से सबसे अधिक 101 पंजीकरण राजधानी पटना में दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के आंकड़ों से सामने आई है। राज्य में बच्चा गोद लेने के लिए नियम निर्धारित हैं। कोई भी व्यक्ति या दंपत्ति आपसी सहमति से बच्चा गोद ले सकता है। अगर कोई व्यक्ति या दंपत्ति बेटा गोद ले रहा है तो उनके पास पहले से अपना बेटा नहीं होना चाहिए। इसी तरह बेटी गोद लेने के लिए पहले से अपनी बेटी नहीं होनी चाहिए। गोद लेने वाले पुरुष या महिला की आयु गोद लिए जाने वाले बच्चे की आयु में कम से कम 21 वर्ष का अंतर होना चाहिए। इसके साथ ही गोद लिए जाने वाले बच्चे की आयु 15 वर्ष से कम होनी चाहिए। बच्चा गोद देने वाले व्यक्ति या दंपत्ति की सहमति अनिवार्य है। गोदनामा पंजीकरण के लिए 2,000 रुपये स्टाम्प शुल्क और 1,500 रुपये निबंधन शुल्क देना होता है। हालांकि पंजीकरण अनिवार्य नहीं है, लेकिन यह भविष्य की कानूनी जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। गोद लिया बच्चा गोद लेने वाले परिवार की संपत्ति में वही अधिकार पाता है जो जैविक संतान को मिलता है, लेकिन गोद देने वाले परिवार की संपत्ति में उसका कोई हक नहीं होता। गोदनामा एकबार पंजीकृत होने के बाद रद्द नहीं किया जा सकता। ये नियम केवल हिंदू धर्म पर लागू हैं। अन्य धर्मों के लिए अलग नियम हैं।

# एनएच-139 को चार लेन बनाने के लिए डॉ. भीम सिंह ने लिखा नितिन गडकरी को पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह ने पटना से औरंगाबाद तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 को चार लेन में विस्तारित करने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। सांसद ने पत्र में कहा है कि पटना से औरंगाबाद तक का यह मार्ग बिहार और झारखंड की जीवनरेखा है। यह सड़क न केवल दोनों जिलों को जोड़ती है, बल्कि रांची, पलामू, नागपुर और अन्य औद्योगिक एवं धार्मिक क्षेत्रों तक संपर्क का प्रमुख माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग शिक्षा, उद्योग और धार्मिक पर्यटन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. सिंह ने उल्लेख किया कि पूर्व में बोधगया में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस परियोजना की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह सड़क बेहद संकीर्ण और जर्जर हो चुकी है जिसके कारण लगातार जाम, दुर्घटनाएं और समय की बर्बादी हो रही है। सांसद ने आग्रह किया है कि एनएच-139 को शीघ्र चार लेन में विकसित किया जाए जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिले और बिहार-झारखंड के लाखों लोगों को राहत मिल सके।

# धनबाद और यशवंतपुर के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा गोमो-गया-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं-प्रयागराज छिवकी-इटारसी-नागपुर के रास्ते धनबाद और यशवंतपुर के मध्य एक जोड़ी पूजा स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है - गाड़ी सं. 06563/06564 यशवंतपुर-धनबाद-यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल यशवंतपुर से 23.08.2025 से 27.12.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को तथा धनबाद से 25.08.2025 से 29.12.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी संख्या 06563 यशवंतपुर-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल यशवंतपुर से शनिवार को 07.30 बजे खुलकर सोमवार को 03.10 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 04.15 बजे भभुआ रोड, 04.55 बजे सासाराम, 05.50 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 07.10 बजे गया, 08.30 बजे कोडरमा, 09.00 बजे हजारीबाग रोड, 09.18 बजे पारसनाथ एवं 09.35 बजे गोमो रूकते हुए 11.00 बजे धनबाद पहुंचेगी।

# बी.डी. कॉलेज के छात्रों ने किया बापू टावर का शैक्षणिक भ्रमण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी.डी. कॉलेज के इतिहास, प्राचीन इतिहास और दर्शनशास्त्र विभाग के छात्रों ने बुधवार को बापू टावर संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के निर्देशन में आयोजित हुआ। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को महात्मा गांधी के विचारों और दर्शन से अवगत कराना था। संग्रहालय की प्रदर्शनी में गांधी के जीवन, उनके विचारों और बिहार से उनके गहरे संबंधों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। छात्रों ने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए कहा कि यह भ्रमण उनकी शोधपरक दृष्टि को समृद्ध करेगा और इतिहास एवं समाज के प्रति समझ को गहरा बनाएगा। भ्रमण के दौरान छात्रों ने स्पिक मैके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शास्त्रीय गायिका रुचिरा केदार के मनमोहक गायन का भी आनंद लिया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के साथ शिक्षक डॉ. दिव्या कुमार, डॉ. मनिता कुमारी यादव, डॉ. दिवाकर कुमार पांडेय, नीतू तिवारी, डॉ. स्वर्णा कुमार और आलोक कुमार भी उपस्थित थे।

# आधुनिक बाजार प्रांगण से व्यापारियों, उद्यमियों और निर्यातकों की भागीदारी बढ़ेगी : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि उपज बाजार प्रांगणों का निरंतर विकास कर रही है। इसी क्रम में कैमूर (मोहनियां) एवं सीतामढ़ी स्थित कृषि उपज बाजार प्रांगणों का जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं अन्य 19 कृषि उपज बाजार प्रांगणों का कार्य जल्द-से-जल्द पूर्ण करने हेतु में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड को निदेश दिया गया है। कैमूर (मोहनियां) के कृषि उपज बाजार प्रांगण का निर्माण कुल 3841.79 लाख रुपये की लागत से तथा सीतामढ़ी के कृषि उपज बाजार प्रांगण का निर्माण कुल 4767.59 लाख रुपये की लागत से पूरा हुआ है। इन प्रांगणों में वेंडिंग प्लेटफार्म, दुकान, वे-ब्रिज, जल निकाय, प्रशासनिक भवन, श्रमिक विश्राम गृह, अतिथि गृह, मछली बाजार, सोलर पैनल जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मास्टर प्लान आधारित एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के तहत तैयार किए गए ये बाजार प्रांगण अब पूरी तरह से आधुनिक एवं विकसित संरचना का रूप ले चुके हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन बाजार प्रांगणों का उद्देश्य किसानों को अपनी फसल और कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं प्रदान करना है। अब किसान अपनी उपज को बाजार प्रांगण में लाकर बेहतर ढंग से भंडारित और बेच सकेंगे। साथ ही इन सुविधाओं से किसानों को दलालों और बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा तथा उन्हें अपनी मेहनत का सही मूल्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक कृषि उपज बाजार प्रांगणों में व्यापारियों, उद्यमियों, प्रसंस्करण इकाइयों और निर्यातकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और क्रय-विक्रय की मात्रा में वृद्धि होगी।

# एनटीपीसी ने सतर्कता जागरुकता अभियान की शुरूआत की



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी लिमिटेड ने स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में अपने तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्घाटन मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा, एनटीपीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न स्थानों के सतर्कता अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

**सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी** विषय पर जोर देते हुए सीवीओ ने सभी सतर्कता अधिकारियों से केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया- लंबित शिकायतों और मामलों का समय पर निपटान, आई जीओटी कर्मयोगी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रभावी परिसंपत्ति प्रबंधन और बेहतर पारदर्शिता के लिए डिजिटल पहल को मजबूत करना। उन्होंने व्यापक प्रभाव के लिए सभी हितधारकों - कर्मचारियों, विक्रेताओं और जनता को शामिल करने और नाटकों, क्विज वीडियो, जिंगल और विक्रेता बैठकों के माध्यम से रचनात्मक पहुंच को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। पिछले वर्ष के अभियान की सफलता की सराहना करते हुए सीवीओ ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के प्रयास एनटीपीसी की ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता को और बढ़ावा देंगे।

# स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार

**हाजीपुर (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की मांग एवं इस ट्रेन की उपयोगिता को देखते हुए इनके परिचालन अवधि में निम्नानुसार विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी सं. 03697 गया-दिल्ली स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब गया से 23.08.2025 से 15.09.2025 तक रविवार एवं गुरूवार को छोड़कर सप्ताह के शेष पांच दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 03698 दिल्ली-गया स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 24.08.2025 से 16.09.2025 तक सोमवार एवं शुक्रवार छोड़कर सप्ताह के शेष पांच दिन चलायी जाएगी।

# ग्रामीण सड़कों के निर्माण में लक्ष्य का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण

## राज्य के 24 हजार से भी अधिक गांवों को पक्की सड़कों की मिली सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने ग्रामीण सड़कों के विकास को माध्यम बनाकर राज्य के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को एक नई दिशा देने का सफल प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अंतर्गत राज्य में अबतक 40 हजार 893 किमी से भी अधिक सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि ग्रामीण कार्य विभाग ने कुल 49 हजार, 541.7 किलोमीटर सड़क के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यानी लक्ष्य का 80 प्रतिशत से भी अधिक निर्माण कार्य को पूरा कर लिया गया। इन सड़कों के निर्माण से राज्य के 24 हजार से भी अधिक गांवों को पक्की सड़कों की सौगात मिली है। चूंकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 500 तक की आबादी वाले टोलों को ही शामिल लिया जा सकता है। इसलिए इससे छोटी आबादी वाले टोलों को संपर्कता देने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना की शुरूआत वर्ष 2013 में की गई थी। अब हर टोले को पक्की बारहमासी सड़क से जोड़ने की दिशा में ग्रामीण कार्य विभाग जुटा हुआ है। ग्रामीण कार्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत 49 हजार, 541.309 किमी लंबाई की कुल 33 हजार 618 किमी सड़कों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इनमें अबतक 80 प्रतिशत से भी अधिक परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। यह राज्य में ग्रामीण संपर्कता की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

**ग्रामीण सड़कों की निर्माण का जिलावार आंकड़ा**

सड़क निर्माण की संख्या और लंबाई के आधार पर मुजफ्फरपुर जिला इस योजना के क्रियान्वयन में राज्यभर में अव्वल है। मुजफ्फरपुर के लिए निर्धारित अबतक 2830.99 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का लक्ष्य है जिसके विरुद्ध 2581.278 किमी सड़क का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इसके बाद मधुबनी जिला में कुल 2455.21 किमी का निर्माण पूर्ण हो चुका है जबकि अररिया में 2628.175 किमी के लक्ष्य के विरुद्ध 2305.858 किमी और पूर्वी चंपारण में 2770.415 किमी के लक्ष्य के विरुद्ध 2180.896 किमी सड़क का निर्माण पूरा किया जा चुका है। ग्रामीण सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि सड़क सुरक्षा में भी व्यापक सुधार दर्ज की गई है।

# धातु शिल्पकारों के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

## मुरादाबाद में 15 शिल्पकारों को मिल रहा उन्नत कौशल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा पश्चिम चंपारण जिला के मझौलिया प्रखंड अंतर्गत कसेरा टोला क्लस्टर में कार्यरत 15 कांसा एवं पीतल शिल्पकारों को मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) में 5 दिवसीय उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसमें शिल्पकारों को कांसा और पीतल शिल्प निर्माण की नई तकनीकें, आधुनिक डिजाइन, फिनिशिंग, पॉलिशिंग, उन्नत औजारों का प्रयोग और बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद तैयार करने की विधि सिखाई जा रही है। प्रशिक्षण में शिल्पकारों को उत्पाद की गुणवत्ता सुधारने, डिजाइन में विविधता लाने और आधुनिक बाजार के रुझानों के अनुरूप काम करने की विशेष जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी प्रतिभागी शिल्पकारों को नाश्ता, भोजन और आवास की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है जिससे वे पूरी तरह से प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

# भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयन्ती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों के साथ सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित उनकी प्रतिमा पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित वरिष्ठ नेताओं ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर राजेश राम ने कहा कि राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे तथा सत्ता के विकेन्द्रीकरण के लिये पंचायती राज की स्थापना की जिसे बाद में कांग्रेस सरकार के दौरान संविधान संशोधन कर पंचायत को विशेष अधिकार सौंपे गये। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश के युवाओं को मताधिकार दिलाया तथा महिला सशक्तिकरण के दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया था। राजेश राम ने कहा कि इन्दिरा गांधी एवं राजीव गांधी ने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिये एवं इसके धर्मनिरपेक्ष चरित्र को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये अपनी कुबार्नी दी। उन्होंने कहा कि आज देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेसजनों को संकल्प लेना है कि वे इन्दिरा गांधी एवं राजीव गांधी के सपनों का भारत बनाने में अपनी सारी शक्ति लगायेंगे। इस अवसर पर स्व. राजीव गांधी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चंदन वागची, प्रेमचन्द्र मिश्रा, अभय दूबे, वीणा शाही, मोती लाल शर्मा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, डा0 हरखू झा, प्रमोद कुमार सिंह, कपिलदेव प्रसाद यादव, अम्बुज किशोर झा, विनय वर्मा, अजय चौधरी, राजेश कुमार सिन्हा, ज्ञान रंजन, चन्द्र प्रकाश सिंह, सौरभ सिन्हा, राजीव मेहता, मंजीत आनन्द साहू, वैद्यनाथ शर्मा, अरविन्द लाल रजक, संतोष श्रीवास्तव, वसी अख्तर, सत्येन्द्र कुमार सिंह, शशिकांत तिवारी, संजीव कर्मवीर, कमल कमलेश सुधा मिश्रा ,रीता सिंह, साधना रजक, असफर अहमद, मनोज मेहता, मो0 शाहनवाज, विश्वनाथ बैठा, रामाशंकर पाण्डेय, कैसर, संजय श्रीवास्तव, अखिलेश्वर सिंह, विमलेश तिवारी, सुनील कुमार सिंह, हीरा सिंह वग्गा, अजय पासवान, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार चैधरी, सुदय शर्मा, रामाशंकर कुमार, शम्मी कपूर, नदीम अंसारी आदि प्रमुख थे।

# इएसआइसी स्प्री योजना को लेकर श्रम अधीक्षकों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में नियोजन भवन पटना में श्रम आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक इएसआइसी बिहार के द्वारा स्प्री योजना-2025 के विषय पर सभी श्रम अधीक्षकों एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने सभी उपस्थित श्रम अधीक्षकों एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों को इएसआइसी द्वारा हाल ही में लांच योजना के विषय में विस्तार से बताते हुए अवगत कराया कि वैसे नियोक्ता या संस्थान जिन्होंने चूकवश या अनजाने में अपने संस्थान को अबतक इएसआइ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं करा पाये हैं उन्हें 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक बिना पिछले अवधि के बकाया की मांग के पंजीकृत करने के लिए अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत कर्मचारी द्वारा घोषित पंजीकरण तिथि से पहले की अवधि के लिए कोई रिकॉर्ड जांच या बकाया की मांग नहीं की जायेगी।

# मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में दानापुर की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दानापुर मंडल मुख्यालय के सभाकक्ष में मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। वर्तमान परामर्शदात्री समिति की वर्ष-2025-26 की यह प्रथम बैठक है। मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्वागतोपरांत, सर्वप्रथम समिति के सम्मानित सदस्यों से उनका परिचय प्राप्त किया गया। तदुपरांत बैठक के दौरान मंडल के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर व ट्रेनों में यात्री सुविधा के साथ ट्रेनों व उनके ठहराव, खान-पान, माल परिवहन सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता आदि अन्य विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा रेलवे की विभिन्न सुविधाओं को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए गए जिस पर मंडल की ओर से इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए समुचित सकारात्मक कार्यवाही किये जाने की बात कही गई। बैठक में सदस्यों द्वारा रेलवे द्वारा विगत वर्षों में बड़े पैमाने पर किए गए विकास व सुधार कार्यों की बदौलत आये सकारात्मक परिवर्तन की सराहना भी की गई। मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की इस बैठक के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक सहित शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अभिनव सिद्धार्थ, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर द्वारा किया गया।

# दादीजी मंदिर में 22 से होगी भादो बदी अमावस्या महोत्सव पूजा की धूम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भादो बदी अमावस्या के अवसर पर 22 अगस्त से दो दिवसीय महोत्सव का प्रारंभ बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में पूरे धूमधाम से होगा। यह जानकारी अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने आज अंतिम तैयारी की बैठक के बाद दी। अमर अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए पूरे श्री दादीजी मन्दिर परिसर को रंग बिरंगे देशी एवं विदेशी फूलों से काफी अच्छी तरह से सजाया जा रहा है जो देखने में काफी आकर्षक लगेगा तथा मन को मोह लेगा। इस दिन पूरा दादीजी परिसर का माहौल राजस्थानी संस्कृति में रचा बसा नजर आयेगा। अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर लाल पीली चुनड़ी में सजी 1100 महिलाओं के द्वारा अखंड सुहाग के लिए सामूहिक रूप से श्री दादीजी का मंगल पाठ किया जाएगा। श्री दादीजी सेवा समिति के तत्वावधान में यह महोत्सव दूसरे दिन शनिवार 23 अगस्त तक चलेगा। अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन सुबह छह बजे से हीं महिलाएं एवं पुरुष मंगल आरती के लिए कतार में लग कर आरती करेंगे। आरती के बाद दादीजी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तगणों स्वास्तिक बनाकर रोली, मेंहदी,चावल, पेड़ा, चुनरी के साथ बहुत सारे श्रृंगार के सामान दादीजी को चढ़ाकर पूजा अर्चना करेंगे।

# एचडीएफसी बैंक ने भारत जीपीटी क्रिएटर कोरोवर में निवेश किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक अग्रणी संवादात्मक एआई कंपनी कोरोवर में निवेश की घोषणा की है। कोरोवर एक अग्रणी, संप्रभु और उद्यम-स्तरीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) है जिसने भारतजीपीटी का निर्माण किया है। कोरोवर का उपयोगकर्ता आधार लगभग 1 अरब है और इस पर 25,000 से अधिक उद्यम और डेवलपर्स भरोसा करते हैं जो संवादात्मक एआई एजेंट, एआई सहायक (वीडियोबॉट, वॉयसबॉट, चैटबॉट) और टेलीफोनी एआई समाधान विकसित करता है। ये समाधान भारतजीपीटी द्वारा संचालित हैं जो एक बहुभाषी, बहुविध और डोमेन-अनुकूलनीय एलएलएम है जिसे पूरी तरह से भारत में, भारत के लिए बनाया गया है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड ट्रेजरी, अरूप रक्षित ने कहा भारतजीपीटी का विकास, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में कई भारतीय भाषाओं में सूचनाओं के आदान-प्रदान को सक्षम बनाता है, ने कोरोवर को हमारे लिए विशिष्ट बना दिया है। हम कोरोवर की विशेषज्ञता को महत्व देते हैं जो विशिष्ट स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। कोरोवर के संस्थापक और सीईओ अंकुश सभरवाल ने कहा भारतजीपीटी की पहुंच और प्रभाव का विस्तार करते हुए हमें एचडीएफसी बैंक और अन्य निवेशकों का विश्वास और समर्थन प्राप्त करने पर गर्व है।

CMYK

# 2025 बिहार की जनता मांगे फिर से नीतीश : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने बुधवार को वेन प्रखंड में कई सड़कों के मरम्मत एवं निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिन सड़कों का शिलान्यास हुआ उनमें परवलपुर पथ से अरावां-भैरो सीमा होते हुए भंडार कोना तक, परवलपुर से शहरी तक, कोसनारा मोड़ से माड़ी भाया मरसुआ तक तथा कौआकोल से उमराव बिगहा तक की सड़कें शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि आज बिहार में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ा जा चुका है और सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में बिछ चुका है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बदल चुका है। अब बिहारी कहलाना सम्मान और गौरव की बात है। रोजगार और नौकरियों के अवसर बढ़े हैं और युवाओं के सपने अब हकीकत में बदल रहे हैं। युवाओं को मात्र 100 रुपये में प्रारंभिक परीक्षा का अवसर मिलेगा और मुख्य परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार ने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। 'सात निश्चय' योजना के तहत शौचालय निर्माण जैसे कार्यों ने स्वच्छता के साथ महिलाओं की गरिमा और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि आज राज्य की बेटियां सुरक्षित हैं और उन्हें आगे बढ़ने के निरंतर अवसर मिल रहे हैं। सरकार ने उन्हें शिक्षा, रोजगार और सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्रवासी बिहारियों के लिए भी विशेष योजना बनाई है, जिसके तहत अब त्योहारों में वे राज्य संचालित बसों से अपने घर आ सकेंगे। सात निश्चय योजना के तहत युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराई गई है और यह लक्ष्य अब पूर्ण हो चुका है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रंजु देवा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, धर्मेंद्र राउत, अजय चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि नवीन सिंह, टुनटुन सिंह, जीतेंद्र सिंह, कुमुद कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, उत्तम पटेल, अजय सिंह, शंभू पासवान, रामेश्वर केवट, शैलेन्द्र पाल, कलीम साहब, सीताराम केवट, नीरज पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। छात्र नेताओं में गौतम पटेल, सोहित पटेल, गौरी पटेल, छोटू कुमार, गोल्डेन कुमार, सुकांत कुमार, शैलेन्द्र प्रसाद, रंजन सिंह, सुनील सिंह, रामाधिन मांझी, प्रेम सिंह, मदन सिंह और मुन्ना प्रसाद आदि ने भी भाग लिया।

# 46 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान ने बताया कि 19 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अवैध खनन में दो, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 30 कुल 46 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 306 लीटर देशी शराब एवं 2.250 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-06 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 450 वाहनों की जॉच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 42 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत तीन ट्रैक्टर, तीन मोटरसाइकिल एवं उक अपहृता बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# अवैध खनन और अवैध परिवहन पर रोक लगाने पर जोर

## जिले के बालू घाट संचालकों के साथ समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** 20 अगस्त 2025 को समाहरणालय, नवादा के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के सभी बालू घाट संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने बालू घाटों के संचालन से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों के विषय में संचालकों से फीडबैक प्राप्त किया। इस अवसर पर कई संचालकों ने बालू घाटों पर उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया। इस पर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संचालकों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी समस्या एवं कठिनाई को दूर करने के लिए तत्पर है तथा आवश्यक सहयोग एवं समर्थन प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिले में अवैध खनन और अवैध परिवहन पर किसी भी स्थिति में रोक लगाई जाएगी। इसके लिए पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि बिना वैध चालान के कोई भी वाहन बालू का परिवहन न कर सके। साथ ही, ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा निर्धारित समय-सीमा एवं मार्ग का पालन करना सभी परिवहनकर्ताओं के लिए अनिवार्य होगा। संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि बालू घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें, सभी वाहनों पर स्पष्ट नंबर प्लेट होनी चाहिए तथा परिवहन कार्य केवल निर्धारित नियमों के अनुरूप ही किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर घाट संचालक स्वयं जिम्मेदार माने जाएंगे। बैठक में जिला खनिज विकास पदाधिकारी प्रत्यय अमन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं जिले के बालू घाट संचालक उपस्थित थे।

# सातवीं लघु सिंचाई व द्वितीय जल निकाय गणना हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को सातवीं लघु सिंचाई गणना (संदर्भ वर्ष 2023-24), द्वितीय जल निकाय गणना एवं प्रथम वसंत गणना से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार यह योजना शत-प्रतिशत केंद्र प्रायोजित है तथा इसे राज्य स्तर पर योजना एवं विकास विभाग (अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय), पटना के दिशा-निर्देशों के तहत संचालित किया जा रहा है। कृषि प्रधान देश भारत में उत्पादन वृद्धि के लिए लघु सिंचाई योजनाओं का विशेष महत्व है। इसी उद्देश्य से हर पाँच वर्ष पर देशभर में लघु सिंचाई गणना कराई जाती है। इस वर्ष पहली बार वसंत गणना भी कराई जा रही है। गणना के अंतर्गत भू-जल और सतही जल से सिंचाई की विभिन्न व्यवस्थाओं–जैसे कुआं, उथला नलकूप, सतही प्रवाह, तालाब एवं पोखर–से जुड़े आंकड़े संकलित किए जाएंगे। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक जल निकाय की गणना कर विश्वसनीय आंकड़े तैयार किए जाएंगे, जो भविष्य की योजनाओं के लिए आधार बनेंगे। प्रशिक्षण सत्र में मगध प्रमंडल, गया के उप निदेशक (सांख्यिकी) उपेंद्र कुमार ने योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त जिला सांख्यिकी पदाधिकारी पवन कुमार एवं मास्टर ट्रेनर मिथिलेश मिश्रा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न प्रपत्रों के भरने की प्रक्रिया और प्रखंड व अंचल स्तर पर पर्यवेक्षण की विशेषताओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, लघु सिंचाई एवं कृषि विभाग के नामित पदाधिकारी सहित जिला सांख्यिकी कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

# फल दुकान से पांच बोतल विदेशी शराब बरामद

## दुकानदार बाप, बेटे, स्टाफ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रजौली।** थाना क्षेत्र के बाईपास स्थित एक फल दुकान से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दुकान में रहे पांच बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है, साथ ही शराब बेच रहे धंधेबाज बाप-बेटे एवं एक स्टाफ को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना मिलने पर की गई साथ ही दुकानदार बाप बेटे एवं एक स्टाप को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान महसई मुहल्ला निवासी स्व0 बैजू भगत के पुत्र लक्ष्मी भगत, लक्ष्मी भगत के पुत्र शंकर कुमार, सुरेश मालाकार के पुत्र धीरज मालाकार शामिल है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बरामद की गई अंग्रेजी शराब में सिग्नेचर प्रीमियम 750 एमएल के एक बोतल रॉयल स्टैग प्रीमियम 375 एमएल के दो बोतल आई कीयू व्हिस्की 375 एमएल के एक बोतल स्ट्रांग रिजर्व 375 एमएल के एक बोतल को जब्त कर थाने लाया गया है। साथ ही पकड़े गए धंधेबाजो पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया है।

### तीन शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहार-झारखंड अंतरराज्यीय सीमा स्थित समेकित जांच चौकी रजौली पर उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान 26 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के मथुरा मिश्रा के बेटे अनिल मिश्रा एवं नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र के मोखली प्रसाद के बेटे राहुल कुमार के रूप में की गई है। वहीं तीन शराबी को भी उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए सभी शराब धंधेबाजों एवं शराबी को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/691, दिनांक: 19.08.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.:** 1। **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3361। कार्य का नाम:** बीएमजी में इलेक्ट्रिक लोको शेड तथा सीटीओ में 0.2 एमएलडी क्षमता वाली निकासी प्रणाली के ईटीपी का स्थापना कार्य के सम्बन्ध में विद्युतीय पावर आपूर्ति के लिए विद्युतीय (जी) कार्य (चरण-1)। **निविदा मूल्य:** ₹ 30,08,442। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 60,200। **क्र.सं.:** 2। **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3380। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (1)/हावड़ा के अधीन मगरा गुड्स शेड का क्रमोन्नयन तथा आधुनिकीकरण के लिए विद्युतीय साधारण कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 45,11,022। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 90,200। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.09.2025 को अपराह्न 5.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-254/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# भाजपा नेताओं ने फूंका राहुल-तेजस्वी का पुतला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** पीएम मोदी का बैनर को फाड़कर अमर्यादित टिप्पणी से भड़के जिला भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला फूंका। भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को शक्तिशाली संपन्न, समृद्धशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर रखने का कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की सबसे तीव्र गति वाली अर्थव्यवस्था बन चुका है। इस वजह से राहुल गांधी, तेजस्वी यादव एवं उनके कार्यकर्ता बौखला गये है और भारत के प्रधानमंत्री के पोस्टर को फाड़कर अमर्यादित टिप्पणी का प्रयोग कर रहे है महागठबंधन के लोग ने जनता को यह घिनौना कार्य कर के महाजंगल राज की झांकी दिखाई है परन्तु ये लालू राज का बिहार नहीं है बिहार की जनता 2025 चुनाव मे वोट के माध्यम से जंगलराज आने से रोकेगी

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रियरंजन श्रीनिवास, विजय पांडे महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, अरविंद गुप्ता, गौरव शांडिल्य गगन उपाध्यक्ष विनोद भोली, मुकेश कुमार, मंत्री शिव यादव, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, गौतम भारती, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, व्यवसाई प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर सिंह, महामंत्री रोहित सिंह, उपाअध्यक्ष रोशन कुमार आर्य, वरिष्ठ नेता राधेश्याम चौधरी, महिला मोर्चा की महामंत्री किरण भारती, उपाध्यक्ष वीणा, अल्पसंख्यक मोर्चा की अफसाना खातून, विजय वर्मा, अजय वर्मा मौजूद थे ।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** स्व जेहल प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर जेहल प्रसाद बीएड कॉलेज प्रांगण में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिले के कई नामचीन और प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने सेवा दी। खासकर जेनरल फिजिसियन डॉ रवीश कुमार , एमएस सर्जन डॉ पी.एस. चौधरी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ आनंद भूषण, डेन्टल सर्जन डॉ नीरज कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गिरिजेश कुमार, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ आजाद कुमार ने चिकित्सा शिविर में आये सैकड़ों मरीजों की जांच की और आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयां दी गई। विभिन्न प्रकार के जांच के लिए परफ़ेक्ट जांच घर, मोडर्न जांच घर, मां तारा जांच घर, रवि जनता जांच घर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मरीजों ने मुफ़्त चिकित्सा शिविर के आयोजन के लिए माननीय पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# रोटरी क्लब बिहारशरीफ का 46वां इंस्टॉलेशन समारोह सम्पन्न

**राजीव वर्मा / नबिटा ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब ऑफ बिहारशरीफ के सत्र 2025-26 का 46वां इंस्टॉलेशन समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रो0 दिनेश केसरिया को क्लब का अध्यक्ष और रो0 मनीष चंद्र को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह में रोटरी इंटरनेशनल जिला 3250 के तत्कालीन मंडलाध्यक्ष रो0 विपिन चचान तथा आगत सत्र की मंडलाध्यक्ष रो0 अनु नारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में रो0 विपिन चचान ने कहा कि रोटरी क्लब बिहारशरीफ शहर का पुराना और सक्रिय क्लब है, जिसने पाँच दशकों से सेवा और मित्रता की मिसाल कायम की है। वहीं, रो0 अनु नारंग ने कहा कि यहां के सदस्य सेवाभाव से प्रेरित होकर समाज सेवा को ही मानव सेवा मानते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी सत्र में क्लब और भी प्रभावी सेवा कार्य करेगा।

विगत सत्र के अध्यक्ष संजीव कुमार बब्लू ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सभी रोटेरियन का आभार व्यक्त किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष रो0 दिनेश केसरिया ने स्वास्थ्य शिविर और सेटेलाइट क्लब की स्थापना को अपनी प्राथमिकता बताया। वहीं, सचिव रो0 मनीष चंद्र ने वृक्षारोपण कार्यक्रम, साइकिल वितरण और 'नेफी की दीवार' जैसे सामाजिक कार्यों को केंद्र में रखने की घोषणा की। समारोह में पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार बब्लू, रो0 संजीव कुमार, रो0 राकेश कुमार मुकेश, कोषाध्यक्ष रो0 राजकुमार प्रसाद, रो0 डॉ0 मनोज कुमार, रो0 डॉ0 रंजना, रो0 डॉ0 शुभम आनंद, रो0 डॉ0 सुजीत कुमार, रो0 डॉ0 अमरेन्द्र कुमार, रो0 शिव कुमार, रो0 रोहित कुमार, रो0 डॉ0 सत्येन्द्र कुमार सिन्हा सहित डिस्ट्रीक्ट 3250 के कई क्लबों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# शराब पीने से मना करने पर बदमाशों ने परिवार पर किया हमला, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा (नालंदा)।** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के चंद्कुरा गांव में शराब पीने से मना करना एक परिवार को भारी पड़ गया। बदमाशों ने घर पर चढ़कर परिवार के तीन सदस्यों को बुरी तरह पीटकर जख्मी कर दिया। घटना में दिनेश पासवान की पत्नी 60 वर्षीया सुदामा देवी, पुत्र 23 वर्षीय प्रमोद कुमार और बहू 22 वर्षीया रूली देवी घायल हो गए। सुदामा देवी ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति को उन्होंने शराब पीने से मना किया था। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था और बुधवार को आरोपी घर में घुसकर हमला कर दिया। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करायपरसुराय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल तीनों का इलाज चिकित्सकों की देखरेख में जारी है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित परिवार से आवेदन प्राप्त होने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय मशाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी में बौरी की डबल जीत, साइकिलिंग में खिलाड़ियों का जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला स्तरीय मशाल 2025 प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को कबड्डी और साइक्लिंग मुकाबलों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। खेल भवन, जहानाबाद में हुई कबड्डी प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय बौरी की दोनों टीमें विजेता बनीं, वहीं साइक्लिंग में विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**कबड्डी में बौरी का दबदबा**

अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में हुलासगंज स्थित मध्य विद्यालय बौरी ने डबल खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग के फाइनल में बौरी ने मध्य विद्यालय इस्माइलपुर, जहानाबाद को मात दी, जबकि बालक वर्ग में बौरी की टीम ने उच्च विद्यालय भारथू, घोसी को हराकर चैंपियनशिप जीती।

साइक्लिंग में युवा खिलाड़ियों की चमक

साइक्लिंग प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए अंडर-14 एवं अंडर-16 श्रेणी में 5 कि.मी. और बालिका वर्ग के लिए क्रमशः 3 कि.मी. की दूरी तय करनी थी।

अंडर-14 बालिका वर्ग : प्रथम - स्वीटी कुमारी (मोदनगंज), द्वितीय - सुप्रिया कुमारी (मखदुमपुर), तृतीय - माधुरी कुमारी (घोसी)।

अंडर-16 बालिका वर्ग : प्रथम - शिवानी कुमारी (रतनी फरीदपुर), द्वितीय - कोमल कुमारी (घोसी), तृतीय - ज्योति कुमारी (काको)।

वर्ग : प्रथम - संतोष कुमार (उच्च विद्यालय मूठेर, जहानाबाद), द्वितीय - हिमाचल कुमार (मध्य विद्यालय बीरूपुर, घोसी), तृतीय - श्री कुमार (मध्य विद्यालय चिकसौरा, रतनी फरीदपुर)।

अंडर-16 बालक वर्ग : प्रथम - गोल्डन कुमार (मध्य विद्यालय बरूसरा, काको), द्वितीय - अमरजीत कुमार (उच्च विद्यालय अवगीला, रतनी फरीदपुर), तृतीय - सन्नी कुमार (पीवी शकुराबाद, जहानाबाद)।

**सम्मान एवं प्रोत्साहन**

प्रतियोगिता के विजेताओं को निदेशक, डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा ने मेडल और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही मशाल प्रतियोगिता 2025 के विभिन्न चरणों के विजेताओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। प्रतियोगिता के अगले चरण में 21 अगस्त को अंडर-16 बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी और वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हंडिया में पौधारोपण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय हंडिया व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हंडिया में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम 'मां के नाम एक पौधे लगाने' के तहत किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार झा व प्राचार्य रिम्पी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिवार बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान पीपल, तुलसी, नीम, बरगद,शीशम समेत अन्य पौधे को लगाकर पृथ्वी को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य द्वय ने कहा आप अपने मां के नाम पर पृथ्वी को बचाने के लिए पौधारोपण अवश्य कीजिए। वातावरण प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षण करना है। पौधे हैं, तभी पृथ्वी है,जीवन है। आप लोग आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, और उस पौधे को संरक्षित करना भी है। पौधे से हमलोगों को शुद्ध वायु मिलती है। अपने जन्म दिन पर या मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाकर धरा को हरा भरा रखें। मौके पर शिक्षक अखिलेश किशोर, संतोष कुमार दिवाकर, नेहा कुमारी, पंकज कुमार, छात्र छात्राओं में राजकुमार, शिवानी,शिखा,विकास,राजनंदनी, सुप्रिया, विभा, मनीता, फ्रूटी,राजा समेत अन्य शिक्षकों व छात्रों ने एक एक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की बात कही।

# पीएम मोदी की बोधगया जनसभा में बड़ी सहभागिता को लेकर भाजपा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 22 अगस्त को बोधगया में प्रस्तावित जनसभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। यह बैठक नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों के सम्मान एवं ओबीसी मोर्चा की सहभागिता पर केंद्रित रही। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी ने की।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबसे अधिक लाभ पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग को मिला है। उन्होंने कहा कि नालंदा जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक बोधगया की जनसभा में शामिल होंगे और अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# पुलिस पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के हरनारायणपुर गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को नारदीगंज थाना पहुंचे। इस दौरान सौ से अधिक की संख्या में पुरुष व महिलाओं ने पुलिस पदाधिकारी से मिलकर समस्या को रखें। उसके बाद उपस्थित लोगों ने ग्रामीणों का संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र पुलिस पदाधिकारी को देकर न्याय की गुहार लगाई है। मुखिया दिनेश कुमार, पूर्व मुखिया कृष्ण चंद्र चक्रवर्ती, संतोष कुमार, श्रवण कुमार, राजकुमार प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद समेत अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार,एसआई धीरेंद्र पासवान व पुलिस पदाधिकारी से बातचीत की गई। ग्रामीणों की आवेदन पत्र में शिकायत है कि हरनारायणपुर गांव के रुप नारायण प्रसाद का पुत्र रवि राज उर्फ बाली उदण्ड प्रवृत्ति का युवक है। वह हर समय दबंगई दिखाते रहता है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: बीएमएफ-मशीनिंग-आईसीएफ-200, दिनांक: 18.08.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, बोगी निर्माण कारखाना, पूर्व रेलवे, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता-700137 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार 5 एक्सिस सीएनसी मिलिंग मशीन का इस्तेमाल करके बोगी फ्रेम मशीनिंग तथा आईसीएफ/चेन्नई को डिलीवरी। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 1,27,54,620। **बयाना राशि:** ₹ 2,13,800। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 30.08.2025 को सुबह 10:30 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 16.08.2025। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 16.08.2025 को अपराह्न 4.14 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 07 महीना। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा प्रपत्र डाउनलोड किये जा सकते हैं: **www.ireps.gov.in**। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा किसी भी तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।

(MISC-171/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# गयाजी में डॉ. प्रेम कुमार ने किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गया नगर क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना और मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत हो रहे ये कार्य नगरवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे और शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती देंगे। कार्यक्रम के दौरान वार्ड संख्या 45 में 26 लाख रुपये की लागत से पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसी योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 19 हाते गोदाम में 4 लाख रुपये की लागत से चबूतरा जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास हुआ। मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत वार्ड संख्या 29 में 40.99 लाख, वार्ड संख्या 30 में 63.06 लाख और वार्ड संख्या 4 में 48.82 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वार्ड संख्या 30 अशोकनगर को-ऑपरेटिव कॉलोनी में 9.64 लाख रुपये की लागत से विश्वकर्मा सामुदायिक भवन निर्माण तथा वार्ड संख्या 16 तेलबीघा डोमटोली में 6.30 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इन योजनाओं से न केवल स्वच्छता और जल निकासी की समस्या दूर होगी, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण और विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। स्थानीय नागरिकों ने खुशी जताते हुए कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रेम सागर, हरि यादव, मनोज चंद्रवंशी, सुरेंद्र यादव, गिरिजा शर्मा, संजय सिंह, अशोक सिंह सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर डॉ. प्रेम कुमार ने किया आमंत्रण पत्र वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 22 अगस्त के दौरे को लेकर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ टेकारी रोड क्षेत्र में आमंत्रण पत्र का वितरण किया। ढोल-नगाड़ों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच कार्यकर्ताओं ने गली-गली और मोहल्लों में जाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। लोगों से संवाद करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का बिहार के प्रति विशेष लगाव है और उनका यह दौरा ऐतिहासिक महत्व का होगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर इस अवसर को यादगार बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यह कार्यक्रम जनभागीदारी का प्रतीक बनेगा। आमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रेम सागर, विकास कुमार, अमित लोहानी, सोनू कुमार, ऋषि लोहानी, बंटी वर्मा, दयानंद चंद्रवंशी, रमेश गुप्ता, प्रभावती देवी, विमला देवी, अमर यादव, चंदन भदानी, जितेंद्र कुमार, रौनक सेठ और मालती देवी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर अति पिछड़ा समाज में जबरदस्त उत्साह : प्रमोद चन्द्रवंशी

## प्रधानमंत्री के गयाजी दौरे की तैयारियों में जुटा भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 अगस्त को प्रस्तावित गया और बोधगया दौरे को लेकर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की तैयारियां तेज हो गई है। बुधवार को चंदौती क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांटे। इसके बाद शाम 4 बजे गया जिला अतिथि गृह सभागार में गया, नालंदा, जहानाबाद, नवादा, अरवल और औरंगाबाद जिलों के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता एवं वार्ड पार्षद उपेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने की। बैठक में प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। बताया गया कि 22 अगस्त को बोधगया विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सभा के दौरान लगभग 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। इसी दिन विष्णुपद मंदिर से बोधगया तक कॉरिडोर निर्माण कार्य की शुरूआत और गया से नई ट्रेन सेवा का भी शुभारंभ होना प्रस्तावित है। प्रदेश संयोजक ने कहा कि मोदी सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर बिहार को गौरवान्वित किया है। यह सम्मान विशेष रूप से अति पिछड़ा वर्ग के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि गया की सभा ऐतिहासिक होगी और सभी रैली का रिकॉर्ड तोड़ेगी। प्रकोष्ठ के प्रयास से कम से कम 25 हजार कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में अरवल, जहानाबाद, नालंदा, गया और औरंगाबाद जिलों से आए दर्जनों पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# जनप्रतिनिधि महासम्मेलन की तैयारी को लेकर मुखिया संघ ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** त्रिस्तरीय एवं ग्राम कचहरी प्रतिनिधि संगठनों के आह्वान पर अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 24 अगस्त को पटना के बापू सभागार भवन में जनप्रतिनिधि महासम्मेलन की तैयारी को लेकर प्रखंड के पतेड़ मंगरावां पंचायत मुखिया सह जिला मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार उर्फ डब्लू यादव की अध्यक्षता में वजीरगंज प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में बुधवार को पंचायत प्रतिनिधियों का एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय एवं उपाध्यक्ष विनय भूषण कुमार उर्फ शेर सिंह ने बताया कि पंचायती राज एवं ग्राम कचहरी की व्यवस्था राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा लगातार ध्वस्त करने किया जा रहा है। दुर्भाग्य का विषय है कि भारतीय संविधान के 73वें संशोधन से पंचायती राज व्यवस्था शक्ति में आयी तथा बिहार एक अनोखा राज्य जहा त्रिस्तरीय के साथ ग्राम कचहरी नामक संस्था उत्कृष्ट कार्य कर रही है पर विडंबना है कि हमारे अधिकारों का लगातार किया जा रहा है।

# संयुक्त अभियान में वांछित नक्सली आलोक शर्मा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन, गयाजी के कमांडेंट को मंगलवार को विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर एसएसबी ए समवाय भलुआही (औरंगाबाद) के निरीक्षक (सामान्य) अंबुज कुमार के नेतृत्व में एसएसबी, थाना अम्बा, जिला- औरंगाबाद एवं थाना- बांके बाजार जिला- गया जी (बिहार) के साथ संयुक्त अभियान के दौरान वांछित नक्सली आलोक शर्मा (उम्र -51 वर्ष) पिता- आजाद शर्मा, निवासी ग्राम+ पोस्ट -परता, थाना-अंबा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) को पैतृक गांव- परता जिला- औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वांछित नक्सली थाना- बांके बाजार, जिला- गया जी एवं थाना- देव, जिला- औरंगाबाद (बिहार) में कई संगीन मामलों में संलिप्त है। उपरोक्त नक्सली वर्ष 2020 में डुमरी, महावीरगंज, मौरैनिया गाँव के पास सड़क निर्माण में लगे जेसीबी तथा ट्रैक्टर को जला दिया तथा उनके मुंशी विनोद यादव को अगवा कर लिया था जिनका विवरण हैः-थाना -बांके बाजार -मुकदमा संख्याः -21/20 दिनांक 07/02/2020 धारा 147, 148, 149, 120 121 के अंतर्गत, और 427/435/448/506/365 आईपीसी धारा 10/13/16/18/20 वअढ अधिनियम, 17 सीएल अधिनियम। थाना देव, जिला- औरंगाबाद मुकदमा संख्याः 49/19, 26/03/19 धारा 124ए/171 एफ386/120 बी /34 आईपीसी और 17 सीएल अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किये गए।

# डोभी नगर पंचायत की लापरवाही से डोभी बाइपास किनारे फैला कचरे का ढेर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी (गयाजी)।** गया जिला के डोभी नगर पंचायत की लापरवाही से डोभी बाईपास के किनारे फैला कचरा का ढेर जिससे दुर्गंध और बीमारी का खतरा बढ़ता दिख रहा है। नगर पंचायत डोभी के कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल खड़ा हो रहा है। क्षेत्र से उठाए गए कचरे को शहर से दूर निस्तारित करने के बजाय डोभी बाईपास स्थित मुख्य सड़क के किनारे खुले में फेंका जा रहा है जिसमें गीला और सूखा दोनों कचड़ा शामिल है। कुछ दिनों के बाद इसमें आग लगा दी जाती है जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं से लोग बीमार हो रहे हैं। इससे पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई है जिससे न केवल राहगीर परेशान हैं, बल्कि आसपास के मोहल्लों में रहने वाले लोगों का जीवन भी दूभर हो गया है।

# इसमाइलपुर स्टेशन पर किसानों का धरना, नहर और रेल सुविधाओं की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच/गुरारू।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध के बैनर तले बुधवार को दोपहर 12 बजे इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में एकदिवसीय धरना दिया गया। धरना के दौरान किसानों ने नारे लगाए – इसमाइलपुर में अंगरा शाखा नहर पर और देवरोड हाल्ट के पास कोटवारा शाखा नहर पर रेल पुल का निर्माण कार्य शुरू करो, चेईं नवादा, कोटवारा और अंगरा कैनाल के अंतिम छोर तक उत्तर कोयल नहर का पानी पहुंचाओ, इसमाइलपुर में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा करो तथा डिहरी-गया रेलखंड में दोपहर में एक पैसेंजर ट्रेन चलाना होगा। धरना सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के सचिव, गुरारु उत्तरी के जिला पार्षद व भाकपा माले नेता बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण ही किसानों की वर्षों पुरानी मांगें अधूरी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नहर और रेल संबंधी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन और धारदार रूप लेगा जिसकी गूंज पूरे बिहार ही नहीं, देशभर में सुनाई देगी। धरना के दौरान आंदोलनकारियों ने मांगपत्र स्टेशन अधीक्षक को सौंपा और गीत-संगीत के साथ विरोध जताया। सभा का संचालन तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल जयनंदन शर्मा, जितेंद्र यादव और उपेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में कई नेताओं व किसानों ने अपनी-अपनी बात रखी और कई महत्वपूर्ण मांगों को उठाते हुए सरकार से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि नहर और उससे जुड़ी संरचनाओं की बदहाल स्थिति से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मुख्य मांगें इस प्रकार हैं- इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन से सटे पुल और कोटवारा शाखा नहर पर रेल पुल का निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराया जाए, देव रोड हाल्ट के समीप अंगरा शाखा नहर पर भी रेल पुल का निर्माण कार्य हो, चेईं, नवादा कैनाल, कोटवारा कैनाल और अंगरा कैनाल के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए नहर की मरम्मत व गहरीकरण किया जाए, उत्तर कोयल नहर के मुख्य शाखा में 211 आर.डी. पर बने सी.आर. गेट को हटाया जाए और अवरुद्ध धारा को बहाल किया जाए, नहर से जुड़ी सभी पुल-पुलिया, विशेषकर इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन परिसर और औरंगाबाद जिले के विभिन्न पुट, शीघ्र निर्माण और मरम्मत कराए जाएं। मौके पर दारा सिंह, एल. के. बिंदु, सुधा कुमारी, सुगिया देवी, महेंद्र मांझी, महेंद्र पासवान, देवलाल सिंह, विनोद प्रसाद पूर्व मुखिया, राम विजय यादव, चंचल यादव, सनोज चंद्रवंशी, दिलीप शर्मा, धनेश यादव, अशोक यादव, कृष्णदेव यादव पूर्व मुखिया, सुरेश यादव, मुन्ना प्रसाद, राम पुकार विश्वकर्मा, रमेश कुमार, ब्रह्मदेव यादव, किशोरी मोहन, सोखेंद्र कुमार, सुंदरदेव यादव, विकेश कुमार, ई. रामनरेश यादव समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल और तैनात दिखे।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी चरम पर, किसान परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड के बाजार, भरौंधा, नौडीहा, सगाही आदि में यूरिया खाद की भारी कालाबाजारी से किसानों में आक्रोश और हाहाकार मचा हुआ है। किसानों का आरोप है कि यूरिया खाद दुकानदारों द्वारा निर्धारित मूल्य 266 प्रति बोरा की जगह 380 से 400 प्रति बोरा में बेचा जा रहा है। किसानों ने बताया कि जब वे निर्धारित दर पर खाद की मांग करते हैं तो दुकानदार उन्हें साफ शब्दों में कह देते हैं-खाद नहीं है जहां मिल रहा है, वहां से ले लो। ऐसे में गरीब और छोटे किसान महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। इस संबंध में जब प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि प्रखंड में पर्याप्त मात्रा में खाद आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसी दुकानदार द्वारा कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर नाराज किसानों ने खाद की बिक्री पर निगरानी के लिए टीम गठित करने की मांग की।

# संकल्प तरु ने किया पाठ्य सामग्री का निशुल्क वितरण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी प्रखण्ड के जमुआरा गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को गैर सरकारी संस्था संकल्प तरु द्वारा पाठ्य सामग्री का किट बुधवार को निशुल्क वितरण किया गया। देहरादून की गैर सरकारी संस्था संकल्प तरु द्वारा इंटास व नेफ्रोकुल की मदद से कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों को किट उपलब्ध कराया गया। संकल्प तरु फाउंडेशन के ऑपरेशन कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार ने बताया कि फाउंडेशन को इंटास व नेफ्रोकुल की तरफ से छात्रों के लिए किट उपलब्ध कराया गया है। किट में फोल्डर के साथ कॉपी, पेंसिल, कलर, कटर, इरेजर, कलर, स्केल इत्यादि उपलब्ध कराया गया है। मनीष कुमार द्वारा फाउंडेशन के क्रियाकलाप की जानकारी देते हुए बताया कि फाउंडेशन मुख्य रूप से प्लांटेशन, पोषण किट, पाठ्य सामग्री का वितरण करती है। फाउंडेशन द्वारा दो सौ छात्रों को किट उपलब्ध कराया गया है। मौके पर मौजूद विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनिता देवी, शिक्षिका मोनिका कुमारी व माया कुमारी द्वारा फाउंडेशन के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।


## अदालती सूचना

न्यायालय में,
अवर न्यायाधीश, अष्टम औरंगाबाद (बिहार)
बंटवारा वाद सं.-40/2020
304/2022

सूर्यदेव साव---- वादी
बनाम
कनकलता देवी वगैरह ------- प्रतिवादीगण

**नोटिस**

**बनाम**

कनकलता देवी पति स्व. वृजनन्दन साव, राजीव कमल उर्फ उदय साव, संजीव कमल उर्फ संजय साव, धनन्जय साव, मुकेश परदेशी उर्फ मंजय साव सभी पिता स्व. वृजनन्दन साव, कौशल्या देवी पति मालिकचन्द साव, सुमित्रा देवी पति पुनदेव यादव, ललन साव पिता गोधू साव सभी निवासी ग्राम- पीरु, पो०- पीरु, थाना- हसपुरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार)

चूं वजरिये नोटिस आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरुद्ध उपरोक्त वाद दायर किया है जिसमें आपलोगों को न्यायालय एवं डाक के माध्यम से सम्मन भेजा गया है परन्तु आपलोग उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए है। अतः इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29-8-25 को प्रातः आपलोग स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त वाद में उपस्थित होकर उचित कार्रवाई करें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध वाद की कार्यवाही एकपक्षीय की जायेगी।

इसे ताकीद जाने।

आज दिनांक 30.7.25 को न्यायालय के अधोहस्ताक्षरी द्वारा जारी ।

**अवर न्यायाधीश, अष्टम**
**औरंगाबाद (बिहार)**



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा
Email – dddogarhwa@gmail.com

### –:पशुपालकों के लिए आम सूचना:–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा **दिनांक–20-09-2025 के अपराह्न 5.00 बजे** तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02 दुधारू गाय/भैंस वितरण योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए) |
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीय चरण (01 गाय/भैंस) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

**-: कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना (मिनी डेयरी):-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | बैंक ऋण/लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीय चरण (02 गाय/भैंस) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

**-: कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना (मिडी डेयरी):-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | बैंक ऋण/लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस) | | 2,50,875/- | 1,67,250/- | 83,625/- | 1,67,250/- |

**–: हस्त एवं विद्युत चालित चैफ कटर वितरण :–**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) | 10 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

**अहर्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी। पशुशेड सहित दुधारू गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |

**अहर्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय/भैंस के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो एवं शेड सहित गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**अहर्ता/नियम व शर्ते–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, गढ़वा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू० 10000/- अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशुविक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू गायों का पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण के तहत किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा–पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों का Escrow Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। 02, 05, 10 गाय/भैंस की योजना हेतु अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में 01 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा प्रमाणित किया जाना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसा/कार्यवाही** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा छः दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेस कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।

**नोट :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, सोनपुरवा, गढ़वा, से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है साथ हीं गढ़वा जिला के पोंटल http://www/garhwa.nic.in से डाउनलोड करके आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।**

**PR 359924 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

संपादकीय

# अब राधाकृष्णन पर दांव!

भाजपा और एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए तमिलनाडु के सी. पी.राधाकृष्णन का नाम घोषित कर पहले ही बाजी जीत ली है। अगर वोटिंग हुआ तो उनकी जीत तय है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस राजनीतिक दांव ने तमिलनाडु जरूर खलबली मचा दी है और राज्य में सत्तारूढ़ विपक्षी द्रविड मुन्नेत्र कडघम (डीएमके) को जरूर मुश्किल में डाल दिया है। कुछ ऐसी ही उलझन महाराष्ट्र में विपक्ष में बैठी उद्धव सेना के सामने भी है। क्योंकि सी.पी. राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। बहरहाल, इसे भाजपा का मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। क्योंकि इससे विपक्षी इंडिया गठबंधन सकते में हैं। लिहाजा राधाकृष्णन का नाम घोषित होने के एक दिन बाद भी विपक्ष की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यूं बचपन से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पाठशाला में दीक्षित और पीएच डी. तक शिक्षित सी.पी. राधाकृष्णन कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी ताकत उनका निर्विवाद होना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने जब उनके नाम की घोषणा की तो इसके पूर्व चल रहे सभी नामों की अटकलों पर विराम लग गया। जबकि राधाकृष्णन का नाम सोशल मीडिया पर भी चर्चा में खास नहीं था। नड्डा ने कहा कि यह फैसला पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में संसदीय बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है। गौरतलब है कि चंद्रपुरम पोन्नुसामी (सी पी) राधाकृष्णन बीजेपी के पूर्व वरिष्ठ नेता हैं और लंबे समय तक संगठन में सक्रिय रहे हैं। वे दो बार कोयम्बटूर से लोकसभा सांसद रह चुके हैं और पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष पद पर भी कार्य कर चुके हैं। सी पी राधाकृष्णन ने दक्षिण भारत में भाजपा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फरवरी 2023 में उन्हें झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। जुलाई 2024 में वे महाराष्ट्र के राज्यपाल बने।

राधाकृष्णन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र आंदोलन से की थी। 2007 में, जब वे तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष थे, उन्होंने राज्य में 93 दिनों की 19 हजार किलोमीटर लंबी 'रथ यात्रा' की थी। इस यात्रा में उन्होंने मुख्य रूप से नदी जोड़ो, आतंकवाद, समान नागरिक संहिता, अस्पृश्यता और नशे के दुष्परिणाम जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। तिरूप्पुर में जन्मे 68 वर्षीय सी.पी. राधाकृष्णन सांसद रहते हुए वे संसदीय स्थायी समिति (कपड़ा मंत्रालय) के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा सी. पी. राधाकृष्णन स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जांच के लिए बनी विशेष संसदीय समिति के सदस्य थे। 2016 में उन्हें कोच्चि स्थित कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया, जहाँ उन्होंने चार साल तक काम किया। उनके नेतृत्व में भारत से नारियल रेशा का निर्यात 2532 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच गया। गौरतलब है कि देश में उप राष्ट्रपति का चुनाव परोक्ष पद्धति से होता है, जिसके निर्वाचक मंडल यानी इलेक्टोरल कॉलेज में राज्यसभा और लोकसभा के सांसद शामिल होते हैं। दोनों सदनों में मनोनीत सदस्यों को भी उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान का अधिकार होता है। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदी धनखड़ द्वारा अचानक इस्तीफा दिए जाने से नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की स्थिति बनी है। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन भरने की आखिरी तारीख़ 21 अगस्त है। मतदान 9 सितंबर को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे। हालांकि चुनाव के लिए मतदान होगा या नहीं यह इस बात पर निर्भर है कि विपक्ष अपना कोई उम्मीदवार खड़ा करता है या नहीं। वह अपना प्रत्याशी खड़ा कर सांकेतिक विरोध भी कर सकता है। सबकी निगाहें डीएमके के रूख पर लगी हैं। क्या वह तमिल होने के नाते राधाकृष्णन का समर्थन करेगी या फिर विरोध। तमिलनाडु में अगले साल विस चुनाव है। ऐसे में राधाकृष्णन का विरोध डीएमके को महंगा पड़ सकता है।

# विश्व अर्थव्यवस्था पर बढ़ता अमेरिकी आतंक

**दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण अमेरिका लंबे समय से वैश्विक आर्थिक नीतियों पर दबदबा बनाए हुए है। यह दबदबा अब खुलेआम दादागिरी का रूप ले चुका है, खासकर जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मनमाने टैरिफ लगाकर देशों को आर्थिक रूप से झुकाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा ने इस दादागिरी को और स्पष्ट कर दिया है। यानी कुल मिलाकर 50 फीसदी का टैरिफ - यह न सिर्फ व्यापारिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगा, बल्कि वैश्विक व्यापार संतुलन पर भी असर डालेगा।**

**प्रो. महेश चंद गुप्ता**

ट्रंप को भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर आपत्ति है, जबकि विडंबना यह है कि चीन भी यही कर रहा है और अमेरिका स्वयं रूस से यूरेनियम और खाद खरीद रहा है। यानी सिद्धांत और व्यवहार में अमेरिकी नीति दोहरे मानदंडों से भरी है। सवाल यह है कि भारत क्यों अपने हितों को ताक पर रखकर अमेरिकी दबाव में काम करे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत पर टैरिफ बढ़ोतरी के एलान के बाद पहली बार एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिक्रिया ने भारत के अडिग रुख को और मजबूती से सामने रखा है। उससे भारत का अडिग रवैया परिलक्षित हो रहा है। मोदी ने साफ कह दिया है कि हमारे लिए, हमारे किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है, चाहे उसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े। भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। यह वक्तव्य बताता है कि भारत अब वैश्विक दबावों के आगे नतमस्तक नहीं होगा।

यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के आंकड़ों के अनुसार भारत-अमेरिका के बीच वार्षिक व्यापार 11 लाख करोड़ रुपये का है। भारत अमेरिका को 7.35 लाख करोड़ रुपये का निर्यात करता है, जिसमें दवाइयाँ, दूरसंचार उपकरण, जेम्स-एंड-ज्वेलरी, पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं। वहीं, अमेरिका से भारत 3.46 लाख करोड़ रुपये का आयात करता है, जिसमें कच्चा तेल, कोयला, हीरे, विमान व अंतरिक्ष यानों के पुर्जे शामिल हैं।

लेकिन यहां चिंता की बात यह है कि चीन, वियतनाम, बांग्लादेश और इंडोनेशिया जैसे देशों पर अमेरिका ने इतना भारी शुल्क नहीं लगाया है, जिससे उनके उत्पाद भारतीय उत्पादों की तुलना में अमेरिकी बाजार में सस्ते पड़ेंगे। फिर भी, मोदी सरकार का रवैया दृढ़ है। साठ के दशक में हम गेहूं, दूध के लिए भी अमरीका पर निर्भर थे लेकिन लगता है ट्रंप ने उन दिनों लिखी गई कोई किताब ताजा



मानकर पढ़ ली है। उन्हें आज भी पुराना भारत दिख रहा है, जिसे वह झुकाने की सोच रहे हैं। उन्हें यह समझ में आ जाना चाहिए कि अब भारत पहले वाला भारत नहीं रहा है। वह आत्मनिर्भर एवं विश्व में तेजी से बढ़ती हुई अर्थ व्यवस्था है। भारत का पूरे विश्व में दबदबा बढ़ रहा है।

उद्योग जगत भी इस दबाव को एक अवसर के रूप में देख रहा है। उद्योगपति हर्ष गोयनका का कहना है कि अमेरिका निर्यात पर टैरिफ लगा सकता है, लेकिन हमारी संप्रभुता पर नहीं। आनंद महिंद्रा ने तो यह भी कहा कि जैसे 1991 के विदेशी मुद्रा संकट ने उदारीकरण की राह खोली थी, वैसे ही यह टैरिफ संकट भी हमें आत्मनिर्भरता की दिशा में गति दे सकता है। ललित मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ट्रंप को 2023 की उस रिपोर्ट की याद दिलाई है, जो अमेरिका की कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने ही जारी की थी। गौरतलब है कि गोल्डमैन सैक्स ने इस रिपोर्ट में कहा था कि भारत 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जो न केवल जापान और जर्मनी, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका को भी पीछे छोड़ देगा। रिपोर्ट में अनुमान है कि 2075 तक भारत की जीडीपी 52.5 ट्रिलियन डॉलर होगी, जो चीन के 57 ट्रिलियन डॉलर से कम लेकिन अमेरिका के 51.5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होगी।

वर्तमान में, भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तेजी से आगे बढ़ रही है। अमेरिका की आर्थिक दादागिरी कोई नई बात नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही वह वैश्विक आर्थिक नीतियों में अपनी शर्तें थोपता आया है, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। चीन पहले ही उसके दबाव में नहीं आ रहा और अब भारत भी साफ संकेत दे रहा है कि उसकी प्राथमिकता अपने राष्ट्रीय हित हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक युद्ध रोकने का श्रेय लेने की अमेरिकी कोशिश को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। यही रुख अब टैरिफ विवाद में भी नजर आ रहा है।

मोदी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और इंडिया फर्स्ट जैसी नीतियों के जरिये 2047 तक भारत को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ राजनीति भारत के आत्मनिर्भरता अभियान को और तेज कर सकती है।

धैर्य और संयम के साथ नेतृत्व करना भारत की ताकत है। रामचरितमानस का वह प्रसंग याद आता है जब विभीषण ने युद्ध के समय श्रीराम से कहा कि रावण के पास सब कुछ है, पर आपके पास कुछ नहीं। तब श्रीराम ने उत्तर दिया कि सबसे बड़ी शक्ति धैर्य, शांति और सहनशीलता है। यही नीति आज भारत के नेतृत्व में झलक रही है जहां ट्रंप अभिमान में हैं, वहीं भारत दृढ़ता और शांति के साथ आगे बढ़ रहा है।

इतिहास ने साबित किया है कि अमेरिका कभी भी भारत का स्थायी मित्र नहीं रहा। ट्रंप की नीतियों का विरोध अमेरिका के भीतर भी हो रहा है। ऐसे में बदलते समीकरण भारत के लिए नए अवसर खोल सकते हैं। ट्रंप भले ही मनमाना रवैया अपनाए हुए हैं पर वह भी फंस रहे हैं। टैरिफ के मुद्दे पर उनका अमरीका में भी विरोध हो रहा है। बदले परिदृश्य मे नए वैश्विक समीकरण बनने की संभावनाएं हैं। ट्रंप का रुख चीन के साथ भारत के संबंधों को बदल सकता है। पीएम मोदी इस महीने के आखिर में सात सालों के बाद चीन के दौरे पर जा रहे हैं। वह वहां तिआनजिन में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित होने वाली शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एसीओ) समिटम में शामिल होंगे। मोदी का यह चीन दौरा ऐसे समय में होने जा रहा है, जब दोनों देशों के रिश्तों को सुधारने की कोशिशें चल रही हैं। भारत बहुत बड़ा बाजार है, जिसकी चीन को सख्त जरूरत है। भारत मे जब भी स्वदेशी का मुद्दा उठता है तो चीन इसे अपने खिलाफ मानता है। स्वदेशी की अवधारणा का चीनी उत्पादों पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में चीन क्यों नहीं चाहेगा कि उसके भारत के साथ संबंध मधुर हों। खासकर, तब जब अमरीका खुद ही भारत से दूरियां बढ़ा रहा है। चीन को भारत के विशाल बाजार की जरूरत है, और अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में दूरी बढ़ने से बीजिंग अपने संबंध सुधारने को उत्सुक होगा।

अमेरिका की आर्थिक दादागिरी भले ही अभी भी जारी हो, पर बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत का आत्मविश्वास, अडिग रुख और दूरदर्शी नेतृत्व इसे न सिर्फ झेलने में सक्षम है, बल्कि इसे अपने विकास की सीढ़ी भी बना सकता है। आने वाले समय में अपने हितों की रक्षा करते हुए दुनिया में अपनी शर्तों पर आगे बढ़ना ही भारत की असली ताकत होगी। अर्थव्यवस्था के शिखर पर पहुंचकर भी भारत वसुधैव कुटुम्बकुम के मार्ग पर चलेगा। सबका कल्याण ही भारत की सोच है। हम तो प्राचीन काल से ही सर्वे भवन्तु सुखिनः ही सोच रखते हैं। दादागिरी हमारा स्वभाव नहीं है।

अध्यात्म

## कठिनाइयों में शांत रहना, वास्तव में शांति है

एक राजा था जिसे चित्रकला से बहुत प्रेम था। एक बार उसने घोषणा की कि जो कोई भी चित्रकार उसे एक ऐसा चित्र बना कर देगा जो शांति को दर्शाता हो, तो वह उसे मुँह माँगा पुरस्कार देगा। निर्णय वाले दिन एक से बढ़ कर एक चित्रकार पुरस्कार जीतने की लालसा से अपने-अपने चित्र लेकर राजा के महल पहुँचे। राजा ने एक-एक करके सभी चित्रों को देखा और उनमें से दो चित्रों को अलग रखवा दिया। अब इन्ही दोनों में से एक को पुरस्कार के लिए चुना जाना था। पहला चित्र एक अति सुंदर शांत झील का था। उस झील का पानी इतना स्वच्छ था कि उसके अंदर की सतह तक दिखाई दे रही थी। और उसके आस-पास विद्यमान हिमखंडों की छवि उस पर ऐसे उभर रही थी मानो कोई दर्पण रखा हो। ऊपर की ओर नीला आसमान था जिसमें रुई के गोलों के सामान सफ़ेद बादल तैर रहे थे। जो कोई भी इस चित्र को देखता उसको यही लगता कि शांति को दर्शाने के लिए इससे अच्छा कोई चित्र हो ही नहीं सकता। वास्तव में यही शांति का एक मात्र प्रतीक है। दूसरे चित्र में भी पहाड़ थे, परंतु वे बिलकुल सूखे, बेजान, वीरान थे और इन पहाड़ों के ऊपर घने गरजते बादल थे जिनमें बिजलियाँ चमक रहीं थीं, घनघोर वर्षा होने से नदी उफान पर थी, तेज हवाओं से पेड़ हिल रहे थे, और पहाड़ी के एक ओर स्थित झरने ने रौद्र रूप धारण कर रखा था। जो कोई भी इस चित्र को देखता यही सोचता कि भला इसका शांति से क्या लेना देना? इसमें तो बस अशांति ही अशांति है। सभी आश्वस्त थे कि पहले चित्र बनाने वाले चित्रकार को ही पुरस्कार मिलेगा। तभी राजा अपने सिंहासन से उठे और घोषणा की कि दूसरा चित्र बनाने वाले चित्रकार को वह मुँह माँगा पुरस्कार देंगे। हर कोई आश्चर्य में था! पहले चित्रकार से रहा नहीं गया, वह बोला- लेकिन महाराज उस चित्र में ऐसा क्या है जो आपने उसे पुरस्कार देने का फैसला लिया, जबकि हर कोई यही कह रहा है कि मेरा चित्र ही शांति को दर्शाने के लिए सर्वश्रेष्ठ है? आओ मेरे साथ! राजा ने पहले चित्रकार को अपने साथ चलने के लिए कहा। दूसरे चित्र के समक्ष पहुँच कर राजा बोले- झरने के बायीं ओर हवा से एक ओर झुके इस वृक्ष को देखो। उसकी डाली पर बने उस घोंसले को देखो, देखो कैसे एक चिड़िया इतनी कोमलता से, इतने शांत भाव व प्रेमपूर्वक अपने बच्चों को भोजन करा रही है। फिर राजा ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को समझाया- शांत होने का अर्थ यह नहीं है कि आप ऐसी स्थिति में हों जहाँ कोई शोर नहीं हो, कोई समस्या नहीं हो, जहाँ कड़ी मेहनत नहीं हो, जहाँ आपकी परीक्षा नहीं हो। शांत होने का सही अर्थ है कि आप हर तरह की अव्यवस्था, अशांति, अराजकता के बीच हों और फिर भी आप शांत रहें, अपने काम पर केंद्रित रहें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। अब सभी समझ चुके थे कि दूसरे चित्र को राजा ने क्यों चुना है। हर कोई अपने जीवन में शांति चाहता है। परंतु प्राय- हम शांति को कोई बाहरी वस्तु समझ लेते हैं, और उसे दूरस्थ स्थलों में ढूँढते हैं, जबकि शांति पूरी तरह से हमारे मन की भीतरी चेतना है। और सत्य यही है कि सभी दु:ख-दर्दों, कष्टों और कठिनाइयों के बीच भी शांत रहना ही वास्तव में शांति है।

# लोगों को 'आदर्श भारतीय नागरिक' बनाने का समय

**चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के आधार पर सरकार ग्राम पंचायत/ नगरीय निकाय से लेकर विधान सभा और लोकसभा चुनाव में स्वप्रेरणा से आगे आकर सौ फी सदी वोट देने वाले जागरूक मतदाताओं सहित सभी प्रकार के कर/ शुल्क चुकाने वालों, यातायात के नियमों का पालन करने वालों, आपराधिक/ असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने वालों, नेकी, ईमानदारी, सदाचार और राष्ट्र भक्ति की गतिविधियों में संलग्न जिम्मेदार नागरिकों को 'आदर्श भारतीय नागरिक' विशेष सम्मानजनक दर्जा और सीने पर लगो जाने वाला बेज प्रदान कर ही सकती है.**

**विनोद नागर**

दुनिया के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देश के रूप में 'इंडिया' जो कभी गुट निरपेक्ष आन्दोलन की मेजबानी को ही वैश्विक उपलब्धि मानकर आत्म मुग्ध होता रहा, अब विश्व की महाशक्तियों के साथ आँख से आँख मिलाकर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिये तत्पर है. 'भारत' को यह बराबरी का दर्जा दिलाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छप्पन इंच का सीना कितना काम आया है, यह उनके पिछले ग्यारह साल के कार्यकाल की अतुलनीय और अनगिनत उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए आसानी से समझा जा सकता है.

विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए देश ने पिछले एक दशक में जो ऊँची छलाँग लगाई है, वह निश्चित ही अभूतपूर्व है, बल्कि राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने वाली है. जाहिर है इससे एक सौ चालीस करोड़ भारतवासी ही नहीं, दुनिया जहान के दूर देशों में जा बसे करोड़ों आप्रवासी भारतीय भी गौरवान्वित हैं. 79 वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर देश को और आगे ले जाने के बारे में चिंतन करते हुए कई मुद्दे उभरकर सामने आते हैं. आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से परे अब हमारा ध्यान उन विषयों की ओर जाना चाहिये, जो अन्यान्य कारणों से अभी तक उपेक्षित से रहे हैं.

दुनिया के तमाम छोटे-बड़े देशों की जब हम बात करते हैं, तो वहाँ के नागरिकों की पहचान प्रायः कद-काठी, रंग-रूप, खान-पान, वेश-भूषा और भाषाई आधार पर मस्तिष्क में उभरती है. लेकिन फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे यूरोपीय देश हों या चीन, जापान, और रूस जैसे देश, वहाँ के नागरिकों की पहचान भाषा और नस्ल के अतिरिक्त नैतिक आधार पर आत्म अनुशासन वाली चारित्रिक विशेषताओं के जरिये भी अनुकरणीय लगती है. इन्हीं सन्दर्भों में जब हम भारतीय नागरिकों की पहचान करने की चेष्टा करें तो अनेक विरोधाभास और दोहरे मापदंड नज़र आते हैं.

सड़क पर यातायात नियमों का पालन करना हो या सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का उपयोग करने का मामला हो हम भारतीयों का रवैया देश और विदेश में एकदम बदला हुआ पाते है. जो भारतीय देश में इन छोटे-छोटे मसलों पर फैली अराजकता के लिये सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए 'कुँए में भांग घुली है' की नियति मानकर सहज भाव से स्वीकार कर अपना पल्ला झाड़ लेता है, वही व्यक्ति अपने बच्चों के पास विदेशों में महीने-दो महीने बिताकर जब लौटता है, तो वहाँ लेन में चलने, खाली सड़क पर भी लाल बत्ती में रुकने और निर्धारित तौर-तरीकों का पालन करने जैसी अच्छाइयों के गीत गाते नहीं अघाता. अच्छे नागरिक का यह दोहरा चरित्र भला किसे अच्छा लगेगा? जाहिर है आज़ादी के आठ दशक बाद भी हम लोगों को आदर्श भारतीय नागरिक बनाने का काम ठीक से नहीं कर पाये हैं. सेना को छोड़कर सरकारी तंत्र हो, सरकारी संपत्ति हो अथवा पुलिस आज भी हमें 'अपनी' नहीं लगती. सरकारी दफ्तर, सरकारी अस्पताल, सरकारी शिक्षण संस्थान यहाँ तक की सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट और ट्रैफिक सिग्नल भी हमें पराये लगते है. आज़ादी के इतने सालों बाद भी हम लोगों को सड़क पर हमेशा बायीं ओर चलने की बुनियादी आदत नहीं सिखा पाये हैं और न ही सड़क पर थूकने की बुरी आदत से निजात दिला पाये हैं.

फौरी तौर पर इसकी एक बड़ी वजह अशिक्षा बताई जाती है. जबकि इसके मूल में शिक्षा का नहीं बल्कि 'नागरिक शिक्षा' का अभाव है. जिसे हमने अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा प्रणाली से दशकों पूर्व ही तिलांजलि दे दी.आज भारत के किसी भी कोने में ऐसा शायद ही कोई निरक्षर, अज्ञानी, अनपढ़ आदमी आपको मिले जिसे कोई चतुर सुजान नकली नोट या खोटा सिक्का थमाकर चलता बने. फिर हम किस आधार पर यह कह सकते हैं कि शिक्षा की कमी के कारण लोग अच्छे नागरिक नहीं बन पा रहे है. देश में नशे की सामाजिक बुराई भी सामाजिक नियंत्रण के अभाव में ही तो फल-फूल रही है.

75 साल तो हमें भारतीय दंड संहिता को बदलने में लग गये. यदि संसद में विधिसम्मत ढंग से प्रस्ताव पारित कर जम्मू-काश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 को ख़त्म किया जा सकता था, तो 'काल के भाल' पर लिखी इस गलती को सुधारने में पूर्ववर्ती सताधीशों को किसने रोका था? ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लम्बे चले स्वाधीनता संग्राम के दौरान सरकारी कानूनों के उल्लंघन के जन आंदोलनों की मानसिकता स्वतंत्र भारत में जिस सहजता से बदल जानी चाहिए थी, उस तरफ किसी का ध्यान नहीं गया.

आज भी यदि लोग सरकारी कानूनों के पालन को लेकर सजग नहीं हैं और शासन/ प्रशासन की ढील-पोल या सख्ती के खिलाफ तुरंत धरना प्रदर्शन और चक्का जाम आन्दोलन करने में देर नहीं लगाते तो इसे लोकतंत्र के नाम पर मिली आज़ादी का सदुपयोग नहीं कहा जा सकता. स्वतंत्र भारत में लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था से चुनी हुई सरकार के पक्ष या विपक्ष में अपना समर्थन या विरोध केवल चुनाव के समय अभिव्यक्त कर घर बैठ जाते हैं, तो यह उदासीनता किस तरफ इशारा करती है?

अपने अधिकारों को लेकर तो हर कोई जागरूक है और उसका हनन होने पर कोर्ट कचहरी तक जाने को तैयार है; लेकिन नागरिकों के कर्तव्यों को लेकर जो राष्ट्रीय प्रतिमान गढ़े जाने थे, वे हाशिये पर ही रह गये. केंद्र, राज्य, नगरीय निकायों और पंचायती राज व्यवस्था को मिलकर समूचे भारतीय नागरिकों के लिये एक आदर्श आचार संहिता बनाने पर विचार करना चाहिये. इसमें 'आदर्श भारतीय नागरिक' का स्वैच्छिक दर्जा पाने के लिये लोगों को प्रेरित के बहुआयामी उपाय किये जा सकते है. मतदान को अनिवार्य बनाने में कोई वैधानिक अड़चन हो, तो भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये सरकार उन सभी जागरूक मतदाताओं को जिन्होंने सभी प्रमुख चुनावों में वोट डाला हो, उन्हें 'आदर्श मतदाता/ आदर्श नागरिक' के रूप में सम्मानित कर विभिन्न करों में आकर्षक छूट/ विशेष रियायत/ प्राथमिकता की सुविधाएँ प्रदान कर व्यक्तिगत स्तर पर राष्ट्रीय गौरव की अनुभूति करा सकती है. पर सरकार को इस तरह के अहम् फैसले विपक्षी दलों के अड़ियल रवैये को दरकिनार करते हुए ही लेने पड़ेंगे.

चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के आधार पर सरकार ग्राम पंचायत/ नगरीय निकाय से लेकर विधान सभा और लोकसभा चुनाव में स्वप्रेरणा से आगे आकर सौ फी सदी वोट देने वाले जागरूक मतदाताओं सहित सभी प्रकार के कर/ शुल्क चुकाने वालों, यातायात के नियमों का पालन करने वालों, आपराधिक/ असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने वालों, नेकी, ईमानदारी, सदाचार और राष्ट भक्ति की गतिविधियों में संलग्न जिम्मेदार नागरिकों को 'आदर्श भारतीय नागरिक' विशेष सम्मानजनक दर्जा और सीने पर लगे जाने वाला बेज प्रदान कर ही सकती है.

इस तरह के ठोस उपायों से आदर्श भारतीय नागरिकों की नई पहचान दिलाने की जनोन्मुखी पहल स्वागतयोग्य होगी इसमें कोई संदेह नहीं. दो दशक बाद भारत अपनी स्वतंत्रता शताब्दी वर्ष मनाएगा. इससे पहले लोगों को 'आदर्श भारतीय नागरिक' बनाने के राष्ट्रीय अभियान का श्रीगणेश अगले गणतंत्र दिवस से करही दिया जाना चाहिए. 'हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा आये' की तर्ज पर इस जन अभियान पर सरकार को न तो करोड़ों रूपये की धनराशि खर्च करनी है, न लम्बा चौड़ा प्रशासनिक तामझाम जुटाना है. वर्ष 2014 में साफ़-सफाई जैसे गौण लेकिन महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर 'स्वच्छ भारत अभियान' को जन आन्दोलन में बदलते हम सबने देखा है.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार को लेकर कड़े निर्णय ले सकते हैं। पति-पत्नी के आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आयेगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
मामूली बातों पर अनबन हो सकती है। धन की कमी के कारण कुछ काम रुक सकते हैं। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। सुख-सुविधाओं पर धन खर्च होगा। मौसमी बीमारियों से आपको सावधान रहना चाहिये।

**कर्क**
जिन लोगों को स्वास्थ्य समस्या थी उनकी सेहत में सुधार हो सकता है। आपको भागादौड़ी अधिक करनी पड़ेगी। आज अनेक स्रोतों से धन लाभ हो सकता है।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल वातावरण रहेगा। अधिकारी आपकी पदोन्नति को लेकर विचार कर सकते हैं। घर में धर्म-कर्म का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नींद न पूरी होने के कारण थकान महसूस हो सकती है। अपने मित्रों व नजदीकी लोगों की सफलता से ईर्ष्यालु हो सकते हैं।

**तुला**
आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो सकती है। ऐसी स्थिति में वास्तविक मित्रों की पहचान होगी। परिजनों का व्यवहार भी आपके लिये कुछ खास नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**
आज आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। अनुभवी लोगों से सलाह लेना बहुत शुभ होगा। जीवनशैली को व्यवस्थित करने का प्रयास करें।

**धनु**
आज आपके ऊपर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ सकता है।आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मन की बातें शेयर करेंगे। व्यापार में नये अनुबन्ध कर सकते हैं।

**मकर**
दाम्पत्य जीवन की अनबन दूर होगी। प्रतियोगी परीक्षा में अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद होने की आशंका बन रही है। अधिकारियों से आपको डाँट खानी पड़ सकती है।

**कुंभ**
पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। घर की सजावट और महँगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। जॉब में बदलाव के इच्छुक हैं तो दिन सुखद रहने वाला है।

**मीन**
आज आपको मेहनत करते रहना चाहिये। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवादों का निपटारा होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट में आपको योगदान देने का अवसर मिलेगा।

# बाढ़ प्रभावितों को सीएम ने डीबीटी द्वारा राशि की हस्तांतरित

## सात हजार प्रति परिवार की दर से दी गई राशि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना से बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्रथम चरण में डीबीडी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा आज बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुग्रहिक राहत राशि प्रदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। जिसके तहत जिले के 76039 परिवारों के बैंक खाते में 7 हजार प्रति परिवार की दर से कुल 53.23 करोड़ रूपया डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित कर दी गई है।श्री सिंगला ने बताया कि जिला अंतर्गत कुल आठ प्रखंडों में 3,46675 परिवार बाढ़ से प्रभावित है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 240 नावों का परिचालन कराया गया। साथ ही 155 कम्युनिटी किचन भी संचालित कराया गया है। जिसमें अब तक कुल 670006 परिवारों को सुबह-शाम भोजन कराया जा चुका है। वहीं अब तक 26132 परिवारों के बीच पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया जा चुका है। जिला प्रशासन द्वारा 305 स्वास्थ्य कैम्प बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में संचालित है। जिसमें 18127 लोगों क इलाज कराया जा चुका है तथा 992.5 किलोग्राम ब्लीजिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा चुका है। पशुओं के लिए कुल 80 कैंप लगाये गये है। जहां 10342 पशुओं का इलाज कराया गया है तथा 2158.90 क्विंटल पशुचारा का वितरण किया गया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद किया जा रहा है एवं लगातार इसकी समीक्षा भी की जा रही हैं। इस अवसर पर समाहरणालय स्थित कारगिल भवन में उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बरौनी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मेला में उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मेला के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़ थमने का नाम नहीं ले रही है. पूरा नगर राधा-कृष्ण की भक्ति में डूबा हुआ है, और हर गली-मोहल्ला जैसे मथुरा-वृंदावन की छवि में रंगा नजर आ रहा है. पंडालों में उमड़ती भीड़ और दर्शन के बाद मुरलीधर संग सेल्फी लेने की होड़ यह दर्शाती है कि आस्था अब तकनीक के साथ कदमताल कर रही है।युवा से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई मोबाइल में उन पलों को संजोने को उत्सुक है। मीना बाजार की रौनक, रंगीन रोशनी और भव्य सजावट ने मेले को एक दिव्य रूप दे दिया है। जहां आधुनिकता के बीच भी आध्यात्म की लौ और तेज हो गई है। परिवार, मित्र और जोड़े सभी इस माहौल में रम गए हैं और डिजिटल माध्यमों से अपनी श्रद्धा को नए अंदाज में अभिव्यक्त कर रहे हैं। सुरक्षा के मोर्चे पर बरौनी ने तेघड़ा से बेहतर व्यवस्था की मिसाल पेश की है। रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, स्थानीय पुलिस और आयोजक शिव कुमार उर्फ पंकज सीसीटीवी व ड्रोन की मदद से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए हैं। रेलवे फील्ड बरौनी में मनोरंजन के झूले जैसे डबल डिश, बड़ी नाव, ब्रेक डांस, मौत का कुआं लोगों को खूब लुभा रहे हैं और टिकट के लिए लंबी कतारों के बावजूद चेहरों पर मुस्कान बनी हुई है। आलूचट्टी रोड पर नवयुवक संघ पूजा समिति द्वारा सजे मुख्य मंडप नेतृत्व में बना तोरण द्वार नगरवासियों को संस्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम दिखा रहा है। लोगों की जुबां पर बस एक ही बात है। बरौनी की सजावट और आयोजन सराहनीय है। इस वर्ष बरौनी की आध्यात्मिक धड़कन आधुनिकता की ताल में गूंजती हुई एक नई सांस्तिक चेतना का संचार कर रही है। यह मेला अब जन-जन की श्रद्धा और उत्साह का जीवंत प्रतीक बन चुका है। जो सामूहिक स्मृति में दर्ज हो रहा है। डक्टर केशव गांधी, अविनाश कुमार आदि ने कहा लाइटिंग की ऐसी भव्यता है कि बरौनी से तेघड़ा तक प्रकाशमय फैल रही है और दर्जनों स्थलों पर फैली यह सांस्तिक विरासत पूरे क्षेत्र की पहचान बन चुकी है।

## एक नजर

### कांग्रेस ने मनाई पूर्व पीएम की जयंती

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड कोंग्रेस ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गाँधी की जयंती मनाई। प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर मे बुधवार को साहेबपुर कमाल बिधानसभा के पूर्व कांग्रेस उम्मीदवार राकेश सिंह की अध्यक्षता मनाई गई। साथ ही उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता राकेश सिंह ने कहा की श्री गाँधी आजीवन भारत के बिकास के लिए प्रत्यनसील रहे। उन्होंने जिस डिजिटल भारत की शुरूआत की थी। आज वही डिजिटल भारत लोगो को रोजगार दे रही है। डिजिटल भारत लोगो को शिक्षित भी कर रही। राजीव गाँधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने पंचायती राज को तो मजबूत किया। कृषि बिकास शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र मे जो बिकास की शुरूआत की थी। वही प्रयास आज 140 करोड़ जनता को जीने की राह दिखा रही है। आज के इस श्रद्धांजलि सभा मे नगर कांग्रेस अध्यक्ष मो तारिक, पप्पू, मो छोटू कुरैसी, नवीन सिन्हा, गंगा महतो, मिथलेश सिंह, मंजू देवी, एहतेशामूल हक,मो मेहराज, सुनील ठाकुर ललन चौधरी मेहराज फिरोज जाकिर नीरज कुमार साइद अहमद राजकुमार शर्मा मो मोजाहिर जाहिद आमिर जफरूल इस्लाम नंदन शाह पिंटू शाह ओमप्रकास पोद्दार सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता ने भाग लिया।

### मुख्यमंत्री पारिवारिक योजना का मिला लाभ

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आश्रितों को मिला मुख्यमंत्री पारिवारिक योजना का लाभ।राटन पंचायत के ध्यान चक्की गांव के वार्ड नंबर दो निवासी मृतक बजरंगी साह के आश्रित माता मंजू देवी को बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी महेशचंद्र ने कुल बीस हजार रूपए का चेक दिया।आप को बताते चले कि 12 अगस्त को डरहा महावीर मंदिर के निकट शड़क दुर्घटना में रामबिलास साह के पुत्र बजरंगी साह की शड़क दुर्घटना में स्पट मृत्यु हो गई थी, जबकि एक जिंद्री मौत से झुझ रहे हैं। पीड़ित अत्यंत गरीब परिवार है सरकार की इस योजना से तत्काल जीवन यापन करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर प्रखंड नाजिर महेंद्र दास, राटन पंचायत के उप मुखिया अजीत कुमार, अशोक महतो कुशवाहा, वार्ड सदस्य रीता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता रामविनय पासवान, पूर्व वार्ड सदस्य रंजीत महतो आदि मौजूद रहे।

### दस दिवसीय कम्बाइंड ट्रेनिंग कैंप का समापन

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगवार की देर शाम नगर परिषद बरौनी स्थित एनसीसी केमप निपानिया में दस दिवसीय सीएटीसी 7 के कैम्प के अंतिम दिन पूर्व संध्या पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान कैम्प में उपस्थित बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दी। बच्चों ने अपने अंदर छिपे प्रतिभा को लोगो के बीच प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा अपरेशन सिंदुर, मां काली नृत्य, के साथ कई प्रकार के प्रदर्शन किया। वही बुराइयों कुरीतियों पर जागरूकता लाकर उन्हें एक सकारात्मक संदेश दिया। कैम्प के अंतिम दिन समापन समारोह के दौरान बच्चों को ड्रिल कंपीटीशन, फायरिंग, डिबेट, रस्सा कस्सी कैसे प्रदर्शन में बेस्ट कैडेट्स को मंडल व समापन कैम्प के कर्नल रवि शंकर, के साथ काल कंपनी विजेता डेल्टा (व) कंपनी को चौंपियन ट्राफी प्रदान किया गया।

### आरोपित गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बलिया थाना पुलिस ने कांड संख्या 124/25 के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष बिकास कुमार राय ने बताया की श्रीमदपुर निवासी करेलाल ठाकुर के पुत्र गौरव कुमार पर लड़की के अपहरण का आरोप था। लड़की के पीड़ित परिजन ने लड़की के अपहरण का आरोप लगाते हुए 19 अप्रेल को प्राथमिकी दर्ज करवाया था।

# मध्याह्न भोजन में छिपकली गिरने से तीन बच्चे बेहोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले के बछवाड़ा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय जहांपुर में मंगलवार को मध्यान्ह भोजन में छिपकली गिर जाने से तीन बच्चे बेहोश हो गए। सभी को स्थानीय पीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल बच्चों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय का घेराव कर दिया और घंटों तक प्रधानाध्यापक को स्कूल परिसर में ही बंधक बनाए रखा। स्थिति बिगड़ने पर बछवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। छात्रों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी मध्यान्ह भोजन में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। जब इस बारे में वरीय शिक्षक से शिकायत की गई तो उन्हें धमकी दी गई और विद्यालय से निकाल देने की बात कही गई। ग्रामीणों का भी कहना है कि हेडमास्टर से शिकायत करने पर शिक्षक उनकी बात सुनने के बजाय उल्टे उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। वहीं विद्यालय के हेड मास्टर अमित कुमार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा ऐसी कोई बात नहीं है। मध्यान्ह भोजन किसी संस्थान द्वारा बनाया जाता है और हम पूरी जांच के बाद ही बच्चों को खाना खिलवाते हैं। मैं किसी को धमकी नहीं देता, हमेशा सम्मानजनक तरीके से बात करता हूँ। यह घटना निराधार है। इस पूरे मामले पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि घटना की जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीकृष्ण मेला में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** श्री कृष्ण मेला समिति पहसारा पश्चिमी द्वारा आयोजित दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। यह मुकाबला देर शाम तक चला। फाइनल कुश्ती प्रतियोगिता को देखने हेतु दर्शक उमड पड़े। कटिहार के करण पहलवान ने गाजीपुर के अंकित पहलवान को दंगल के आठवें मिनट में पटखनी देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल अपने नाम कर लिया। वही गाजीपुर के पहलवान अमित ने पौड़ा के रौशन को चारों खाने चित कर दूसरे मेडल पर कब्जा जमा लिया। बनारस के पहलवान रितेश रोहियार के पहलवान से मात खाकर अपना मेडल गंवा दिया। कुश्ती के शुरूआती दौर में मिले समय में कोई निर्णय नहीं हो सका। बाद के पांच मिनट का समय दिया गया। इसमें दीपक ने रीतेश को कुश्ती के चौथे मिनट में चित्त कर तीसरे पायदान के मेडल पर कब्जा जमाने में कामयाब रहा। इस अखाड़े का सर्वश्रेष्ठ पहलवान पहसारा के भोला को घोषित किया गया। वह कई पहलवानों के साथ कुश्ती लड़कर जीत दर्ज किया था। वही बनारस के विष्णु पहलवान तथा सागी के अजमलतुल्ला को क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय सर्वश्रेष्ठ पहलवान के खिताब से नमाजा गया। वैसे इस फाइनल दंगल मुकाबला में दो दर्जन से अधिक पहलवानों की जोड़ी ने अपने कला कौशल का जलवा दिखाया। बनारस के विष्णु तथा कटिहार के करण पहलवान की कुश्ती अनिर्णीत रही तो वही गाजीपुर के पहलवान अमित ने जौनपुर के पहलवान राजा को परास्त कर कुश्ती अपने नाम कर लिया। सागी के अजमलतुल्ला तथा कटिहार के पहलवान नमन की कुश्ती बराबरी पर छूटी तो अयोध्या के पहलवान मंटू ने देवरिया के पहलवान साहब उद्दीन को पटखनी दिया। पहसारा के पहलवान भोला तथा सरकौर के राजू का रोमांचक मुकाबला हुआ। भोला के दांवपेंच के सामने राजू कमजोर दिखाई देता रहा अंत में भोला उसे पटखनी देकर दंगल अपने नाम कर दर्शकों का प्रिय पात्र बन गया। उसरी के कारेलाल ने कानपुर के सूरज को, पौड़ा के रौशन ने रोहियार के दीपक को, गाजीपुर के शैलेंद्र ने उसरी के रौशन को, पहसारा के भोला ने देवरिया के मुकेश को पौड़ा के अर्जुन ने आजमगढ़ के दिव्याष्शु को, नेपाल के राहुल ने राजस्थान के अनवर को पटखनी देकर दंगल प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा। कुश्ती प्रतियोगिता में कारी यादव तथा गोपाल सिंह रेफरी तथा चंदन कुमार व शिवेश रंजन उद्घोषक थे। दंगल प्रतियोगिता में अव्वल आये पहलवानों को बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने मेडल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यहां आकर तथा पहलवानों की कुश्ती देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को पढाई के साथ साथ खेल में भी बढावा देने की अपील की। खेल मैदान निर्माण की स्वीति मिल गई है। इसके निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मौके पर पूर्व नगर विधायक श्रीकृष्ण सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि श्याम नंदन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राम नाथ सिंह, सरपंच प्रतिनिधि रामाशीष सिंह गुरूजी, भाजपा युवा जिला उपाध्यक्ष शिवम वत्स, मेला समिति अध्यक्ष वचन देव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सहनी, गोलू, गोविन्द, घनश्याम कुमार, मोहन पोद्दार आदि मौजूद थे।

# एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अररिया।** बुधवार को अररिया जिले में मध्याह्न भोजन योजना ( पी0एम0 पोषण योजना) से आच्छादित विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने वाले सभी रसोईया-सह-सहायकों के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का रोहित कुमार चैरसिया, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना, अररिया ने दीप प्रज्जलित कर शुरूआत किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना, अररिया ने जिले के 1933 विद्यालयों में कार्यरत 6314 रसोईया-सह-सहायकों के लिए दिनांक 20.08.2025 से 31.08.2025 तक प्रखंडवार 50-50 रसोईया-सह- सहायकों के बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम का रोस्टर निर्गत किये है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के अररिया प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय, खरैया बस्ती में आयोजित पशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रसोईया-सह- सहायकों को संबोधित करते हुए बताया गया कि विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन ससमय उपलब्ध कराया जाय। सरोज कुमार तिवारी, जिला समन्वयक, मध्याह्न भोजन योजना, अररिया द्वारा उक्त प्रशिक्षण में संबोधित करते हुए मध्याह्न भोजन योजना (पी0एम0 पोषण योजना) का निर्धारित उद्देश्य, लक्ष्य एवं मानको के संबंध में विस्तार से चर्चा किये तथा विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के संचालन में गुणवत्ता, मात्रा, समयबद्धता, सुरक्षा एवं पारदर्शिता के सभी मानकों से उपस्थित रसोईया-सह- सहायकों को अवगत कराये, जिला समन्वयक ने मध्याह्न भोजन बनाने, मध्याह्न भोजन परोसने, चावल एंव खाद्य सामग्री के भंडारण, रख-रखाव तथा रसोईघर एवं किचेन डिवाईस, थाली इत्यादि सामग्रियों का अच्छी ढंग से नियमित साफ-सफाई में रसोईया-सह-सहायकों की भूमिका एवं दायित्वों को गहनता से चर्चा किये तथा विद्यालयों में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर मीनू के अनुसार निर्धारित मध्यावकाश के अवधि में गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन वितरित करने हेतु आवष्यक निर्देश दिये। साथ ही कड़ी हिदायत दी कि किसी भी परिस्थिति में कीड़े-मकोड़े/ विषैल पदार्थ युक्त/अवांछनीय जीव-जन्तु युक्त मध्याह्न भोजन छात्र-छात्राओं को खाने हेतु परोसा नही जाय, अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिला समन्वयक द्वारा बताया गया कि निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार,पटना के आदेषानुसार मध्याह्न भोजन बनाने वाले सभी रसोईया-सह- सहायकों का कार्यक्षमता संर्वधन हेतु प्रशिक्षण कराया जा रहा है तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुश्रवण भी किया जा रहा है। रोहित कुमार चैरसिया, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना, अररिया द्वारा उपस्थित सभी रसोईया-सह-सहायकों को निदेशित किये कि बच्चों की उपस्थिति के अनुसार निर्धारित मात्रा में एवं मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन तैयार कर सुरक्षित ढंग से ससमय बच्चों को खाने हेतु परोसा जाय. मध्याह्न भोजन योजना के संचालन में किसी भी प्रकार की लापारवाही, अनियमितता एवं मनमानी प्रमाणित पाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आयोजित प्रशिक्षण में रसोईया-सह-सहाययकों के मासिक मानदेय दुगुना किये जाने पर विनायक मिश्रा, निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार, पटना, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, षिक्षा मंत्री एवं नीतीश कुमार मुख्य मंत्री,बिहार सरकार को रसोईया-सह- सहायकों ने धन्यवाद ज्ञापित भी किये।

# जूनियर स्कॉटिश स्कूल में इंटर हाउस टूर्नामेंट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अररिया।** बुधवार को जूनियर स्कॉटिश स्कूल, शास्त्री नगर, अररिया में बड़े ही उत्साहपूर्वक इंटर हाउस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एस.डी.पी.ओ. सुशील कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। कक्षा 1 से 4 (बालक वर्ग) के लिए आयोजित डॉज बॉल प्रतियोगिता में साकेत हाउस विजेता तथा विक्रमशिला हाउस उपविजेता रहा। कक्षा 1 से 4 (बालिका वर्ग) की डॉज बॉल प्रतियोगिता में नालंदा हाउस विजेता तथा विक्रमशिला हाउस उपविजेता घोषित हुआ।

मॉन्टेसरी सेक्शन के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक विभिन्न खेलों में भाग लिया। इनमें फ्रॉग जंप, म्यूजिकल चेयर और शटल रेस शामिल थे। परिणाम इस प्रकार रहे,यथा नर्सरी : प्रथम नित्या, द्वितीय निर्मन, तृतीय आयुष, एल.के.जी. प्रथम आयत, द्वितीय ऋषव, तृतीय इनाया, यू.के.जी. : प्रथम आरुष, द्वितीय अंजलि, तृतीय अभिश्री शामिल हैं। इस अवसर पर जूनियर स्कॉटिश स्कूल के निदेशक अनुप कुमार ने सभी शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का समापन उल्लास और उत्साह के बीच हुआ तथा भविष्य में और भी ऐसे खेल आयोजन करने का संकल्प लिया गया।

# मुकदमा में आरोपित दो शिक्षक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** लाखो थाना के मध्य विद्यालय, लाखो के विशिष्ट शिक्षक विश्वनाथ दास और उत्क्र उच्च विद्यालय, जहाँनपुर के शिक्षक आनंद मोहन दास को कारावासित कर जेल भेज दिया गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बछवाड़ा एवं मंसूरचक के पत्रों के अनुसार, प्रथम दृष्टया आरोपों को प्रमाणित मानते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी के अनुमोदन उपरांत दोनों शिक्षकों को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2005 एवं समय-समय पर संशोधित कंडिका-09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। विश्वनाथ दास का मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय मंसूरचक निर्धारित किया गया है। आनंद मोहन दास का मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, छौड़ाही रहेगा।निलंबन अवधि में अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर दोनों शिक्षकों को नियमानुसार जीवन-यापन भत्ता प्रदान किया जाएगा।इस संबंध में प्रपत्र 'क' अलग से निर्गत किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत और प्रथम दृष्टया आरोपों के प्रमाणित पाए जाने के आधार पर उठाया गया है। दोनों शिक्षकों के खिलाफ आगे की जांच जारी रहेगी।मामला लाखो थाना क्षेत्र से जुड़ा है और शिक्षा विभाग मामले की गंभीरता को देखते हुए कड़ी कार्रवाई कर रहा है।

# कुटुंबा-मदनपुर में हो रहा आवासीय विद्यालय का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा एवं मदनपुर प्रखंड में भवन निर्माण विभाग द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर प्लस टू आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। कुटुंबा में विद्यालय निर्माण को ले भवन निर्माण विभाग द्वारा टेंडर की प्रक्रिया पूरी करते हुए पंकज कंस्ट्रक्शन नामक एजेंसी को कार्य आवंटित किया गया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के उपरांत विभाग द्वारा निर्माण हेतु प्रक्रिया शुरू की गई है। विद्यालय में रहने एवं खाने की व्यवस्था भी होगी। नामांकित बच्चे विद्यालय परिसर में ही रहकर पढ़ाई करेंगे। एक ही कैंपस में बच्चों को हर तरह की गतिविधि करने का मौका मिलेगा। इससे उनके शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। डा. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का निर्माण कुटुंबा के साथ-साथ मदनपुर में कराया जा रहा है। वहीं देव प्रखंड में विद्यालय निर्माण कार्य को ले टेंडर की प्रक्रिया जारी है। इन दोनों प्रखंडों के अलावा जिले के अन्य प्रखंडों में भी डा. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिन प्रखंडों में छात्रावास का निर्माण प्रस्तावित है उनमें देव, रफीगंज, ओबरा व नवीनगर प्रखंड का नाम भी शामिल है। प्रस्तावित विद्यालय की स्थापना को लेकर भूमि चिन्हित करने एवं अन्य विभागीय कार्रवाई की जा रही है। भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अमित कुमार ने बताया कि कुटुंबा व मदनपुर में डा. भीमराव आंबेडकर प्लस टू आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। 46 करोड़ सात लाख 97 हजार रुपये की लागत से निर्माण कार्य हो रहा है। इसके साथ ही पड़रावां में संयुक्त श्रम भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसका निर्माण पांच करोड़ 88 लाख 23 हजार रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसके साथ ही सच्चिदानंद सिन्हा कालेज के समीप 100 बेडेड छात्रावास का निर्माण कराया जाना है। चार करोड़ 98 लाख 83 हजार की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य स्थलों पर निर्माण कार्य चल रहा है।

# जगदीशपुर में वोटर अधिकार यात्रा की तैयारी : हर घर से एक वोटर पहुंचेगा आरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित वोटर अधिकार यात्रा को लेकर जोरदार तैयारी चल रही है। यह यात्रा आजादी की दूसरी लड़ाई के रूप में लोगों को अपने मतदान अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा 22 अगस्त से जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गाँव में वोटर अधिकार यात्रा का प्रचार रथ निकाला जाएगा। साथ ही लोगों से अनुरोध किया गया कि अगर किसी नए नाम को वोटर सूची में जोड़ना है या किसी जिंदा व्यक्ति का नाम मृत दिखा कर काटा गया है।

बैठक में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 30 अगस्त को आरा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा सभा में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के हर घर से कम से कम एक वोटर अवश्य पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रत्येक गांव में इस अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाए। मौक़े पर मौजूद रहे बैठक में बिरेंद्र सिह, नायक सिह, ब्यास विपिन सिह, राजू यादव, मंजि सिह, पर्मेश्वर सिह, गुरु जी, रमाकांत सिह, लाल मोहर सिह, पप्पू सिह, धर्मेंद्र सिह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वोट अधिकार रैली को लेकर महागठबंधन की बैठक

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ़ लोहिया ने सोमवार को आरा के पार्क व्यू होटल में आयोजित महागठबंधन की अहम बैठक में शिरकत की। यह बैठक आगामी 30 अगस्त को प्रस्तावित वोट अधिकार रैली की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। बैठक में महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जहाँ रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने कहा वोट का अधिकार लोकतंत्र की नींव है। जनता की सक्रिय भागीदारी से ही एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रह सकती है। यह रैली जनता के अधिकार और उसकी ताक़त को दिखाने का माध्यम होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के अड्डे पर छापामारी करने गयी टीम पर हमला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साठी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर बारी टोला में मंगलवार को शराब धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिस का मोबाइल फोन फोड़ दिया। जान मारने की नीयत से दारोगा का गला दबाने लगे। जिससे दारोगा जमीन पर गिर गए। दारोगा को बचाने आए चौकीदार विनोद यादव और रामबाबू कुमार से भी मारपीट की गई। घटना में दोनों जख्मी हो गए। मामले में पुलिस ने वीरेंद्र साह व प्रियांशु कुमार को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में साठी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। साठी थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरी की बाइक जब्त,तीन गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने चोरी की गई बाइक के साथ तीन युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पारसा गांव से चोरी की गई बाइक को बरामद करते हुए पारसा गांव के दिलजान आलम, विंध्याचल कुमार व मनदीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। विदित हो कि परसा गांव के मुन्ना साह ने अपनी दरवाजे से बाइक चोरी होने के मामले में थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया था।

### अपहृता बरामद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड पुलिस ने अपहृत नाबालिग लड़की को बेतिया से बरामद कर लिया है। पुलिस ने लड़की को बरामद कर 164 का बयान एंव मेडिकल हेतु भेज दिया है। विदित हो कि लगभग एक माह पुर्व मैनाटांड थाना क्षेत्र के गांव से नाबालिग लड़की की अपहरण कर लेने के मामले में लड़की के पिता ने मुकेश दास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खजुरिया बहुअरवा में प्रधानाध्यापक महमूद आलम के नेतृत्व में बुधवार को शिक्षक की विदाई व नए शिक्षक के आगमन को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वर्षों से पदस्थापित शिक्षक परमेश्वर महतो का म्युचुअल स्थानांतरण दूसरे विद्यालय में होने पर उनकी विदाई की गई। जबकि विद्यालय में उनके स्थान पर नए शिक्षक के रूप में उपेंद्र शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अंग वस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र यादव, शिक्षक सुधीर पासवान, अमजद आलम, मोहम्मद कासिम, राकेश रोशन, सुदामा दास, अलीशा, संध्या, मंटू कुमार, आतिश कुमार, पंकज कुमार, एजाज अंसारी, विनीत तिवारी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### बिहार राज्य गोंड महासभा की बैठक 24 अगस्त को

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य गोंड महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 24 अगस्त को पटना में आहूत की गयी है। इसकी जानकारी देते हुए गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जवाहर प्रसाद ने यहां बताया कि पटना के जगजीवन शोध संस्थान में आयोजित इस बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए संगठन के सदस्यों के साथ एक बैठक बेतिया में की गयी। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य गोंड महासभा की यह बैठक गोंड समुदाय के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने और संगठन की भावी रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई है। इस बैठक में समुदाय के विकास, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक एकता जैसे प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा। इसके अलावा, आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन की राजनीतिक भागीदारी और समुदाय के हितों को मजबूत करने की रणनीति पर भी चर्चा होने की संभावना है। अध्यक्ष ने कहा कि गोंड समुदाय बिहार के सामाजिक ताने-बाने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी यह बैठक समुदाय के उत्थान और एकजुटता के लिए मील का पत्थर साबित होगी। हमें अपनी आवाज को बुलंद करने और समाज के हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की जरूरत है।

### मोतीझील के विकास के लिए 14.99 करोड़ की राशि स्वीकृति



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के मोतिहारी स्थित मोतीझील के झील तट का पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकास के लिए कुल 14,99, 88,400/- मात्र के प्राक्कलित राशि की प्रशासनिक स्वीकृति पर्यटन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा दी गई है और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम किस्त के रूप में चार करोड़ रुपए की राशि के निकासी एवं व्यय की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। विशेष सचिव पर्यटन विभाग बिहार पटना द्वारा जारी पत्र के आलोक में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया है कि इस योजना का कार्यान्वयन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत बहुद्देशीय हॉल एवं रेस्टोरेंट, घाट एवं व्यू प्वाइंट, शौचालय ब्लॉक तथा प्रवेश द्वार का निर्माण, लैंडस्कैपिंग और एमईपी सर्विसेज इत्यादि से संबंधित कार्य किया जाना प्रस्तावित है। मोतीझील के झील-तट का पर्यटन की दृष्टिकोण से विकास कि इस योजना को अगले 12 माह में पूर्ण किए जाने की संभावना है।

### डिस्पैच सेंटर के लिये डीएम, एसपी ने किया एटीसी भवन का निरिक्षण



**रक्सौल / मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रक्सौल तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ रक्सौल विधान सभा के डिस्पैच सेंटर को चिन्हित करने के लिए रक्सौल, हवाई अड्डा मैदान स्थित एटीसी भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि सहायक अभियंता, भवन प्रमंडल के साथ संयुक्त निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी, रक्सौल कर लेंगे एवं यदि सब कुछ उपयुक्त रहा तो मरम्मती कराते हुए रक्सौल, विधान सभा हेतु डिस्पेंस सेंटर के रूप में चिह्नित करते हुए प्रतिवेदित करेंगे। निरीक्षण के दौरान देखी गई कि हवाई अड्डा मैदान में पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह है एवं यहां पर ट्रैफिक की समस्या भी नहीं होगी। यहां पर बिजली, पीने का पानी एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध भी सहूलियत के साथ किया जा सकता है ।

### दो बाइक जप्त,शराब की बड़ी खेप बरामद, धंधेबाज फरार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी तथा झरौखर थाना पुलिस ने संयुक्त तौर पर छापेमारी कर दो बाइक पर लदे दो बोरा नेपाली शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है.उक्त कारवाई आठमुहान बोर्डर के निकट की गई.इस दौरान धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक और शराब को छोड़ भाग निकलने में सफल हो गए.इधर पुलिस बरामद बाइक की सत्यापन तथा फरार तस्कर को चिंहित करने में जुटी है.छापेमारी टीम में पुअनि दीपक कुमार एवं एसएसबी जवान शामिल थे।

### तालाब से वृद्ध का शव हुआ बरामद

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के पुरनहिया झरौखर पथ स्थित सीताराम भागता के टेका के निकट एक तालाब से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बुधवार की सुबह एक वृद्ध का व्यक्ति का शव को बरामद किया। मृतक का शव तलाब के पानी में तैर रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर के निकलवाया। मृतक की पहचान की पहचान थाना क्षेत्र के बसवरिया गांव के निवासी मोहरलाल प्रसाद (80) के रूप में हुई है। मृतक का शहर के मेन रोड़ में पशुपति हार्डवेयर दुकान है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मृतक शहर के घोड़ासर स्थित अम्बिका पैलेस के समीप अपने आवासीय मकान में रहता था। परिजनों ने बताया कि सुबह में घूमने के क्रम में तालाब में गिरने से मौत हो गयी। मृतक मानसिक रूप से कमजोर भी था। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

### राजस्व महाअभियान को सफल बनाने हेतु बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अरेराज अनुमंडल कार्यालय परिसर में आज एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा), बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ), प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार सरकार द्वारा संचालित राजस्व महा अभियान की प्रगति की समीक्षा करना एवं इसे सफल बनाने हेतु सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था।

# हॉकी के प्रति जोश जगाने बेतिया पहुंची एशिया कप 2025 की ट्रॉफी

**महाराजा स्टेडियम में एशिया कप हॉकी ट्रॉफी का भव्य स्वागत**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण तब आया जब हीरो एशिया कप 2025 पुरुष हॉकी चौम्पियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा 19 अगस्त की देर संध्या बेतिया के महाराजा स्टेडियम पहुंची। यह आयोजन हॉकी प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का संचार करने वाला साबित हुआ। महाराज स्टेडियम, में जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से आई टीम से ट्रॉफी को प्राप्त किया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, डीआरडीए निदेशक पुरुषोत्तम कुमार त्रिवेदी, ओएसडी सुजीत कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार और जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित उपस्थित रहे। ट्रॉफी आगमन के उपलक्ष्य में एक भव्य स्वागत समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विदित हो कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 17 अगस्त 2025 को राजगीर हॉकी स्टेडियम परिसर में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी और आधिकारिक मास्कॉट शुभंकर चंद का भव्य अनावरण किया था। इसी अवसर पर ट्रॉफी गौरव यात्रा का शुभारंभ भी किया गया, जिसके तहत यह ट्रॉफी बिहार के सभी 38 जिलों और प्रमुख शहरों में ले जाई जा रही है, ताकि राज्य भर में खेल भावना और हॉकी के प्रति आकर्षण बढ़े। राजगीर पहली बार इस अंतर्राष्ट्रीय टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है। 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में एशिया की शीर्ष 8 टीमें भारत, चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, चीनी ताइपे और कजाकिस्तान अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

# हीरो एशिया कप की ट्रॉफी गौरव यात्रा का खेल भवन, मोतिहारी में हुआ स्वागत



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खेल विभाग, बिहार; हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के संयुक्त तत्वावधान में 29 अगस्त से 7 सितम्बर 2025 तक नालंदा के राजगीर खेल परिसर में आयोजित होने वाले हीरो एशिया कप 2025 का ट्रॉफी गौरव यात्रा का स्वागत स्थानीय खेल भवन में जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त, नगर निगम श्री सौरभ सुमन यादव के द्वारा किया गया। इस आयोजन में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तरफ से आए ट्रॉफी गौरव यात्रा टीम के सदस्यों को जिलाधिकारी ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया । जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार के द्वारा राजगीर में आयोजित हीरो एशिया कप 2025 में भारत,चीन,चीनी ताइपे, जापान, कोरिया, मलेशिया और ओमान की टीमें भाग ले रही है,यह बिहार के लिए गौरव का पल है। नगर आयुक्त ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद करते हुए कहा कि खिलाड़ी ईमानदारी, मेहनत और लगन से अपने खेलो का अभ्यास करें जिससे कि वे आने वाले राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक खेल मैदान, खेल परिसर का निर्माण कार्य बिहार सरकार के द्वारा किया जा रहा है जिससे खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर होगा। जिला खेल पदाधिकारी श्री शुभम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जिले केखिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई जरूरत महसूस हो तो वह हमसे आकर मिले और मैं उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने का प्रयास करूंगा । नगर आयुक्त एवं जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा पास द बाल किया गया। जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।इस अवसर पर जिला एथलेटिक संघ के सचिव अरविंद कुमार, जिला साइकलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा, जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव से शैलेंद्र कुमार मिश्रा, जिला तलवारबाजी संघ के सचिव अप्पू कुमार, जिला कबड्डी संघ के सचिव भानु प्रकाश जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव पवन शरण, शारीरिक शिक्षकों में मनोज कुमार प्रसाद, अरुण गुप्ता, रश्मि कुमारी, सुरभि कुमारी, विपुल आनंद, छोटन कुमार तथा खेलो इंडिया प्रशिक्षक राजन कुमार एवं कार्यालय कर्मी मोहम्मद मुबाशिर रमेश कुमार तथा अन्य उपस्थित थे।

# डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय में सद्भावना दिवस मनाया गया



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय में सद्भावना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई । यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ठरर की स्वयं सेविकाओं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्पणा ने सभी को सद्भावना प्रतिज्ञा दिलाई और इसके बाद कार्यक्रम में शालू कुमारी ने सद्भावना दिवस पर गाना प्रस्तुत किया। जिसके बोल थे 'गूंजे गगन में, महके पवन में सद्भावना'। पोस्टर प्रदर्शनी में पलक सिंह , परिणीता कुमारी , श्रुति कुमारी, प्रेरणा और रागिनी ने भाग लिया। सद्भावना दिवस से संबंधित कविताओं का पाठ श्रुति एवं शिखा कुमारी ने किया। भाषण में पलक सिंह, बुशरा फैयाज, रागिनी कुमारी एवं परिणीता ने अपनी अपनी प्रस्तुति की। सांप्रदायिक सद्भाव , शांति और राष्ट्रीय एकता के महत्व को आधार बनाकर एक एकांकी नाटक की प्रस्तुति की गई जिसमें रंजना कुमारी , मनीषा कुमारी, साजदा खातून, प्रेरणा, श्रुति, अनीता, रिंकू कुमारी, वंदना गोस्वामी, मनीषा और अनीशा ने अभिनय किया। एकांकी प्रस्तुति के बाद राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बिपिन दुबे ने सद्भावना दिवस पर विस्तृत भाषण दिया, जिसमें राजीव गांधी के राजनीतिक कार्यो की चर्चा की । इंटरनेट की दुनिया में भारत का प्रवेश एवं भारत में टेलीविजन का प्रवेश राजीव गांधी के समय में ही हुआ। पंचायती राज व्यवस्था सबसे अच्छी राज व्यवस्था है इसकी ओर राजीव गांधी ने ही सर्वप्रथम सभी का ध्यान आकर्षित करवाया। राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीप माला श्रीवास्तव ने धर्म और पंथ शब्द के अंतर पर ध्यान आकर्षित करवाया। पंथनिरपेक्ष राष्ट्र बनाने में राजीव गांधी के योगदान पर चर्चा की। अंत में अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य महोदय ने कहा कि राजीव गांधी ने शांति के लिए कार्य करते हुए देश पर स्वयं को न्यौछावर कर दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी आचार्य गण उपस्थित रहे। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का सहयोग रहा एवं महाविद्यालय के माली हरि चरण का विशेष सहयोग मिला।

# नगर आयुक्त ने नगर निगम के विभिन्न वार्डों में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम, नगर आयुक्त, सौरभ सुमन यादव के द्वारा नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिसके तहत वार्ड संख्या 41, वार्ड संख्या 43, वार्ड संख्या 44 तथा वार्ड संख्या 46, वार्ड संख्या 9 तथा वार्ड संख्या 11 में चल रहे विभिन्न योजनाओं को देखा गया जिनमें उनके साथ सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, संबंधित वार्ड पार्षद एवं क्षेत्र की जनता मौजूद थी। इन योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया गया तथा ससमय योजना पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया ।

# सशस्त्र सीमा बल की भूमि के दाखिल खारिज एवं भूमि अधिग्रहण के संबंध में समीक्षात्मक बैठक

**सशस्त्र सीमा बल के तरफ से फायरिंग रेंज के लिए भूमि को चिन्हित करने हेतु अनुरोध किया गया**




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 47 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कैंप में जिलाधिकारी के द्वारा एसएसबी कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट, पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी, रक्सौल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रक्सौल, भूमि सुधार उप समाहर्ता, रक्सौल, अंचलाधिकारी, रक्सौल, आदापुर, रामगढ़वा एवं छौड़ादानों के साथ सशस्त्र सीमा बल की भूमि के दाखिल खारिज एवं भूमि अधिग्रहण के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की गई। इस बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी द्वारा अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया एवं सशस्त्र सीमा बल के तरफ से फायरिंग रेंज के लिए भूमि को चिन्हित करने हेतु अनुरोध किया गया। बैठक में भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर नो मैंस लैंड पर अतिक्रमण को हटवाने के लिए भी विमर्श किया गया । इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, रक्सौल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रक्सौल, भूमि सुधार उप समाहर्ता, रक्सौल एवं सभी संबंधित अंचलाधिकारी को सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर नो मैंस लैंड की अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव- 2025 को देखते हुए सीमा पार से अवैध कैश, शराब, महंगी धातुएं, ड्रग्स आदि के प्रवाह को रोकने के लिए सशस्त्र बीमा बल के अधिकारियों से आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया ।

### दहेज के लिए दो बच्चे की मां को घर से निकाला

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दहेज के लिए एक विवाहिता को ससुराल वालों द्वारा घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। मामला नगर के मारवाड़ी मुहल्ला का है। जिस महिला को घर से निकाला गया उसके दो बच्चे भी है। महिला के दो बच्चे भी है। पीड़ित महिला ने बुधवार को शिकारपूर थाने में एक आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में उसने बताया है कि मारवाड़ी मुहल्ला निवासी धीरज पोद्दार से उसकी अंतरजातीय विवाह हुई थी। दोनों के वैवाहिक जीवन से दो बच्चे भी है। शादी के कुछ दिन बाद से उसके पति द्वारा अपने रिश्तेदारों से मिलकर दहेज में एक लाख रुपए की मांग करने लगा। जब महिला रुपए देने से मना कर दी तो उसे बच्चे के साथ घर से बाहर निकाल दिया। वह विते 22 जुलाई से भटक रही है। जब भी वह घर में जाने की कोशिश करती है तो उसे प्रताड़ित एवं मारा पीटा जाता है। आवेदन में उसने ये भी बताया है कि उसके पति अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर उसका जमीन भी बेचने के फिराक में है।

# राजकुमार शुक्ल की 150 वीं जयंती पर डॉ. राजेश अस्थाना पं. राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान से होंगे सम्मानित

**31 अगस्त को पटना के गर्दनी बाग स्थित सुप्रसिद्ध बापूधाम टावर में होगा भव्य समारोह**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोतिहारी के रहने वाले बॉलीवुड के अभिनेता निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना को वर्ष 2025 के पं. राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान के लिए चुना गया है। यह राष्ट्रीय सम्मान उनको उनकी चर्चित फि ल्म 'चम्पारण सत्याग्रह' के निर्माण एवं पंडित राजकुमार शुक्ल की भूमिका के लिए दिया जायेगा। कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाने वाला यह सम्मान डॉ. राजेश अस्थाना को 31 अगस्त को पटना के गर्दनी बाग स्थित सुप्रसिद्ध बापूधाम टावर में चम्पारण सत्याग्रह के सूत्रधार पंडित राजकुमार शुक्ल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में दिया जायेगा। समारोह का आयोजन लाडो बानी फैन्स क्लब (ट्रस्ट) पटना द्वारा किया गया है। संस्थान की केंद्रीय अध्यक्ष सुप्रसिद्ध संस्कृतिकर्मी व समाजसेवी रागिनी पटेल ने डा. राजेश अस्थाना को पत्र द्वारा उन्हें वर्ष 2025 का पं. राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान ग्रहण करने हेतु अनुमति मांगा और डा. अस्थाना ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। इस मौके पर बिहार के राजनेताओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य प्रबद्धजनों को देशभर से आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा कॉरपोरेट रूप में बन रही यह फिल्म सुप्रसिद्ध गाँधीवादी ब्रजकिशोर सिंह लिखित 'चम्पारण में बापू' एवं डा. राजेश अस्थाना द्वारा लिखित पुस्तक 'चम्पारण सत्याग्रह गाथा' से संदर्भित है। चम्पारण में नील की खेती, अंग्रेज निलवरों द्वारा शोषण - अत्याचार, किसान आंदोलन,चम्पारण सत्याग्रह हेतु गाँधी का आगमन, मुक्तिपर्व एवं वर्तमान परिदृश्य की चलचित्र विधा में इस अनकही कथा को देश-दुनिया से परिचित कराने के लिए युवा फिल्मकार ई. युवराज द्वारा निर्मित 'चम्पारण सत्याग्रह' की परिकल्पना, कथानक, स्क्रिप्ट, संवाद, अभिनय एवं निर्देशन का जिम्मा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बिहार के चर्चित फिल्मकार डा. राजेश अस्थाना ने संभाला है। इस बीच भारत के अलावे नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार (वर्मा) सिंगापुर, मलेशिया और अफ्रीका में आयोजित फिल्म फेस्टिवल समारोहों में फिल्म चम्पारण सत्याग्रह ने जबरदस्त धूम मचाई है।

# निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान नाबालिग की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के पुरानी बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान एक नाबालिग बच्ची की मौत हुई है। मौत के बाद यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि मामले में मृत बच्ची के परिजनों ने किसी अधिकारी या पुलिस के पास शिकायत नहीं की है। लोगों का कहना है कि कतिपय बिचौलिये व दलालों की मिली भगत से मामले को रफा दफा कर दिया गया है। जिस किलिनीक में बच्ची की मौत हुई है वह निजी क्लीनिक अनुमंडलीय अस्पताल से महज पचास मीटर की दूरी पर स्थित है। पहले भी इस क्लीनिक में इलाज के दौरान एक नवजात की मौत हो गई थी।

### 13 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जाएगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली से प्राप्त पत्र के आलोक में आगामी 13 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन पूर्वाहन 10:00 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर पूर्वी चंपारण मोतिहारी में किया जाएगा। लोक अदालत की तैयारी को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूर्वी चंपारण मोतिहारी के निर्देश के आलोक में नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय पदाधिकारी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कार्य योजना बनाई गई।

# स्काउट और गाइड शिविर का उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठिया भोपत गोढ़िया में हुआ समापन







**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत स्काउट और गाइड के सौजन्य से उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठिया भोपत गोढिया में स्काउट और गाइड का आयोजन दिनांक 11 अगस्त से 18 अगस्त तक हुआ। समापन कार्यक्रम दिनांक 19 अगस्त को विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। स्काउट और गाइड शिविर संचालक श्री अमीर अनवर एवं कुमार नितेश के नेतृत्व में बच्चों ने अनुशासन टेंट बनाना, मेडिकल उपचार, देशभक्ति की भावना विकसित करना, स्काउटिंग का उद्देश्य आदि का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के अवसर पर बच्चों ने गायन वादन, छठ आधारित झांकी, पिरामिड खेल, डांस, आदि का प्रस्तुति किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय विधायक डॉक्टर शमीम अहमद एवं जिला परिषद श्री लालाबाबू यादव, पैक्स अध्यक्ष श्री विनोद सिंह, सरपंच श्री महेश राय, भूमि दाता परिवार, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव, शिक्षक प्रमेश कुमार, कुमार नितेश, महेश्वर प्रसाद यादव, संतोष कुमार सिंह, कुमार राकेश रंजन, मीणा कुमारी, रेखा कुमारी, अंजली भारती एवं कविता कुमारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि माननीय विधायक डॉ शमीम अहमद एवं आमंत्रित सभी अतिथि को सभी शिक्षक एवं ग्रामीणों ने अभिनन्द किए। माननीय विधायक ने बच्चों को दिए प्रस्तुति पर काफी आनंदित हुए। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ स्काउट एवं खेल की भावना विकसित करने केवलिए प्रेरित किए। वहीं विद्यालय में टीएलएम एवं छात्र दिलखुश द्वारा बनाया गया रॉबर्ट देखकर को सभी अतिथि गण काफी आश्चर्यचकित हुए। श्री लालाबाबू प्रसाद यादव ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को देखकर विद्यालय में पुस्तकालय एवं स्मार्ट क्लास बनाने का आश्वासन दिए। सरपंच श्री महेश राय ने सभी शिक्षाको को बहुत धन्यवाद दिए। शिक्षकों को बच्चों के प्रति लगाव देखकर अतिथिगण प्रसन्न थे। स्काउट शिविर के संचालक कुमार नितेश एवं आमिर अनवर ने भाग लिए सभी बच्चों का सर्टिफिकेट वितरण किए। बच्चों को दिए प्रसूति पर माननीय विधायक ने बच्चों का बहुत पुरस्कार दिए। अतिथि लालाबाबू यादव, पैक्स अध्यक्ष ने भी बच्चों को पुरस्कृत किए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रभारी प्रधानाध्यक रौशन कुमार ने आए अतिथि एवं अभिभावकों का संबोधित करते हुए भारत स्काउट गाइड का समापन किए।

**Affidavit**

I, Arpana Devi, wife of Late Kumar Arvind Pratap, R/o- A-2, Lakhan Vishwanath Apartment, Ambedkar Path, Near Poonam Gas Agency, Bailey Road, B.V. College, P.S. - Rajeev Nagar, Distt- Patna do hereby solemnly affirm and declare that Avantika Pratap, aged about 15 years is my daughter and her father's name is Kumar Arvind Pratap. Hence this affidavit. No.7992 dated 20.8.25

# कई धर्मों को सींचकर जीवंत करने वाली नदी, आज अपने हाल पर बेबस

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** तीन धर्मों को जोड़ने और सिंचित करने वाली बिहार की फल्गु नदी का इतिहास भी कई हजार वर्ष पुराना है। सनातन धर्म के महाकाव्य रामायण और महाभारत मे इस नदी के अस्तित्व का जिक्र मिलता है।जानकार बताते हैं कि निरंजना नदी जिसे हम फल्गु नदी के नाम से भी जानते हैं, ये तीन धर्मों के लिए पूजनीय है। हिन्दू, बौद्ध और जैन धर्म के लोग अलग कारणों और मान्यता के चलते इस नदी को पूजते हैं। खास बात यह है कि इस नदी की हर यात्रा में अपना नाम है। स्थानीय लोग धार्मिक आधार पर ही इस नदी को अलग अलग नामों से संबोधित करते हैं। उद्गम स्थल से डोभी तक इस नदी का नाम नीलांजल नदी है, जैन अनुयायि इसे अपने धर्म से जुड़ा मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं। वहीं इसके आगे बढ़ने पर डोभी से सरस्वती मंदिर तक निरंजना के नाम से यह नदी मशहूर है। यह कहा जाता है



कि भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति इस नदी के तट पर ही हुआ था, जिसके चलते बौद्ध धर्मावलंबी इसकी पूजा करते हैं। वहीं, सरस्वती मंदिर से आगे इस नदी के धारा का मिलन निरंजना और मुहाने नदी से होता है, जो वृहद फल्गु नदी का रूप लेता है। फल्गु को इस क्षेत्र में सनातन धर्म के लोग शांति और मोक्ष की कामना के साथ अपने पितरों के तर्पण के लिए पूजा करते है। जहानाबाद अ पैनोरमिक व्यू पुस्तक' के अनुसार, निरंजना नदी झारखंड के पलामू जिले से निकलती है और पटना जिले के मोकामा टाल में जाकर गंगा की विशाल धारा में मिलने से पहले ही यह विलुप्त हो जाता है।

**जहानाबाद जिले में 40 किमी की दूरी तय करती है फल्गु नदी**

बता दें कि यह नदी गया से काफी चौड़ी हो जाती है। मोहाने नदी से मिलने से पहले निरंजना नदी की चौड़ाई 300 गज और दो धाराओं के मिलन के बाद 900 गज तक इस नदी की चौड़ाई हो जाती है। यह नदी जहानाबाद जिले से होते हुए गुजरती है। यहां बराबर की पहाड़ी से निकलती हुई यह आगे बढ़ती है और दो भागों में बंट जाती है। यहां यह नदी फल्गु और मोहाने नदी के रूप में दो अलग हिस्सों में बंटती है। फल्गु नदी का प्रवेश पटना में होता है और जहानाबाद से यह 40 किलोमीटर हिस्से से गुजरती है।

**धार्मिक महत्व**

फल्गु एवं निरंजना नदी का धार्मिक महत्व हिंदू और बौद्ध धर्मों में बहुत अधिक है। इस नदी का उद्गम झारखंड के पलामू जिले से शुरू होता है। गयाजी में यह नदी अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक मानी जाती है। हिंदुओं के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान और तर्पण के लिए यह नदी पवित्र मानी जाती है। यहीं फल्गु नदी के तट पर विष्णुपद मंदिर स्थित है, जहां भगवान विष्णु के चरण-चिह्न माने जाते हैं। वहीं, बौद्ध धर्म में, यह नदी भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति से जुड़ी है, क्योंकि उन्होंने इसी नदी के तट पर ज्ञान प्राप्त किया था।

**फल्गु नदी को मिला था माता जानकी का श्राप:**

फल्गु नदी को लेकर एक पौराणिक कथा भी है, जिसके अनुसार माता सीता ने महाराज दशरथ के पिंड दान के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम राम के समक्ष झूठी गवाही देने के कारण इस नदी को श्राप दिया था कि यह सूखी रहेगी, और इसीलिए यह नदी अधिकांशतः रेत के नीचे बहती है। आज भी यह नदी मानो त्रेता युग के श्राप से मुक्त नहीं हो पाया है। टूटे फूटे तटबंध और बालू माफियाओं के दोहन किए जाने से बेतरतीब गड्ढा आज इस नदी की पहचान है। साल के लगभग 9 महीने यह नदी पानी के एक एक बूंद के लिए तरसती है। वर्षात के बाद इस नदी में झलास और झाड़ी उगे रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में फल्गु का अत्यधिक दोहन होने के कारण आज यह नदी अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है।

# फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पति ने किया अश्लील वीडियो वायरल

## पति के खिलाफ मामला दर्ज कराने पत्नी पहुंचे साइबर थाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** वैवाहिक विवाद का मामला अब साइबर अपराध तक पहुंच गया है। दाम्पत्य जीवन में बढ़ते तनाव और तेजी से हो रहे संबंध विच्छेद तथा अलगाववादी सोच के बीच एक अलग तरह का वाक्या सामने आया है, जिसने हर एक व्यक्ति को हैरान कर दिया है। जहानाबाद जिले की एक महिला ने अपने पति पर फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील वीडियो वायरल करने और लगातार ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता नाजिया परवीन ने इस संबंध में जहानाबाद साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

**दहेज प्रताड़ना से साइबर क्राइम तक मामला पहुंचा**

नाजिया परवीन ने बताया की उनकी शादी वर्ष 2019 में झारखंड के बोकारो जिले के चलकारी गांव निवासी मोहम्मद आविद जफर से हुई थी। शुरूआती दिनों में सबकुछ ठीक चल रहा था। इस दौरान एक बच्ची भी हुई, लेकिन जल्द ही पति और ससुरालवालों ने दहेज की मांग शुरू कर दी। दहेज पूरी नहीं होने पर मारपीट और प्रताड़ना का सिलसिला शुरू हो गया। मजबूर होकर नाजिया अपने मायके खुदवन चक में रहने लगी।कई बार समझौते की कोशिश विफल रही तो नाजिया ने वर्ष 2023 में जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में तलाक का मुकदमा दायर किया। आरोप है कि इसके बाद से पति मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा। दबाव न मानने पर उसने फर्जी फ़ेसबुक आईडी बनाकर नाजिया का अश्लील वीडियो और पोस्ट सोशल मीडिया पर डालना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, पति ने उसका मोबाइल नंबर तक सार्वजनिक कर दिया, जिसके बाद पीड़िता को लगातार अजनबी कॉल आने लगे। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए साइबर थाने में अश्लील वीडियो की कॉपी समेत कई साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान नाजिया ने अपने पति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और दांपत्य रिश्तों में विश्वास टूटने पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पति-पत्नी का निजी भरोसा जब इस तरह ब्लैकमेल का हथियार बने तो यह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि समाज के लिए भी शर्मनाक स्थिति है।

# जान जोखिम में डाल बस की छत पर बैठ यात्रा कर रहे यात्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में आए दिन दुर्घटना घट रही है। बावजूद बसों में कोई खास असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। जिले के विभिन्न रुटों में चलने वाली निजी बसों में ओवरलोडिग हो रही है। बता दें कि प्रतिदिन दुर्घटना होने के बावजूद भी बस संचालक सवारियों को बस की छत पर सफर करवाया जा रहा है। यहां निजी बस मालिक लगातार क्षेत्र में अपनी बसों में यात्रियों को छतों पर भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भर रहे हैं। निजी बस मालिक चंद पैसों की खातिर यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर ओवरलोडिग करने में लगे हुए हैं। यहां तक जिले में जब कहीं भी बस हादसा होता है तो उस वक्त बड़े-बड़े नेता व प्रशासन एक दम हरकत



में आते हैं। साथ ही बड़े-बड़े कानून बनाने की बातें कहते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर स्थिति पहले जैसे ही हो जाती है। यातायात नियमों की अवहेलना पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती। यहां तक तक की जब कभी बस चालक की नजर पुलिस पर पड़ती है तो बस चालक बसों में सवारियों को छतों से उतार कर अंदर ठूंस दिया जाता है। परिवहन मंत्री के आदेशों की निजी बस मालिक कोई भी परवाह नहीं करते हैं। जम्होर के प्रदीप कुमार, विकास साव, औरंगाबाद शाहपुर के बब्लू सिंह ने बताया कि झारखंड के रांची से आ रहे हैं। ट्रेन से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन उतरे तो बस में भीड़ अत्यधिक थी। मजबूरन जान जोखिम में डालकर बस के छत के ऊपर बैठ गए। जान जोखिम में डालकर किसी तरह औरंगाबाद पहुंचे है। एमवीआई औरंगाबाद ने बताया कि ओवरलोडिग वाहनों के खिलाफ हमेशा जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। साथ ही वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जाता है। वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी बस चालक ओवरलोडिग करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रफीगंज पुलिस ने शराब के साथ युवक को पकड़ा, न्यायालय भेजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने गश्ती के दौरान चरकावां नहर के पास से एक शराब तस्कर को धर दबोचा। पुलिस ने बदोपुर निवासी सुजीत कुमार को मोटरसाइकिल की डिक्की से 5 लीटर महुआ देशी शराब बरामद करते हुए गिरफ्तार किया। मौके से शराब से लदी मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपी को थाना लाकर पूछताछ की गई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# महिला चिकित्सक की कमी से प्रभावित हो रहा संस्थागत प्रसव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुलासगंज।** सरकार एक ओर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों को संसाधनों से सुसज्जित कर रही है, वहीं दूसरी ओर महिला चिकित्सकों की भारी कमी इस अभियान को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में संस्थागत प्रसव की सबसे बड़ी बाधा महिला चिकित्सक की अनुपस्थिति बन गई है। करीब सवा लाख की आबादी वाले प्रखंड क्षेत्र में तीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ हुलासगंज सीएचसी पर जच्चा-बच्चा मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुरगांव स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद प्रसव की जिम्मेदारी ज्यादातर एएनएम पर ही आ जाती है। जानकारी के अनुसार, यहां दो महिला चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, लेकिन एक लंबे समय से छुट्टी पर हैं। वर्तमान में मात्र एक महिला चिकित्सक तैनात हैं, वह भी सप्ताह में केवल एक दिन ही ड्यूटी करती हैं। ऐसे में गंभीर प्रसव मामलों में अक्सर एएनएम को ही मोर्चा संभालना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रसव के दौरान मामूली जटिलता की स्थिति में भी मरीजों को तुरंत रेफर कर दिया जाता है। इस वजह से परिजन जोखिम उठाने के बजाय नज़दीकी इस्लामपुर स्थित निजी क्लीनिकों में प्रसव कराने को मजबूर हैं। हुलासगंज की एक एएनएम ने बताया कि हर महीने औसतन 30 से 50 प्रसव के मामले आते हैं। जगुआ बिगहा निवासी संजय बिंद ने बताया कि पिछले हफ्ते चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण प्रसव के बाद नवजात की मौत हो गई। परिजन के अनुसार, गंभीर स्थिति में रेफर करने के दौरान रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। इस संबंध में स्वास्थ्य प्रबंधक बीरेश कुमार ने स्वीकार किया कि महिला चिकित्सक की कमी से हुलासगंज सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि विभाग से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की मांग की गई है।

## मरीज की मौत के बाद गोह में अवैध क्लिनिक सील

**गोह (औरंगाबाद)।/नबिटा संवाददाता** प्रखंड मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रामकिशोर सिंह क्लीनिक को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार की शाम गोह निवासी संतोष पांडेय को अपेंडिक्स ऑपरेशन के लिए उक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन से पहले चिकित्सक ने बेहोशी की दवा अधिक मात्रा में दे दी, जिससे मरीज की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच टीम में बीडीओ डॉ. राजेश कुमार दिनकर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवशंकर कुमार तथा गोह थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद शामिल थे।

# पीएमईजीपी व पीएमएफएमई योजनाओं का लें लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में छोटे पैमाने पर उद्योग लगाने के इच्छुक उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर है। अब वे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री औपचारिकरण सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उद्यमी आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन हेतु जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद से संपर्क कर सकते हैं। यह निर्णय जिला उद्योग केन्द्र सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत के निर्देश पर आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में विभिन्न राइस मिल संचालकों और उद्योग विभाग से जुड़े उद्यमियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र और सहायक अभियंता, विद्युत अवर प्रमंडल की मौजूदगी में उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकांश उद्यमियों ने विद्युत आपूर्ति से जुड़ी कठिनाइयों को रखा, जिस पर सहायक अभियंता ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। कुछ उद्यमियों ने आवेदन के माध्यम से भी अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। बैठक में महाप्रबंधक ने बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016 के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्यमियों को 10 से 12 प्रतिशत ब्याज अनुदान अथवा अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक की राशि का लाभ मिल सकता है। वहीं, एसआईपीबी नीति के तहत राइस मिल और अन्य विनिर्माण इकाइयों की स्थापना पर स्टाम्प शुल्क, निबंधन शुल्क व सपरिवर्तन शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, साथ ही ब्याज कर, एसजीएसटी और विद्युत शुल्क में छूट का प्रावधान है। महाप्रबंधक ने उद्यमियों से कहा कि वे योजनाओं का लाभ उठाकर उद्योगों का संचालन बेहतर ढंग से करें, क्योंकि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा बल्कि राज्य और देश की आर्थिक प्रगति भी सुनिश्चित होगी।

# आमसभा के द्वारा होगा आशा कार्यकर्ताओं का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** रेफरल अस्पताल कुटुंबा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने रिक्त पदों पर आशा कार्यकर्ता के चयन के लिए आमसभा तथा आमसभा की तिथि निर्धारित कराने हेतु मुखिया को पत्र लिखा है। उक्त विषय की जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि कुटुंबा पंचायत के वार्ड संख्या एक (गोवास), मटपा पंचायत के वार्ड संख्या चौदह (मटपा- 3) और वार्ड संख्या आठ (छक्कनबाग पोला), घेउरा पंचायत के वार्ड संख्या छह (घेउरा-2), भरौंधा पंचायत के वार्ड संख्या चार (पोखराही), महाराजगंज पंचायत के वार्ड संख्या दो (सिमरी खुर्द), दधपा पंचायत के वार्ड संख्या बारह (बरहेता), सूही पंचायत के वार्ड संख्या तेरह (गोलगरीबा समदा), वर्मा पंचायत के वार्ड संख्या तेरह (ढ़ीबर), डुमरी पंचायत के वार्ड संख्या एक (लला बीघा खरांटी), वार्ड संख्या पंद्रह (उपरली डुमरी) तथा वार्ड संख्या तेरह (डुमरी- 2) में आशा कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी करनी है।

# भाजपा नेता ने रक्तदान कर बचाई प्रसूता की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** सामाजिक सरोकार में आगे रहते हुए हसपुरा प्रखंड के गवसपुर गांव निवासी समाजसेवी सह भाजपा नेता नंदन यादव ने मंगलवार की शाम आपात स्थिति में रक्तदान कर एक प्रसूता की जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर गांव निवासी राहुलदेव उर्फ़ मनोहर साहू की पत्नी सत्यवंती देवी की डिलीवरी के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ गई। महिला के शरीर में मात्र 7 ग्राम ही हीमोग्लोबिन होने के कारण डॉक्टरों ने तुरंत रक्त की आवश्यकता बताई। स्थिति गंभीर होने पर पीड़िता के पिता अर्जुन गुप्ता (निवासी पीरू गांव) ने रक्तवीर योद्धा जिला स्तरीय समिति से संपर्क किया। समिति के अध्यक्ष राजू भारती और



सचिव अनीश केसरी ने तत्परता दिखाते हुए नंदन यादव से सहयोग का अनुरोध किया। सूचना मिलते ही नंदन यादव ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया और महिला की जान बच गई। नंदन यादव ने बताया कि यह उनका तीसरा रक्तदान है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर मैं आगे भी रक्तदान करता रहूंगा। किसी की जान बचाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उनके इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।

# नियोजन कैंप में 57 अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के युवाओं के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण रहा। यहां जिले के बेरोजगार युवकों के लिए एम.आर.एफ प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से परसबिगहा स्थित सरकारी आईटीआई कॉलेज में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में कम्पनीं के द्वारा अभ्यर्थियों के लिए कुल 80 रिक्तियां अधिसूचित की गई थी। परन्तु इस नियोजन कैम्प में कुल 72 आवेदकों ने ही अपनी सहभागिता दर्ज की। जिसमें से कुल 57 आवेदकों को कैंप स्थल पर ही औपबंधिक रूप से चयनित कर लिया गया। कैंप में कंपनी के प्रतिनिधि के साथ- साथ जिला नियोजनालय, जहानाबाद के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बताया गया कि इस जॉब कैम्प के सफल आयोजन के उपरांत आगे भी नियोजन कार्यालय द्वारा जॉब कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# शोक : पूर्व मंत्री श्याम रजक की धर्मपत्नी अलका रजक का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक की धर्मपत्नी अलका रजक का निधन हो गया। वे बीते दिनों से अस्वस्थ चल रही थी और इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में उन्होंने अंतिम सांस ली। अलका रजक के निधन की सूचना मिलते ही धोबी समाज समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हसपुरा प्रखंड के धोबी महासंघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार लाल, सचिन संजय रजक, उपाध्यक्ष गिरजा रजक, उप सचिव सुरेंद्र रजक, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र रजक, सदस्य सुनील रजक, महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु कुमारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष रजक, विनोद रजक, जयवंश कुमार, राजू रजक, मिथिलेश रजक, अनिल रजक और साजन रजक सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अलका रजक का निधन धोबी समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में संबल दें।

# कचड़ों की नदी बन गई है अदरी, पानी में दिखती है गंदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर से गुजरने वाली अदरी नदी इन दिनों कचरों की नदी बन गई है। इसके पानी में सिर्फ गंदगी ही दिखता है। यहां तक की तेजी के साथ अदरी पर अतिक्रमण हो रहा है। वहीं कचरा फेंका जा रहा है। जिससे कुछ वर्षो में ही अदरी अपना वजूद खो देगी। अदरी का पानी अगर कोई पी ले तो उसे बीमार पड़ना तय है। यह इसलिए क्योंकि कई विभागों के जिम्मेवार अधिकारियों के आंखों का पानी मर चुका है। जबकि उन्हें सोचना चाहिए बहुत कम ही शहर ऐसे हैं। जिनसे होकर नदियां गुजरी हैं। जहां-जहां से नदियां गुजरी हैं। वहां अंडरवाटर रिचार्ज होता है। पेयजल संकट काफी कम गहराता है। अभी देर नहीं हुई है। अदरी को



बचाया जा सकता है। शाहपुर स्थित सूर्य मंदिर घाट पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। यहां स्थानीय लोगों द्बारा गंदगी फैलाई जा रही है जिससे नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गंदगी के कारण लोग यहां जाने से कतराते हैं। साथ ही स्नान करने में भी परेशानी होती है। अदरी नदी पुल से उत्तर अदरी डैम है। जो अंग्रेजी हुकूमत का बना हुआ है। इसका देखभाल सोन हाई लेवल कैनाल विभाग करता है। बता दें कि अदरी को बचाने के लिए अभियान भी चलाई गई है। साथ ही अदरी नदी के पास तेजी से बढ़ता हुआ स्लम एरिया का अतिक्रमण पर रोक लगनी चाहिए। उन्हें कोई दूसरी जगह पर रहने के लिए स्थान देना होगा। पूर्व में अदरी को बचाने को ले शहर के गणमान्य लोगों द्बारा जागरुकता अभियान भी चलाई गई थी। नदी में गंदगी के अलावा और कुछ नहीं दिखता है। नगर परिषद के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि नदी की हमेशा सफाई कराई जाती है। पुनः कर्मियों को भेजकर नदी की सफाई कराई जाएगी। नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अदरी को साफ सुथरा रखने में हमें सहयोग करें।

# लगातार बारिश से दलित परिवार बेघर प्रशासन ने दिलाई तत्काल सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमरा पंचायत अंतर्गत रतनपुर टोले चुल्हन बिगहा में लगातार बारिश ने कहर बरपा दिया है। भारी वर्षा से एक दर्जन दलित परिवारों के कच्चे मकान ध्वस्त हो गए, जिससे वे खुले आसमान के नीचे बेघर हो गए। घर टूटने से न केवल आश्रय छिन गया बल्कि घरों में रखा अनाज, कपड़े और बिछावन भी पूरी तरह नष्ट हो गया। हालात ऐसे हो गए कि प्रभावित परिवारों के पास पहनने के लिए कपड़े और खाने तक का अनाज भी नहीं बचा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव ने तुरंत प्रखंड व अंचल प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही हसपुरा प्रखंड के बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी और सीओ कौशल्या कुमारी मौके पर पहुंचे और आपदा राहत से सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल तिरपाल उपलब्ध कराया, ताकि वे खुले में रात बिताने से बच सकें। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवारों को नियमानुसार आगे और भी मदद उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सीओ ने स्थल निरीक्षण कर कर्मचारियों को क्षति का विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के आधार पर आपदा राहत विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बेघर हुए परिवारों में चंदेश्वर राम, शिवनंदन दास, चरित्र दास, शोभा देवी, सोनी कुमारी, मनिया देवी, सरोज देवी, मनी देवी, बंगाली राम, लाल राम, महेंद्र राम और सविता देवी शामिल हैं।

# मिश्र बिगहा के ग्रामीणों का ऐलान - सड़क नहीं तो वोट नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कोटवारा पंचायत अंतर्गत मिश्र बिगहा गांव के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर आक्रोश प्रकट किया। ग्रामीणों ने कच्ची सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताते हुए 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाया और स्पष्ट कहा कि अगर जल्द सड़क नहीं बनी तो वे आगामी चुनावों में मतदान का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीण रौशन मिश्र, महावीर राम, रंजन मिश्र, राज कुमार, व्रजेश, नीलेश, जय प्रकाश, नीतेश सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक गांव की करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क कच्ची ही है। बरसात के दिनों में यह सड़क पूरी तरह कीचड़ में



बदल जाती है, जिससे न केवल वाहन चलाना बल्कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि बीमार मरीजों को खाट पर उठाकर गरवा गांव तक ले जाना पड़ता है, जहां से किसी तरह वाहन द्वारा रफीगंज अस्पताल पहुंचाया जाता है। कई बार तो समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की मौत तक हो चुकी है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बरसात में बच्चों को भदवा उच्च विद्यालय तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बच्चे रास्ते की समस्या के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय तक जाने का रास्ता भी दुर्गम हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार जिलाधिकारी, सांसद और विधायक से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो वे वोट का बहिष्कार करेंगे।

# रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह को पदोन्नति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें औरंगाबाद जिले का एसीएमओ (डीएस) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में डॉ. संतोष कुमार को नियुक्त किया गया है। समारोह में स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों और स्थानीय समाजसेवियों ने डॉ. अरविंद कुमार सिंह और डॉ. संतोष कुमार को माला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इसी कड़ी में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और दोनों पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सिंह, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, लैब टेक्नीशियन रंजीत कुमार, रविंद्र कुमार, एएनएम रंजना कुमारी, राधा कुमारी, दावन तिग्गा, जिएनएम सुमन कुमारी, प्रियंका कुमारी, रिंकी कुमारी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। समाजसेवी तुलसी यादव, सिद्धि यादव, संजय यादव, राजेश यादव और दीपक कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मौके पर सभी ने डॉ. अरविंद कुमार सिंह के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा डॉ. संतोष कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जमीन के दस्तावेज के लिए मारपीट में बुजुर्ग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** फेसर थाना क्षेत्र के रघौलिया गांव में जमीनी विवाद में नाती ने नाना पर हमला कर दिया, जिससे वृद्ध नाना जख्मी हो गए। जख्मी वृद्ध की पहचान संतोष विश्वकर्मा के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी ने बताया कि उनका एक नाती रघौलिया गांव में ही रहता है। सर्वे से संबधित दस्तावेज आया है, जिसे वह रख लिया। बुधवार को संबधित दस्तावेज़ मांगने गया तो वह गाली गलौज करने लगा और विरोध करने पर मारपीट की। घायल वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

# महिला चिकित्सकों के अभाव में हुलासगंज सीएचसी पर संकट, एएनएम के सहारे चल रहा प्रसव एवं बंध्याकरण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड का एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महिला चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। लाखों की आबादी की स्वास्थ्य देखभाल की जिम्मेदारी संभाल रहे इस केंद्र पर प्रसव और बंध्याकरण कार्यक्रम एएनएम के सहारे संचालित हो रहे हैं। स्थिति यह है कि जटिल मामलों में मरीजों को तुरंत रेफर करना आम बात बन गई है, जिससे महिलाओं और नवजात शिशुओं की जान पर हमेशा खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में दो महिला चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति तो की गई है, लेकिन इनमें से एक लंबे समय से छुट्टी पर हैं, जबकि दूसरी सप्ताह में केवल एक दिन ही ओपीडी सेवा देती हैं। नतीजतन, प्रसव और बंध्याकरण की ज्यादातर जिम्मेदारी एएनएम पर ही है। बताया जाता है कि यहां रोजाना करीब 50 प्रसव संबंधी मामले आते हैं और महीने में 20 से अधिक बंध्याकरण किए जाते हैं। महिला चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण स्थानीय मरीजों को मजबूरी में निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई लोग पड़ोसी नालंदा जिले के इस्लामपुर बाजार स्थित निजी क्लीनिकों में प्रसव कराने को विवश हैं। इसी बीच, प्रसव में लापरवाही का एक गंभीर मामला भी सामने आया है। जगुआ बिगहा गांव के संजय बिंद ने बताया कि चिकित्सकों की अनुपस्थिति में प्रसव के दौरान उनके नवजात शिशु की मौत हो गई। बच्चे की स्थिति बिगड़ने पर उसे रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। महिला चिकित्सकों की कमी को स्वीकार करते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक वीरेश कुमार ने कहा कि विभागीय स्तर पर विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों की मांग की गई है। उन्होंने माना कि इस अभाव से स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। ज्ञात हो कि हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र में सीएचसी के अलावा चार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी संचालित हैं। इनमें मुरगांव का केंद्र सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे सेवा देता है। सरकार की ओर से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाने और मातृ-शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर महिला चिकित्सकों की कमी इस प्रयास को पलीता लगा रही है।

# सुशासन का सार आपके द्वार, अभियान के तहत जदयू गांव-गांव कर रहा प्रचार

## सीएम की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को जदयू की ओर से सुशासन का सार आपके द्वार प्रचार अभियान की की गई। जिसका नेतृत्व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास राजनैतिक सलाहकार कुमारी खुशबूरानी ने की। मौके पर मुखिया रानी कुमारी, सुषमा देवी, पुनम देवी, प्रियंका कुमार, रूची अरोड़ा, चंद्रकला देवी आदी टीम मे शामिल रही। श्वेता विश्वास ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का उद्देश्य है। धनरूआ के भखरी,धरहरा, मोगलानीचक, धनरूआ आदी जगहों पर कैंपेन चलाया गया। इस अभियान में सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जाना है। कुमारी खुशबूरानी ने कहा कि आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान है. उन्होंने कहा कि अब समय है कि प्रदेशभर में बूथ स्तर तक सघन अभियान चलाकर महिला सशक्तीकरण की दिशा में नीतीश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को बुकलेट, हैंडबिल और स्टिकर के माध्यम से प्रत्येक महिला मतदाता तक पहुंचाया जाये. इस अभियान की सफलता के लिए गांव गांव मे सरकार के बिस वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन जन पहुंचाना है। वहीं मुखिया रानी कुमारी, सुषमा देवी आदी ने कहा की मुख्यमंत्री निरंतर जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में वृद्धि एवं 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। इन जनहितकारी निर्णयों और उपलब्धियों को घर-घर, जन-जन तक पहुंचाया जाए।



# डालसा सचिव न्यायाधीश तान्या पटेल ने प्राचार्य को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य राजकीय पुरस्कार प्राप्त उदय कुमार सिंह को डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस ऑथोरिटी (डालसा) की सेक्रेटरी न्यायाधीश तान्या पटेल ने अपने कार्यालय कक्ष में सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य को यह सम्मान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके विद्यालय के बच्चों के द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला जज के द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य का उत्कृष्ट वाचन के लिए प्रदान गया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व के दिन विद्यालय के वर्ग छह के छात्र अथर्व के द्वारा स्वतन्त्रता सेनानी एवं देश के अग्रणी नेता रहे शिक्षाविद अबुल कलाम आजाद का पेंसिल से बनाया पेंटिंग भेंट किया जिसे जिला जज ने काफी पसंद किया एवं बच्चे की प्रतिभा की प्रशंसा भी किए। विद्यालय के प्राचार्य ने डालसा की सेक्रेटरी एवं न्यायाधीश तान्या पटेल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे अवसर से विद्यालय के बच्चे देश के सशक्त नागरिक बनते हैं। जिला जज ने वाचन में भाग लेने वाले सभी बच्चों के साथ साथ विद्यालय की शिक्षिकाओं मंजु कुमारी एवं रीता कुमारी को भी सम्मानित किए।



## एक नजर

### पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के जियाउद्दीन चक में हुए धर्मवीर हत्याकांड के फरार अभियुक्तों के घर पर दोपहर ढोल बजाकर पूरे गांव में घर पर इश्तेहार साटा गया है। साटे गए इश्तेहार में सोहराई यादव, दीपक यादव और विजय यादव के घर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। दरअसल बताया जाता है कि धनरूआ थाना कांड संख्या 490/ 25 के तहत धर्मवीर हत्याकांड में 7 लोगों पर नामजद हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें कुल तीन लोग गिरफ्तार किया जा चुके हैं। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों के घर पर विधिवत तौर पर गली में ढोल बजाते हुए घर पर पदाधिकारी ने इश्तेहार साटकर उसे सरेंडर करने की चेतावनी दी है।

### करण गुप्ता बने भाजपा युवा अध्यक्ष

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा नगर मंडल कमिटी का विस्तार किया गया । मंडल अध्यक्ष उतम कुमार ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए जानकारी दी कि पालीगंज नगर मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष पद पर कारण गुप्ता को मनोनित किया है। करण गुप्ता के नगर युवा अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा कि करण गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा काफी मजबूत होगी तथा सभी को साथ लेकर चलेगी।

### ठनका गिरने से महिला की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी थाना क्षेत्र के बेलौटी गांव में ठनका गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बेलौटी गांव के ही चंचल देवी उम्र 32 वर्ष पति कुणाल पासवान के रूप में हुई है। दरअसल घटना के संदर्भ में पूर्व मुखिया रामनाथ पासवान ने बताया कि बुधवार की दोपहर तकरीबन 3:00 बजे के आसपास बारिश हुई थी बारिश से बचने के लिए एक नवनिर्मित मकान के छज्जा के नीचे वह बारिश से बचने के लिए खड़ा हो गए थे, उसी दरमियान बारिश में ठनका छज्जा पर गिरा और वह छज्जा महिला के सिर पर गिर गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक चंचला देवी घर से पानी लेने के लिए गली से बाहर सरकारी चापाकल में गई हुई थी, पानी भरने के दौरान ही बारिश होने लगी है उसी दरमियान बारिश से बचने के लिए छज्जा के नीचे खड़ी हो गई थी उसी दरमियान ठनका गिरने से यह घटना घटी है।

### पुरानी रंजिश में युवक के साथ मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के विधायक रोड स्थित मालिकाना में मंगलवार की देर शाम को एक युवक को पिस्टल के बल पर उसे जबरन बाइक पर बिठाकर दूर ले जाकर उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया है, जिसे पुलिस मौके पर पहुंचकर इलाज हेतु पीएमसीएच रेफर किया गया है। इस मामले में पीड़ित शहजाद खान पिता मोहम्मद आफताब खान ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल शहजाद खान ने बताया कि हमारा भाई फैसल खान घर के बाहर बैठा हुआ था तभी मोटरसाइकिल से कुछ लोग आए और जबरन उसे पिस्टल दिखाते हुए गाड़ी पर बिठा लिया और नउआबाग की तरफ ले जाकर उसे जान से मारने की नीयत से मारपीट कर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया है।

# भक्ति गंगा कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जया एकादशी के पावन अवसर पर थाना क्षेत्र के ब्रह्म स्थान परिसर में भक्ति गंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजेंद्र कुमार मिश्रा, महेंद्र शर्मा एवं संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात डी. आनन्द ने हनुमान चालीसा की प्रस्तुति करके राम भक्त हनुमान के चरणों में अपना भक्ति पुष्प अर्पित किया। विजेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि इस दिन को अजा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इस व्रत के करने से पापों का नाश होता है, तथा मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। अंजु देवी ने कहा कि राजा हरिश्चंद्र ने इस व्रत के प्रभाव से अपना राज्य एवं परिवार पुनः प्राप्त किया था। भक्त डी. आनंद द्वारा विभिन्न भजनों की प्रस्तुति करके जया एकादशी की महिमा बताई गई। श्री आनंद ने कहा कि इस व्रत का विशेष फल पापों से मुक्ति, सौभाग्य और मोक्ष की प्राप्ति है। इस व्रत के करने से हजारों गायों के दान करने के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। मंगलवार होने के चलते यह दिन हनुमान जी को भी प्रिय है। सभी भक्तों ने समवेत स्वर में नाम संकीर्तन किया। महाप्रसाद की व्यवस्था पंडित विजेंद्र कुमार मिश्रा एवं शर्मा फर्नीचर शॉ मिल के प्रबंधक महेंद्र शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर संतोष राय, अंजू राय, वार्ड प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, दिनेश यादव, मुन्नी देवी, तारकेश्वर चौधरी, पिंटू कुमार, कृष्ण कुमार, बिमला सोनी, गुड्डू यादव, सत्येंद्र यादव,एवं अमित कुमार कैमरामैन की भूमिका सराहनीय रही । नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों का मन मोह लिया । संचालन संतोष राय ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पंडित विजेंद्र कुमार मिश्रा एवं सतेंद्र यादव ने किया।

# वाहन जांच को लेकर सड़क पर उतरे एएसपी कोमल मीणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर बुधवार को मसौढी के विभिन्न जगहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मौके पर एएसपी कोमल मीणा मसौढी मेन रोड पर खुद सडकों पर उतर कर वाहन जांच की वहीं सडको पर बेतरतीब ढंग से ढेला रिक्शा लगा कर अतिक्रमण कर रहे लोगों को सडक से हटाया। मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को निर्देश दिया गया कि संदिग्ध लोगों पर खास नजर रखें। उन पर सख्त कार्रवाई करें। अभियान के दौरान हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की गई। सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क दिखी। इसके अलावा मसौढी के सभी चौक चौराहे पर भी बाईक चेकिंग की गई।



# व्यापारियों को हथियार दिखाकर दहशत फैलाने और फेसबुक पर हथियार लहराने मामले में दो युवक समेत चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन बाजार में हथियार दिखा कर व्यापारियों को दहशत बनाने और फ़ेसबुक पर हथियार लहराते के मामले में पुनपुन थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर और लोदीपुर गांव से दो युवक समेत चार लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है इस मामले में सिटी एसपी परिचय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुनपुन थानांतर्गत कुछ असामाजिक तत्व फ़ेसबुक पर अवैध हथियार का प्रदर्शन कर रहे थे एवं पुनपुन बाजार में अवैध हथियार के साथ घूमकर व्यापारियों एवं लोगों के बीच भय का वातावरण उत्पन्न करने के मामले मे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई। इसी क्रम में पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अवैध हथियार उसके पास था, किंतु उसने उसे किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया है। पुलिस द्वारा उक्त गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर 02 देसी कट्टा और 01 पिस्टल बरामद करते हुए 02 विधि-विरुद्ध बालक को निरूद्ध किया गया एवं 01 और अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अग्रेत्तर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।इस संबंध थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर अवैध हथियार प्रदर्शन करने के मामले में दो युवक की गिरफ्तार की गई है। इसके साथ ही हथियार भी बरामद किया गया है। इसके साथ ही सिटी एसपी ने अभिभावकों से अपिल की है अपने बच्चों पर नजर रखे,और फ़ेसबुक पर हथियार प्रदर्शन आदी पर रोक लगाये।



**एक और मिला डायरिया का मरीज :** मसौढी मसौढ़ी थाना क्षेत्र के उसमानचक मुसहरी में बिते एक हफ्ते से डायरिया के संक्रमण से पूरा गांव दहशत के माहौल में है अब तक कुल 34 संक्रमित मरीजों की पहचान की गई है। बुधवार को एक और नए मरीज आरती कुमारी की पहचान की गई है।

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**दानापुर।** आर्मी इंटेलिजेंस लखनउ टीम के गुप्त सूचना पर दानापुर पुलिस के सहयोग से दानापुर क्षेत्र में छापेमारी कर गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1215-2025-26-आर1, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था कार्य - मुर्शिदाबाद स्टेशन पर 01 अदद लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,09,990। **बयाना राशि:** ₹ 6,200। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1248-2025-26, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** एस्केलेटर कार्य - वर्तमान 1.80 मी. चौड़े एफओबी के बदले में दमदम कैंटोनमेंट मेट्रो स्टेशन से पीएफ-1 की ओर दमदम कैंटोनमेंट रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया तक तथा पीएफ-1 एवं पीएफ-2 एवं 3 के साथ कनेक्टिंग 6.0 मी. एफओबी का निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,75,104। **बयाना राशि:** ₹ 1,21,500। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1249-2025-26, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** वर्तमान 1.80 मी. चौड़े एफओबी के बदले में दमदम कैंटोनमेंट मेट्रो स्टेशन से पीएफ-1 की ओर दमदम कैंटोनमेंट रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया तक तथा पीएफ-1 एवं पीएफ-2 एवं 3 के साथ कनेक्टिंग 6.0 मी. एफओबी का निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य के लिए विद्युतीय त था विद्युत आपूर्ति कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 49,16,278। **बयाना राशि:** ₹ 98,300। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1257-2025-26, दिनांक: 18.08.2025। कार्य का विवरण:** मील 5बी-बजबज (17.52 किमी.) खंड के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य:** ₹ 84,94,475। **बयाना राशि:** ₹ 1,69,900। **पूरा करने की अवधि:** 09 महीना (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** 18.08.2025 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 09.09.2025 को दोपहर 2.00 बजे के बाद (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 26.08.2025 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-170/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# सद्भावना दिवस का सार समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर की एनएसएस इकाई द्वारा सद्भावना दिवस मनाया गया। जिसका विषय 'युवा, समुदाय एवं नशामुक्ति अभियान' था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) संजय कुमार ने की। वहीं, कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में डीएसडब्ल्यू प्रोफ़ेसर देवराज सुमन एवं कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय आमंत्रित थे। मुख्य वक्ता के रूप में सीनेट सदस्य सह डीन मानविकी संकाय प्रोफ़ेस डॉ. भवेश चंद्र पांडेय को आमंत्रित किया गया। मुख्य भाषण के लिए ओएसडी प्रियरंजन तिवारी को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सभी अतिथियों एवं वक्ताओं को जीवित पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनीस अहमद एवं डॉ. मुनीन्द्र कुमार सिंह द्वारा लिखित सेमेस्टर 04 के 'एईसी' हेतु तैयार की गई पाठ्य पुस्तक 'एनएसएसः युवाओं को समुदाय से जोड़ना' का सभी वक्ताओं एवं अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया, जिस पर कुलपति एवं वक्ताओं ने लेखकों को बधाई दी तथा पुस्तक को छात्रों के लिए आवश्यक बताया। डॉ प्रियरंजन तिवारी ने कहा कि आज राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर हम उस युवा संकल्पना को याद कर रहे हैं जो हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चिंतन और मनन से प्रेरित थी। अपने वक्तव्य में, डीएसडब्ल्यू प्रो. देवराज सुमन ने कहा कि आज की किशोर और युवा पीढ़ी मोबाइल के नशे में डूबी हुई है। कुलसचिव डॉ. घनश्याम रॉय ने कहा कि समाज का समरसता इसलिए बिगड़ा है क्योंकि अभी भी जाति-पाति के आधार पर आकलन होता है। कुछ लोग धर्म के मोह में पड़ जाते हैं जिससे धार्मिक वैमनस्य फैलता है। कुछ लोग ऊँच-नीच के मोह में पड़ जाते हैं जिससे अमीर-गरीब के आधार पर सामाजिक समरसता बिगड़ती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा के प्रसार के माध्यम से जाति-पाति के विनाश की कल्पना की थी। पीओ डॉ. वंदना कुमारी ने कहा कि जो व्यक्ति आध्यात्म में रम जाता है, वह न केवल समाज में बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी व्यापक परिवर्तन लाता है। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने मुंगेर विश्वविद्यालय के जीवन में एक बड़ा परिवर्तन लाया है। जिस प्रकार छात्रों में सेवा की भावना जागृत हुई है, उससे आशा है कि हम अपनी सेवा के माध्यम से न केवल हर प्रकार के 'व्यसन' को रोक पाएंगे, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ा पाएंगे।




# संगोष्ठि के आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में स्थापित उदयनाचार्य पीठ तथा वी एस जे कॉलेज, राजनगर, मधुबनी के संयुक्त तत्त्वावधान में 'प्राचीन एवं आधुनिक दण्ड-व्यवस्थाः एक विमर्श' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी के निर्देश से आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्कृत विभाग में अध्यक्ष डॉ घनश्याम महतो की अध्यक्षता में हुई, जिसमें संयोजक प्रो जीवानन्द झा, समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया, आयोजन सचिव डॉ मोना शर्मा, संस्कृत-प्राध्यापिका डॉ ममता स्नेही एवं डॉ साधना शर्मा, डॉ मिथिलेश पासवान, कोषाध्यक्ष मणिपुष्पक घोष एवं सदानंद विश्वास, शोधार्थी- रीतु कुमारी, रवीन्द्र कुमार, कृष्ण मोहन भगत एवं रानी कुमारी, मंजू अकेला आदि ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विषय विशेषज्ञों द्वारा सर्वोत्तम तीन आलेखों का चयन कर उन प्रतिभागियों को सेमिनार में सम्मानित किया जाएगा। संयोजक प्रो जीवानन्द झा ने बताया कि संगोष्ठी में स्मारिका का विमोचन कुलाधिपति के कर कमल से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी आमंत्रित अतिथियों को आमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ घनश्याम महतो ने कहा कि सेमिनार के उद्घाटन सत्र का मिनट टू मिनट प्रोग्राम राजभवन से फाइनल हो चुका है। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान सेमिनार का उद्घाटन करेंगे।

सेमिनार के समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि सेमिनार में सहभागिता हेतु पंजीयन तेजी से पूर्ण हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा बिना फोटो युक्त पहचान पत्र के सेमिनार स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा।आयोजन सचिव डॉ मोना शर्मा ने बताया कि सभी अतिथि-संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, अंगीभूत, संबद्ध एवं बी एड कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, प्रतिभागियों तथा आयोजकों आदि के लिए कुलसचिव के हस्ताक्षर से फोटो युक्त पहचान पत्र निर्गत किया जा रहा है।


**पूजा स्पेशल ट्रेनें**

आगामी **पूजा, दिवाली** एवं **छठ** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **हावड़ा एवं खातीपुरा, कोलकाता एवं वडोदरा** तथा **मालदा टाउन एवं उधना** के बीच **स्पेशल ट्रेनें** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन एवं गठन के अनुसार चलाई जाएंगी :-

**03007/03008 हावड़ा-खातीपुरा-हावड़ा पूजा स्पेशल ट्रेनें (साप्ताहिक)**

| हावड़ा-खातीपुरा | | | (03007)(03008) | खातीपुरा-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| रविवार | - | 23.00 | ↓ हावड़ा | 16.50 | - | |
| सोमवार | 02.28 | 02.33 | आसनसोल | 12.30 | 12.40 | बुधवार |
| | 04.33 | 04.35 | जसीडीह | 10.36 | 10.38 | |
| | 09.05 | 09.10 | गया | 06.20 | 06.25 | |
| मंगलवार | 03.30 | - | खातीपुरा ↑ | - | 07.35 | मंगलवार |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल जंक्शन, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सुबेदारगंज, गोविन्दपुरी, इटावा जंक्शन, फतेहाबाद, शमशाबाद टाउन, आगरा कैण्ट. जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बांदीकुई जंक्शन एवं दौसा स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिनः हावड़ा से - 03007** दिनांक 28/09, 05/10, 12/10, 19/10, 26/10 एवं 02.11.2025 (रविवार) = 06 ट्रिप। **खातीपुरा से - 03008** दिनांक 30/09, 07/10, 14/10, 21/10, 28/10 एवं 04.11.2025 (मंगलवार) = 06 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 3-टीयर-04, शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-06, एसएलआरडी-02 = 22 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03109/03110 कोलकाता-वडोदरा-कोलकाता पूजा स्पेशल ट्रेनें (साप्ताहिक)**

| कोलकाता-वडोदरा | | | (03109)(03110) | वडोदरा-कोलकाता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| मंगलवार | - | 08.00 | ↓ कोलकाता | 04.05 | - | शनिवार |
| | 11.12 | 11.17 | आसनसोल | 00.30 | 00.35 | |
| | 12.49 | 12.51 | जसीडीह | 22.38 | 22.40 | शुक्रवार |
| | 17.45 | 17.50 | गया | 16.35 | 16.40 | |
| बुधवार | 19.45 | - | वडोदरा ↑ | - | 16.45 | गुरुवार |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल जंक्शन, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, गोविन्दपुरी, टूण्डला जंक्शन, ईदगाह जंक्शन, गंगापुर सिटी, कोटा जंक्शन, रतलाम जंक्शन एवं गोधरा जंक्शन स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिनः कोलकाता से - 03109** दिनांक 30/09, 07/10, 14/10, 21/10, 28/10, 04/11, 11/11, 18/11 एवं 25.11.2025 (मंगलवार) = 09 ट्रिप। **वडोदरा से - 03110** दिनांक 02/10, 09/10, 16/10, 23/10, 30/10, 06/11, 13/11, 20/11 एवं 27.11.2025 (गुरुवार) = 09 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 3-टीयर-04, शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-06, एसएलआरडी-02 = 22 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03417/03418 मालदा टाउन-उधना-मालदा टाउन पूजा स्पेशल ट्रेनें (साप्ताहिक)**

| मालदा टाउन-उधना | | | (03417)(03418) | उधना-मालदा टाउन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शनिवार | - | 12.20 | ↓ मालदा टाउन | 02.55 | - | बुधवार |
| | 15.35 | 15.45 | भागलपुर | 22.25 | 22.35 | मंगलवार |
| | 16.42 | 16.47 | जमालपुर जं. | 21.02 | 21.07 | |
| रविवार | 18.55 | 19.00 | भुसावल जं. | 18.50 | 18.55 | सोमवार |
| सोमवार | 00.45 | - | उधना ↑ | - | 12.30 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्का जंक्शन, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, कहलगाँव, सुल्तानगंज, अभयपुर, किऊल जंक्शन, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जंक्शन, सतना, कटनी, मदन महल, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, अमलनेर, दोंडाईचा, नंदुरबार, नवापुर, व्यारा एवं चलथान स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिनः मालदा टाउन से - 03417** दिनांक 27/09, 04/10, 11/10, 18/10, 25/10, 01/11 एवं 08.11.2025 (शनिवार) = 07 ट्रिप। **उधना से - 03418** दिनांक 29/09, 06/10, 13/10, 20/10, 27/10, 03/11 एवं 10.11.2025 (सोमवार) = 07 ट्रिप। **गठन :** शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-10 एवं एसएलआरडी-02 = 22 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आईसीसी की वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब

**पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज, गिल टॉप पर कायम**

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी की ताजा रैंकिंग से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब हो गए हैं। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे। रोहित शर्मा नंबर-2 पर थे, जबकि विराट कोहली नंबर-4 पर थे। लेकिन, बुधवार को जब वनडे बैटर्स की रैंकिंग जारी हुई तो उसमें न तो रोहित शर्मा का नाम था और न ही विराट कोहली का।

संभव है कि, यह किसी गलती या तकनीकी कारण से हुआ हो। क्योंकि, आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था।

### बैटर्स में गिल टॉप पर कायम, बाबर दूसरे नंबर पर आए

ताजा रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि बाबर आजम (739 अंक) दूसरे नंबर पर आ गए हैं। गिल के अलावा, श्रेयस अय्यर ही दो भारतीय खिलाड़ी हैं, जो एक दिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग के टॉप 10 में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप को 2 स्थान का फायदा हुआ है।

### बॉलर्स में केशव महाराज नंबर-1, कुलदीप को एक स्थान का नुकसान

बॉलर्स में साउथ अफ्रीका के केशव महाराज नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्हें 2 स्थान का फायदा हुआ हैं। केशव ने 687 रेटिंग प्वॉइंट्स हासिल किए और उनका करियर बेस्ट 741 है, जो 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलकाता में मिला था। केशव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 5 विकेट लिए थे।

दूसरे नंबर पर श्रीलंका के महीश तीक्षणा हैं, जिनके 671 प्वॉइंट्स हैं। भारत के कुलदीप यादव 650 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ हैं।




# शूटर मनु भाकर का नाम पद्मश्री के लिए भेजा- सूत्र

**पिछली बार खेल रत्न मिला था; पेरिस ओलिंपिक में जीते थे डबल ब्रॉन्ज मेडल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार शूटर मनु भाकर का नाम पद्मश्री के लिए रिकमेंड किया गया है। खेल मंत्रालय के सूत्र ने मीडिया को यह जानकारी दी।23 साल की इस निशानेबाज ने 4 दिन पहले देश के चौथा सबसे बड़े अवॉर्ड के लिए आवेदन किया। पिछले साल यह अवॉर्ड दिग्गज स्पिनर आर अश्विन और पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को मिला था।



मनु को इसी साल 17 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल रत्न से नवाजा था। मनु भाकर ने पिछले साल अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे।

वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे।

मनु ने पिछले साल भी पद्मश्री के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें यह अवॉर्ड नहीं मिला था। बताया जा रहा है कि तब खेल मंत्रालय ने पीआर श्रीजेश और पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का नाम इस अवॉर्ड के लिए रिकमेंड कर दिया था।विवाद होने पर मनू भाकर को खेल रत्न अवॉर्ड दिया गया है।

मनु भाकर ने कजाकिस्तान में चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है।

## एमबाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदला, रियाल मैड्रिड को दिलाई जीत




**मैड्रिड (एजेंसी)।** काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेज़बान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

## नवदीप सैनी की शानदार गेंदबाजी, ईस्ट दिल्ली राइडर्स प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नवदीप सैनी की शानदार गेंदबाजी के दम पर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को 21 रन से हराया और इस तरह से वह दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई। राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्पित राणा के 64 और कप्तान अनुज रावत के 59 रन की मदद से छह विकेट पर 172 रन बनाए। पुरानी दिल्ली 6 की ओर से देव लाकड़ा और आयुष सिंह ने दो-दो विकेट लिए। पुरानी दिल्ली 6 की टीम इसके जवाब में समर्थ सेठ (30 गेंदों पर 41 रन), प्रणव पंत (25 गेंदों पर 29 रन) और कप्तान वंश बेदी (26 गेंदों पर 48 रन) की शानदार पारियों के बावजूद आठ विकेट पर 151 रन ही बना पाई। नवदीप सैनी राइडर्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

## पाकिस्तान की हॉकी टीम एशिया कप के लिए भारत नहीं आएगी, एशियाई हॉकी महासंघ ने की पुष्टि




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की हॉकी टीम बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से शुरु होने वाले आगामी एशिया कप में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएगी। एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने मंगलवार को पुष्टि की है कि पाकिस्तान की हॉकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और एएचएफ दोनों को सूचित कर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसे भारत में टीम भेजना मुश्किल होगा। 29 अगस्त से सात सितंबर तक चलने वाली इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए पाकिस्तान की जगह बंगलादेश को चुना गया है। पाकिस्तान तीन बार एशिया कप हॉकी चैंपियन रहा है जिसने 1982 और 1989 के बीच खेले गए पहले तीन संस्करण जीते हैं। एशिया कप 2025 की चैंपियन टीम को नीदरलैंड और बेल्जियम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले 2026 एफआईएच हॉकी विश्वकप के लिए भी सीधा प्रवेश मिलेगा।

## डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की होने के बाद ब्रसेल्स में नहीं खेलेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है।



नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

उन्होंने इसके बाद जूनर में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था। कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा तोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे।

# गावस्कर ने एशिया कप के लिए अपनी भारतीय 11 चुनी, सैमसन को टीम में दी जगह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने एशिया कप 2025 के लिए अपनी भारतीय एकादश चुनते हुए कुछ साहसिक फैसले लिए। जहां तक शीर्ष क्रम की बात है, शुभमन गिल की वापसी ने चीजें काफी पेचीदा कर दी हैं। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाई थी, लेकिन ऐसा लग रहा है कि गिल की वापसी से प्रबंधन को यह साझेदारी तोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा। कुछ लोगों का मानना है कि गिल के शामिल होने से सैमसन बेंच पर ही बैठे रहेंगे। लेकिन, गावस्कर को ऐसा नहीं लगता।

गावस्कर ने कहा कि सैमसन और गिल एक ही एकादश में साथ-साथ रह सकते हैं, जिसमें सैमसन टीम में मध्य क्रम की भूमिका निभा सकते हैं। गावस्कर ने कहा, वह अभी भी निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल हो सकते हैं। वह पांचवें या छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्हें टीम से बाहर नहीं किया जाना चाहिए, आखिरकार वह विकेटकीपर हैं। संजू



एक बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, वह खुद को ढाल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, उन्हें निचले क्रम में बल्लेबाजी करने की आदत है, हमें उनके बारे में ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए, वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं।

गावस्कर ने कहा, आपकी पहली पसंद की एकादश और आपका बल्लेबाजी क्रम कई बातों पर निर्भर करेगा जैसे कि पिच कैसी है, विरोधी टीम कौन है, उनका गेंदबाजी आक्रमण कैसा है। दो पक्के विकल्प अभिषेक और शुभमन गिल होंगे, पंजाब के ये दोनों खिलाड़ी साथ में बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे, यही मेरी सलामी जोड़ी होगी। तीसरे और चौथे नंबर पर तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव होंगे।

गावस्कर ने कहा, स्कोर या आपकी जरूरत के हिसाब से आप हार्दिक पांड्या को थोड़ा आगे रख सकते हैं, या संजू सैमसन को बल्लेबाजी के लिए उतार सकते हैं, अक्षर पटेल जैसा कोई खिलाड़ी भी है जो आकर बल्लेबाजी कर सकता है, उसने बारबाडोस में हुए टी20 विश्व कप के फाइनल में कितनी अच्छी बल्लेबाजी की थी। यही सही रास्ता होगा। गेंदबाजी में गावस्कर को नहीं लगता कि हर्षित राणा एकादश में जगह बना पाएंगे, बल्कि वह जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की जोड़ी को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा, जहां तक गेंदबाजी की बात है, मैं गेंदबाजी की शुरुआत करने के लिए अर्शदीप के साथ-साथ बुमराह को भी रखूंगा, साथ ही ऑलराउंडर के रूप में अक्षर और हार्दिक पांड्या को रखूंगा, फिर कुलदीप और वरुण चक्रवर्ती। दुबे, जितेश, हर्षित और रिंकू सिंह, यह उनके लिए कठिन है, लेकिन यही है।

# सौरभ-सुरुचि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता ब्रॉन्ज मेडल

**एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप**




**कजाकिस्तान (एजेंसी)।** सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पांचवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया।

कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

### क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे

सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पांचवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए। हालांकि, दूसरी सीरीज में उनका स्कोर 94 रहा, लेकिन तीसरी सीरीज में उन्होंने 98 अंक बनाकर वापसी की। दूसरी ओर, सौरभ ने तीनों सीरीज में क्रमशः 95, 96 और 95 अंक बनाए। दोनों ने मिलकर क्वालिफिकेशन राउंड में 578 अंकों के साथ आठ टीमों के मेडल राउंड में जगह बनाई।

### सुरुचि ने इस साल 4 वर्ल्ड कप मेडल जीते

17 साल की सुरुचि इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल चार वर्ल्ड कप मेडल जीते हैं और इस चैंपियनशिप में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया

मेडल राउंड में सौरभ और सुरुचि ने चीनी ताइपे की लियू हेंग-यू और ह्सिएह ह्सियांग-चेन की जोड़ी को 17-9 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

# एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

**हरमनप्रीत को कमान सौंपी, पिछले साल पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जिताया था**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से आयोजित इस टूर्नामेंट के लिए टीम जारी की। पेरिस ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज जिताने वाले हरमनप्रीत सिंह को टीम की कमान सौंपी कई है।

कृष्णा बहादुर पाठक और सुरज केरकेटा को दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जिम्मेदारी सौपी गई है। श्रीजेश ने पिछले साल ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था।

सुमित, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को रक्षा पंक्ति में रखा गया है, जबकि मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक और दिलप्रीत जैसे नाम फरवर्ड लाइन में हें। मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद को मिडफील्डर्स में रखा गया है।

गोलकीपर्स - कृष्ण बहादुर पाठक, सुरज केरकेटा। डिफेंडर्स - सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह। मिडफील्डर्स- राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद। फॉरवर्ड - मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह। अल्टर्नेट ऑप्शन- नीलम संजीप, सेल्वम करथी।

भारतीय टीम का पहला मैच चीन से होगा। यह मुकाबला 29 अगस्त को खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम जापान और कजाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच खेलेगी। उसके बाद सुपर-4 राउंड के मैच खेले जाएंगे।

एक दिन पहले पाकिस्तान और ओमान ने बिहार के राजगीर में होने वाले इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया है। कजाकिस्तान की टीम चीन और जापान के साथ पूल ए में है।एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी, जो कि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

### एशिया कप का गौरवशाली इतिहास

एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है। इसके इतिहास में सबसे सफल टीम दक्षिण कोरिया रही है, जिसने पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है।



# सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं उद्यमी : जीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने तथा इच्छुक उद्यमियों को रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मदनपुर प्रखंड में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, नाबार्ड के प्रतिनिधिगण, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रबंधक, अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, जनप्रतिनिधिगण, व्यापार मंडल के सदस्य, बड़ी संख्या में उद्यमी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित आमजनों के स्वागत से हुई। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि इच्छुक उद्यमी स्वरोजगार हेतु उद्योग स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत विनिर्माण अथवा उत्पादन क्षेत्र के लिए अधिकतम पचास लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम बीस लाख रूपये तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। औरंगाबाद आकांक्षी जिला होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में इकाई स्थापित करने पर पैंतीस प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में पच्चीस प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान किया जाता है। कुल परियोजना लागत का पांच से दस प्रतिशत तक अंशदान उद्यमी द्वारा किया जाना आवश्यक है। यह योजना नई इकाई की स्थापना के लिए ही मान्य है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए ऋण का प्रावधान किया गया है तथा इस योजना में पूंजीगत व्यय पर पैंतीस प्रतिशत, अधिकतम दस लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। इस योजना का लाभ नए और पहले से संचालित उद्योग दोनों ही प्राप्त कर सकते हैं। महाप्रबंधक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और उद्यमियों से अपील की कि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो, मुखिया अथवा वार्ड सदस्य द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मोबाइल नंबर जो आधार से लिंक हो तथा बैंक का विवरण जिला उद्योग केन्द्र में उपलब्ध कराएं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, बिजली बिल अथवा जमीन की रसीद अथवा निवास प्रमाण पत्र एवं बैंक का विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों द्वारा इन योजनाओं का लाभ उठाकर उद्योग स्थापित करने से रोजगार सृजन होगा तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। योजनाओं के सफल कार्यान्वयन से न केवल स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा बल्कि राज्य एवं देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

## विधि विरुद्ध किशोर को देव सूर्य मंदिर में करनी होगी सामुदायिक सेवा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद ने एक मामले की सुनवाई में विधि विरुद्ध किशोर को 15 दिनों तक सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। बोर्ड के प्रधान न्यायाधीश सह एसडीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने जी.आर. संख्या 917/22 एवं जे.जे.बी. वाद संख्या 420/25 पर निर्णय सुनाते हुए यह आदेश पारित किया। किशोर को देव स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर परिसर में सामुदायिक सेवा करनी होगी। आदेश की प्रति मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सचिव को भेजी गई है। समिति को निर्देश दिया गया है कि किशोर का नाम और पता उजागर न किया जाए। इसके साथ ही समिति को यह भी कहा गया है कि सेवा अवधि के दौरान किशोर के आचरण और व्यवहार से संबंधित प्रतिवेदन किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद में प्रस्तुत किया जाए।

# पिछड़ेपन की मार झेल रहा बिहार : इं. संजय कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** गोह विधानसभा क्षेत्र के हसपुरा प्रखंड स्थित सीएम रिसोर्ट में जन सुराज पार्टी की ओर से बिहार बदलाव सभा का आयोजन किया गया। सभा का नेतृत्व करते हुए भावी प्रत्याशी ई. संजय प्रसाद कुशवाहा ने विकास का ब्लूप्रिंट प्रस्तुत करने के साथ सरकार पर जोरदार प्रहार भी किया। लैपटॉप व प्रेजेंटेशन के जरिए उन्होंने विकास के डायग्राम को भी विस्तार से समझाया। ई. संजय प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता प्रशांत किशोर नई सोच के साथ बिहार गढ़ने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। अब बिहार बदलाव चाहता है। जाति-पाति की राजनीति से ऊपर उठकर जनता अब विकास चाहती है। जन सुराज पार्टी नई सोच के साथ नया बिहार गढ़ने के लिए संकल्पित है। अब बिहार भी बदलेगा और गोह क्षेत्र भी चमकेगा। जन सुराज पार्टी की सरकार बनी



तो पलायन, बेरोजगारी से जनता को मुक्ति मिलेगी। बुजुर्गों को दो हजार रुपए पेंशन, महिलाओं को सस्ता ऋण, युवाओं को रोजगार हर हाल में मिलेगा। उन्होंने कहा कि 35 वर्षों से बिहार की जनता ठगी जा रही है। बिहार पिछड़ेपन की मार झेल रहा है। सालों से बिहारियों को केवल बेवकूफ बनाने का कार्य किया जा रहा है। ई. संजय ने अपने चुनावी चिन्ह स्कूली बस्ता की इशारा करते हुए कहा कि विकास का रास्ता इसी से खुलेगा। गोह का विकास पहले भी हो सकता था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मैंने सोच लिया है गोह में अब हर सुविधाएं होंगी। युवाओं को अच्छी शिक्षा और खेल संबंधित हर सुविधाएं मिलेंगी। सभा में राम नरेश सिंह, चुनाव प्रभारी रामाधार सिंह, अनुमंडल किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष धर्मदेव यादव, गोह प्रखंड प्रभारी मुन्ना कुमार, लक्ष्मण सिंह, राज कुमार राम एवं सुरेश मेहता आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय में तोड़-फोड़ के दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ रही 11 वर्षीय छात्रा की मौत के बाद विद्यायल में तोड़-फोड़ को लेकर कुछ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। बुधवार को दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के बंगरे निवासी उमाकांत वर्मा एवं चकपर (नीमा आज़न) निवासी रोहित राज के रूप में की गई है। दरअसल, 18 अगस्त को छात्रा की अचानक तबियत खराब होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर ले जाया गया था जहां इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंचे आक्रोशित परिजनों एवं स्वजनों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में तोड़-फोड़ किया जिसमें इन दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मदनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि गया जिले के डुमरिया थाना के खरदाग गांव निवासी शिवकुमार भुइयां की 11 वर्षीया पुत्री नेहा कुमारी की सोमवार की शाम अचानक तबीयत खराब हो गई थी और इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों द्वारा उस घटना का विरोध कर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में तोड़-फोड़ करते हुए रोड जाम किया गया जिसमें विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

# सर्वे फॉर्म से वंचित मतदाता नहीं करें चिंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया के संदर्भ में गोह प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन द्वारा जन संवाद स्थापित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र (हाउस टू हाउस सर्वे फॉर्म) अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है उन्हें किसी प्रकार की अनावश्यक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार



01 अगस्त से 01 सितंबर तक दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने हेतु विशेष अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने, अपात्र नाम विलोपित करने, प्रविष्टियों में संशोधन अथवा आपत्ति दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे सभी निर्वाचकों की सूची, जिनका नाम वर्ष 2025 की निर्वाचक सूची (प्रारूप प्रकाशन से पूर्व) में सम्मिलित था, किंतु 01 अगस्त को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, मतदान केन्द्रवार तैयार कर कारण सहित प्रदर्शित कर दी गई है। इस सूची में मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा दोहरी प्रविष्टि जैसे कारण स्पष्ट रूप से अंकित किए गए हैं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुगम हो सके। अंत में उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित अवधि में दावे एवं आपत्तियां अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं तथा निर्वाचक सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।

## डीएम-एसपी ने लिया वेयर हाउस की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में वेयर हाउस की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं वेयर हाउस में लगे हुए सीसीटीवी व अग्निशमन यंत्रों की क्रियाशीलता की जांच की। इसी क्रम में आज किए गए निरीक्षण के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं सचिव भी उपस्थित थे।

# जनता दरबार लगा डीएम ने सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 12 परिवादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से अतिक्रमण हटाने, दाखिल-खारिज, अनुकंपा बहाली, आशा बहाली की मेधा सूची में गड़बड़ी, भूमि विवाद, नाली एवं गली निर्माण तथा नल-जल योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही जैसी जनहित की समस्याएं प्रमुख रहीं। जनता दरबार में मदनपुर प्रखंड में एरकी कला गांव निवासी बनारसी यादव द्वारा अतिक्रमण हटाने से संबंधित मामला प्रस्तुत किया गया। सदर प्रखंड के फ़ेसर पंचायत अंतर्गत देवरिया निवासी ललिता देवी ने दाखिल-खारिज नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई।



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोजा बिगहा निवासी नवीन कुमार ने अनुकंपा बहाली से संबंधित मुद्दा उठाया। बारूण थाना क्षेत्र के गोठाली गांव निवासी रिंकी कुमारी ने आशा कार्यकर्ता की बहाली से जुड़ी समस्या बताई। वहीं, नासरीगंज के मेदनीपुर निवासी राजू प्रसाद ने मेधा सूची में इंटर के प्राप्तांक प्रतिशत गलत अंकित होने की शिकायत प्रस्तुत की। अन्य परिवादियों ने भी अपने-अपने स्तर की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिन पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पंचायत की मांग को लेकर मंत्री का सौंपा ज्ञापन

**अंबा(नबिटा संवाददाता)।** अंबा को नगर पंचायत का दर्ज़ा दिलाने की मांग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बुधवार को नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री जीवेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि मंत्री जीवेश कुमार औरंगाबाद जिला अंतर्गत सभी नगर निकायों में चल रहे योजनाओं एवं पूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने सम्राट अशोक भवन औरंगाबाद पहुंचे थे। जहां मंडल अध्यक्ष ने उनसे मुलाकात कर बताया कि अंबा नगर पंचायत होने की सभी अर्हताओं को पूरा करता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुटुंबा ने भी प्रस्तावित नगर पंचायत का नक्शा बनाकर जिलाधिकारी को भेज दिया है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जल्द ही उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा।

# एपीपी आशा कुमारी की प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ की वरीय महिला अधिवक्ता और एपीपी रह चुकीं आशा कुमारी की तृतीय पुण्यतिथि पर बुधवार को उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम चित्रगुप्त नगर वार्ड 19 स्थित वरीय अधिवक्ता रामप्रवेश ठाकुर के आवास पर आयोजित हुआ। प्रतिमा का अनावरण व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार वन ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला जज तृतीय अशोक कुमार गुप्ता, जिला जज चतुर्थ आनंद भूषण तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान उपस्थित थे। सभी ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता रामप्रवेश ठाकुर ने आशा कुमारी के व्यक्तित्व और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व जिला विधिज्ञ संघ परिसर में भी अधिवक्ताओं ने उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव नागेंद्र सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह, वरीय अधिवक्ता कमला प्रसाद, इंद्रदेव यादव, प्रदीप कुमार, नृपेश्वर नारायण सिंह देव, नीरज कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल कुमार, अवधेश पासवान, दिलीप कुमार सिंह सहित अनेक अधिवक्ता व समाजसेवी मौजूद रहे।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के नरचाही गांव में सर्पदंश से बच्चन कुमार यादव की पत्नी सरिता देवी की मौत हो गई। बताया गया कि मंगलवार को पूरा परिवार सो रहा था। इसी दौरान महिला को सांप ने डस लिया। दर्द होने पर महिला की नींद खुली तो देखा सांप है। परिजन ने सांप को एक डब्बे में बंद कर महिला को लेकर रेफरल अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों को सांप दिखाया। डॉक्टर ने तुरंत एंटी वेनम डोज दिया। स्थिति बिगड़ी तो औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल में मृत घोषित होने के बाद परिजन महिला को मंदिर ले गए जहां घंटों झाड़-फूंक चलता रहा। थक हारकर परिजन शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

# डेमोस्ट्रेशन वैन से मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मोबाइल ईवीएम डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से कार्यक्रम संचालित किया गया। यह कार्यक्रम जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया जा रहा है,ताकि मतदान प्रक्रिया संबंधी भ्रांतियों का निवारण हो सके तथा सभी मतदाता निर्भीक एवं आत्मविश्वासपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस पहल के अंतर्गत विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाता, महिला मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर मतदान प्रक्रिया संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। सामान्यतः तकनीकी जानकारी के अभाव में मतदाता मतदान केन्द्र पर संकोच का अनुभव करते हैं, किंतु मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से उन्हें पूर्व में ही प्रायोगिक जानकारी प्रदान की जा रही है। इससे निर्वाचन दिवस पर वे पूर्णतः निःसंकोच एवं निर्भीक होकर मतदान कर सकेंगे। इस वैन में मास्टर प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो ईवीएम के बटन दबाने से लेकर वीवीपैट स्लिप प्रदर्शित होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन कर रहे हैं तथा मौके पर उपस्थित नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले में प्रत्येक मतदान भवन पर मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

## डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 26 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सत्र 2025-2027 में नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि परीक्षा 26 अगस्त से राज्य के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के माध्यम संचालित होगी। परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र का नाम, परीक्षा की तारीख, परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय, प्रवेश द्वार बंद होने का समय, परीक्षा का समय और अन्य आवश्यक निर्देश दिए होंगे। परीक्षार्थी सभी विवरणों को ध्यान से चेक करें और गलती होने पर इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# हॉकी के प्रति जोश जगाने औरंगाबाद पहुंची एशिया कप की ट्रॉफी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मेंस हॉकी हीरो एशिया कप-2025 की ट्रॉफी गौरव यात्रा का औरंगाबाद आगमन हुआ। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ट्रॉफी का भव्य स्वागत किया गया। ट्रॉफी के आगमन पर समाहरणालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम के दौरान ट्रॉफी के साथ आए विशिष्ट दल तथा जिले के खिलाड़ियों ने हॉकी स्टिक से बॉल पास कर खेल भावना और टीम वर्क का परिचय दिया। जिले के अनेक खेल प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने भी इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर अपनी सहभागिता दर्ज की। गौरतलब है कि खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में मेंस हॉकी हीरो एशिया कप-2025 का




आयोजन 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक राज्य खेल अकादमी, राजगीर (नालंदा) में किया जा रहा है। इस आयोजन में एशिया की प्रमुख टीमें भाग लेंगी। खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं युवाओं को खेल की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सभी 38 जिलों में ट्रॉफी गौरव यात्रा आयोजित की जा रही है। औरंगाबाद जिले में ट्रॉफी आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं एवं खेल संघों के प्रतिनिधियों ने ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाकर इस गौरवपूर्ण अवसर को यादगार बनाया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी सहित जिले के अनेक अधिकारी, कर्मचारी, खेल संघों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। अंत में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है और यह गर्व की बात है कि बिहार मेंस हॉकी हीरो एशिया कप-2025 जैसे अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रॉफी गौरव यात्रा से जिले के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा, वे खेल के प्रति अधिक प्रेरित होंगे और औरंगाबाद के खिलाड़ी भी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

## जख्मी किशोर की मौत, चार नामजद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में ज़ख्मी 15 वर्षीय किशोर की बुधवार को सदर अस्पताल में मौत हो गई। घटना औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर स्थित श्री सीमेंट प्लांट के समीप की है। मृतक की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के बतवां गांव निवासी अजय यादव के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। वैसे, परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी गई। सूचना के आलोक में अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों से जरूरी पूछताछ कर पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया। इधर घटना की सूचना पर सदर विधायक आनंद शंकर सिंह, राजद नेता सह उप प्रमुख बादशाह यादव सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह काफ़ी दुखद घटना है। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में चार लोगों के नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।